

किसी महिला को गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता : सुप्रीम कोर्ट - 12



मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा - 12



अमेरिका ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान को छोड़ने की दी चेतावनी -13



ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार- 14


आज का मौसम
23.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.50
सूर्यास्त 05.56

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| अयोध्या |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

फाल्गुन कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:54 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

शनिवार, 7 फरवरी 2026, वर्ष 4, अंक 174, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


## एसआईआर की समय सीमा बढ़ी, 10 अप्रैल को प्रकाशित होगी अंतिम सूची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यूपी में मतदाता सूची के एसआईआर अभियान को लेकर चुनाव आयोग ने दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की समय सीमा बढ़ा दी है।

अभी तक यह सीमा छह फरवरी थी, अब यह समय सीमा छह मार्च तक रहेगी। इसके अलावा, मैपिंग से जुड़े सभी नोटिसों की प्रक्रिया अब 27 फरवरी की बजाय 27 मार्च तक पूरी की जाएगी । अंतिम मतदाता सूची अब 10 अप्रैल को प्रकाशित की जाएगी।

लोकभवन में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि फार्म-6 के आवेदन लगातार बढ़ रहे हैं। मैपिंग को लेकर भी बड़ी संख्या में नोटिस भेजे गए हैं। राजनीतिक दलों ने समय बढ़ाने की मांग की थी।

- दावे और आपत्तियां 6 मार्च तक मैपिंग नोटिस 27 मार्च तक



### 3.26 करोड़ को नोटिस जारी किया गया

मैपिंग (गणना फार्म) के दौरान लगभग एक करोड़ 4 लाख लोगों में तार्किक विसंगतियां पाई गईं, इसलिए उन्हें सूची में शामिल नहीं किया गया। इन सभी को नोटिस भेजा जा रहा है। इन विसंगतियों में पिता के नाम में अंतर या पिता-पुत्र की उम्र में 15 साल से कम अंतर शामिल है। अब तक कुल 3.26 करोड़ लोगों को नोटिस भेजा गया है। 2.37 करोड़ नोटिस जनरेट हो चुके हैं।



इंग्लैंड को रिकॉर्ड छठी बार फाइनल में हराकर आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी।

## भारत ने इंग्लैंड को हराकर छठवीं बार अंडर-19 विश्व कप जीता

**हरारे।** युवा विस्फोटक बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी के 175 रन की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता। भारत ने इससे पहले 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। यह टूर्नामेंट के इतिहास में भारत के दबदबे को दिखाता है। चौदह वर्षीय सूर्यवंशी ने सिर्फ 80 गेंद में शानदार 175 रन बनाए। उन्होंने अंडर-19 क्रिकेट इतिहास में सबसे तेज 150 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया और यह मुकाम 71 गेंदों में हासिल किया। इससे भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 40.2 ओवर में 311 रन पर ऑल आउट हो गया।

- वैभव सूर्यवंशी ने खेली तूफानी पारी

### ब्रीफ न्यूज

#### दिल्ली हवाई अड्डे पर 13 करोड़ का मादक पदार्थ जब्त, महिला गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआई) पर सीमा शुल्क भाग के अधिकारियों ने बैंकॉक से आई एक भारतीय महिला यात्री से करीब 12.93 करोड़ रुपये मूल्य का कथित मादक पदार्थ जब्त किया। महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। दो ट्रॉली बैग की जांच करने पर उनमें कुल 13 पॉलीथीन के पैकेट मिले, जिनमें गांजा है। जब्त किए गए पदार्थ का कुल वजन 12.92 किलोग्राम है और शुरुआती जांच के मुताबिक यह गांजा है।

#### कोयला खदान विस्फोट के बाद 7 और शव मिले मृतकों की संख्या 25 हुई

**शिलांग।** मेघालय के ईस्ट जयंतिया हिल्स में एक अवैध कोयला खदान में हुए विस्फोट की घटना में शुक्रवार को सात और शवों की बरामदगी के बाद मरने वालों की संख्या बढ़कर 25 हो गई। यह विस्फोट गुरुवार को थांगस्कू इलाके में स्थित अवैध कोयला खदान में हुआ था, जिसके बाद प्रशासन ने व्यापक स्तर पर खोज एवं बचाव अभियान शुरू किया। गुरुवार को 18 शव बरामद किए गए थे। नोंगरंग ने बताया, शुक्रवार को सात और शव बरामद किए गए हैं जिससे मृतकों की कुल संख्या 25 हो गई है। इनमें से 12 शवों की पहचान हो चुकी है।

#### सीबीआई ने सीमा शुल्क के तीन अधिकारियों पर दर्ज किया मामला

**आइजोल।** सीबीआई ने मिजोरम में पूर्व में तैनात रहे सीमा शुल्क विभाग के तीन अधिकारियों के खिलाफ तस्करों से 35 लाख रुपये से अधिक की रिश्वत लेने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की। एक सेवानिवृत्त अधीक्षक और दो निरीक्षकों समेत तीनों आरोपियों ने रिश्वत लेने के बाद तस्करों के जब्त माल को कथित तौर पर छोड़ दिया। गुवाहाटी स्थित सीजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त की औपचारिक शिकायत के बाद तीन फरवरी को आधिकारिक तौर पर मामला दर्ज किया गया। उन्होंने 2022-2023 के दौरान पूर्वी मिजोरम में भारत-म्यांमा सीमा पर एक महत्वपूर्ण पारगमन बिंदू- चम्फाई शहर में सीपीएफ में सेवा करते हुए अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग किया।

# रेपो रेट 5.25% पर बरकरार, डिजिटल फ्रॉड पर मिलेगा 25,000 का मुआवजा

### आरबीआई ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में लिया फैसला, ग्रोथ अनुमान 7.4% किया

मुंबई, एजेंसी

आरबीआई ने शुक्रवार को उम्मीद के मुताबिक रेपो रेट को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। महंगाई में नरमी, वृद्धि को लेकर चिंता दूर होने के साथ बजट में सरकारी खर्च में वृद्धि तथा अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बनी सहमति के बाद शुल्क को लेकर दबाव कम होने के बीच नीतिगत दर को यथावत रखने की उम्मीद की जा रही थी। वहीं, छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा की घोषणा की।

केंद्रीय बैंक की छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर कायम रखने का निर्णय लिया। इसके साथ आरबीआई ने अपने तटस्थ रुख को बरकरार रखा, जिसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी के फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि बाहरी चुनौतियां बढ़ गई हैं, लेकिन अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का सफल समापन अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत है। आरबीआई ने फरवरी, 2025 से रेपो दर में अब तक कुल 1.25 प्रतिशत की कटौती की है। यह 2019 के बाद से सबसे आक्रामक कटौती है। दिसंबर में हुई पिछली बैठक में आरबीआई ने प्रमुख ब्याज दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती की थी। चालू वित्त वर्ष में मुद्रास्फीति औसतन 2.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो केंद्रीय बैंक के चार प्रतिशत के लक्ष्य से कम है। मार्च में समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि दर 7.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

गवर्नर मल्होत्रा ने छोटे-मोटे धोखाधड़ी वाले लेन-देन में हुए नुकसान के लिए ग्राहकों को 25,000 रुपये तक की क्षतिपूर्ति को लेकर नई रूपरेखा लाने की घोषणा की। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष के लिए अंतिम द्विमासिक नीति की घोषणा करते हुए कहा, हम डिजिटल भुगतान की सुरक्षा बढ़ाने के लिए संभावित उपायों पर एक परिचर्चा पत्र भी प्रकाशित करेंगे। इन उपायों में विलंब से क्रेडिट और वरिष्ठ नागरिकों जैसे विशिष्ट वर्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण शामिल हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि ग्राहकों के हितों की सुरक्षा के लिए, आरबीआई तीन दिशानिर्देश का मसौदा जारी करेगा। पहला, गलत बिक्री से संबंधित, दूसरा, अनधिकृत तरीके से इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेन-देन में ग्राहकों की देनदारी को सीमित करने और तीसरा कर्ज वसूली तथा वसूली एजेंट को जोड़ने के संबंध में होगा।

- महंगाई में नरमी और अमेरिका से व्यापार समझौते पर बनी सहमति के कारण नहीं बदले रेपो रेट



#### 1,000 करोड़ से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी को अनिवार्य पंजीकरण से छूट

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसके लिए एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन नहीं लगा होना चाहिए। उन्होंने इसके पीछे इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया।

विस्तृत कारोबार पर

#### गोल्ड लोन में उच्च वृद्धि के बावजूद चिंता की कोई बात नहीं : मल्होत्रा

**मुंबई।** सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव के बीच आरबीआई ने कहा कि वह वित्तीय प्रणाली में कीमती धातु के बदले दिए जाने वाले कर्ज (स्वर्ण ऋण) को लेकर पूरी तरह सहज है और इसे लेकर कोई चिंता नहीं है। स्वर्ण ऋण को लेकर हम बहुत सहज हैं। नवंबर 2025 तक के दो वर्षों में पूरी वित्तीय प्रणाली में कुल स्वर्ण ऋण बकाया लगभग दोगुना हो गया है, क्योंकि सोने की कीमतों में उछाल ने ऋणदाताओं को अधिक सहज बना दिया है।

## परीक्षा बोझ नहीं, अंकों के बजाय बेहतर जीवन पर ध्यान दें : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आने वाली बोर्ड परीक्षाओं से पहले शुक्रवार को स्कूली छात्र-छात्राओं को अनेक मंत्र देते हुए कहा कि अपने जीवन एवं शैक्षणिक कौशल को निखारने पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षा को बोझ नहीं समझें और केवल अंकों पर नहीं, बल्कि जीवन बेहतर करने पर ध्यान नहीं दें। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि परीक्षाएं उत्सव की तरह होती हैं और इनकी खुशी मनाई जानी चाहिए।

प्रधानमंत्री ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों से कहा कि शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए और सभी को पूरी लगन से पढ़ना चाहिए क्योंकि आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई जीवन को सफल नहीं बनाती। उन्होंने यहां अपने आवास पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए विद्यार्थियों के एक समूह से कहा, शिक्षा मजबूरी नहीं होनी चाहिए। शिक्षा बोझ नहीं होनी चाहिए। हमारी पूरी तल्लीनता चाहिए। अगर पूरी तल्लीनता से पढ़ाई नहीं की है, तो फिर आधी-अधूरी शिक्षा, जीवन को कहीं सफल नहीं बनाने देती। प्रधानमंत्री ने कहा, अंकों पर ध्यान देने के बजाय सभी को इस पर ध्यान देना चाहिए कि वे जीवन में कहां पहुंचे हैं। आपके माता-पिता, शिक्षक या साथी क्या कहते हैं, इससे फर्क नहीं पड़ता, खुद पर भरोसा रखिए और अपने सामने आने वाले सभी सुझावों पर विचार करते हुए अपने हिसाब से चलिए। मोदी ने बच्चों से कहा, हमारा लक्ष्य ऐसा होना चाहिए जो पहुंच के भीतर हो लेकिन आसानी से प्राप्त होने वाला न हो। पहले मन को साधो, फिर मन को जोड़ो और फिर जिन विषयों की पढ़ाई करनी है, उन्हें सामने रखो। तब आप हमेशा सफल होंगे। वर्ष 2023 में 38.8 लाख बच्चों ने परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पंजीकरण कराया था, जो नौवें संस्करण में 4.5 करोड़ से अधिक हो गया है।

- प्रधानमंत्री मोदी ने परीक्षा पे चर्चा 2026 के नौवें संस्करण में छात्रों को किया संबोधित
- कहा- पूरी लगन से पढ़ाई करें, आधे-अधूरे मन से की गई पढ़ाई सफल नहीं बनाती



छात्र से संवाद करते प्रधानमंत्री मोदी।

#### मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद न करें : मोदी

मोदी ने छात्रों को मनोरंजन के लिए गेम खेलने में समय बर्बाद नहीं करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, आपकी गेमिंग में रुचि है लेकिन भारत में डेटा सस्ता है तो सिर्फ समय काटने के लिए इसमें लिप्त मत होइए। जो लोग पैसे कमाने के लिए गेमिंग में लिप्त होते हैं, उनका ही नुकसान होता है। हमें देश में जुए को बढ़ावा नहीं देना है। मैंने ऑनलाइन जुए के खिलाफ कानून बनाया है।

## पाकिस्तान में मस्जिद में आत्मघाती विस्फोट, 31 की मौत, 169 घायल

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक आत्मघाती हमलावर द्वारा खुद को विस्फोट में उड़ा लेने से 31 लोग मारे गए और 169 लोग घायल हो गए।

विस्फोट इस्लामाबाद के तरलाई इलाके में स्थित खदीजातुल कुबरा मस्जिद-सह-इमामबाड़ा में हुआ। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आत्मघाती हमलावर को इमामबाड़ा के द्वार पर रोक लिया गया था, लेकिन उसने खुद को विस्फोट में उड़ा लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हमलावर एक विदेशी नागरिक था और उसके संबंध 'फितना अल ख्वाराजी' से थे। यह शब्द टीटीपी के लिए इस्तेमाल किया जाता है। बचाव टीम और पुलिस हमले वाली जगह पर पहुंची और बचाव अभियान शुरू किया।



- जुमे की नमाज के दौरान शिया मस्जिद में हुआ भीषण ब्लास्ट

## पंजाब में गुरुद्वारे के बाहर आप नेता की गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर में मॉडल टाउन स्थित एक गुरुद्वारे के बाहर अज्ञात हमलावरों ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता लक्की ओबेरॉय की शुक्रवार को गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई जब 43 वर्षीय ओबेरॉय अपनी एसयूवी में गुरुद्वारे से निकल रहे थे।

सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि जब ओबेरॉय गुरुद्वारे से बाहर आए और अपनी गाड़ी में बैठे तो काले रंग की 'हुडी जैकेट' पहने एक हमलावर पैदल ही उनके पास आया और अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी और अपने साथी के साथ भाग गया । गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने हमले की जिम्मेदारी ली है।

- सिर-सीने में गोलियां मारीं गैंगस्टर जोगा फोलड़ीवाल ने ली जिम्मेदारी

## 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक समेत कई पर रिपोर्ट

**लखनऊ।** जाति विशेष (ब्राह्मण) को निशाना बनाते हुए बनाई गई वेब सीरिज 'घूसखोर पंडत' के निर्देशक नीरज पांडेय व उसमें शामिल सभी लोगों के खिलाफ हजरतगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। इंस्पेक्टर हजरतगंज की तहरीर पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

इस वेब सीरीज में जाति विशेष को निशाना बनाया गया है। जिसका टीजर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वहीं इसके खिलाफ लोगों में गुस्सा फूट पड़ा। लोग जगह-जगह धरना प्रदर्शन करने की तैयारी में जुट गए। जानकारी होते ही इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह ने खुद ही वादी बनकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। नेटफ्लिक्स पर वेब सीरीज घूसखोर पंडत सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मुख्यमंत्री योगी ने फिल्म के निर्देशक व उसके सहयोगियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया। जान लें, एक्टर मनोज बाजपेयी अभिनीत ओटीटी फिल्म घूसखोर पंडत एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है। विवाद के बाद प्रमोशनल सामग्री हटा ली गई है।

- नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई फिल्म में जाति विशेष को बनाया निशाना
- मुख्यमंत्री के निर्देश पर हुई कार्रवाई आरोपियों की तलाश शुरू

#### शीर्षक हटाने के निर्देश

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के अनुरोध पर भारत सरकार द्वारा ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज को प्रस्तावित फिल्म 'घूसखोर पंडत' के शीर्षक को हटाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही सामाजिक वैमनस्य फैलाने वाली किसी भी टिप्पणी से बचने के लिए कहा है। फिल्म के शीर्षक को लेकर कई संगठनों ने भी विरोध जताया था।

## सीसीटीवी कर रहे राममंदिर की सुरक्षा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** राम मंदिर की सुरक्षा को बढ़ाए जाने की कवायत तेज हो गई है। मंदिर निर्माण का कार्य संपन्न होने के बाद पूरे परिसर की सुरक्षा को भी हुए सिरे से बढ़ाए जाने की तैयारी है। जिसमें 70 एकड़ परिसर चारों तरफ निर्माणाधीन दीवार पर 28 वॉच टावर बनाए जा रहे है। इसके अलावा 1000 सीसीटीवी कैमरे, अन्य आधुनिक उपकरणों से मंदिर की सुरक्षा की निगरानी कर रहे हैं।

राम जन्मभूमि परिसर में श्रद्धालुओं को राम मंदिर के साथ अन्य मंदिरों व स्थानों तक जाने की अनुमति देने की पहल शुरू हो गई है। इसके पूर्व परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को भी न्याय सिरे से तैयार किए जाने पर मंथन हो रहा है। इसी के तहत आधुनिक सुरक्षायुक्त बाउंड्री वॉल के निर्माण का कार्य भी किया जा रहा हैं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय ने शुक्रवार को बताया कि यहां के सुरक्षा प्लान में ऑटोमेटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरा, फेस रिकग्निशन कैमरा व पोर्टल जूमिंग कैमरा एवं भीड़ के दौरान चेहरों के पहचान करने वाले मूवेबल कैमरे के साथ अन्य अत्याधुनिक कैमरे व सुरक्षा उपकरणों को यहां लगाने का प्रस्ताव तैयार शासन को भेजा गया है। जिसे श्रीराम जन्मभूमि परिसर रेड जोन के अवशेष हिस्सों, यलो जोन व ग्रीन जोन में भी चिह्नित स्थानों पर लगाएं जाएंगे।

रामजन्मभूमि परिसर में एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने कहा कि राम मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए एसएसएफ, सीआरपीएफ, पीएसी, पुलिस के अलावा एटीएस के कमांडो भी लगाए गए है। पूरे परिसर में 1000 से अधिक सीसीटीवी एक्टिव है। चारों ओर आधुनिक सुरक्षा के उपकरण लगाए गए है।



- चारों तरफ निर्माणाधीन दीवार पर बनाए जा रहे 28 वॉच टावर

समारोह | हरिद्वार में स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि की मूर्ति स्थापना समारोह में बोले मुख्यमंत्री

## रामभक्तों का अपमान विरासत का अपमान : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/हरिद्वार

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामभक्तों का अपमान केवल किसी एक समुदाय का नहीं, बल्कि भारत की सनातन विरासत और आध्यात्मिक मूल्यों का अपमान है। यूपी में एक दौर ऐसा था, जब विरासत को कोसा जाता था।

आस्था को लांछित किया जाता था और रामभक्तों पर गोलियां चलाई जाती थीं। इसका दुष्परिणाम प्रदेश अराजकता, लूट और दंगों का केंद्र बन गया। गुंडागर्दी चरम पर थी, न बेटियां सुरक्षित थीं और न व्यापारी। लेकिन भाजपा सरकार आते ही दंगा-दंगाई दोनों गायब हैं। योगी शुक्रवार को हरिद्वार में आयोजित स्वामी सत्यमित्रानंद गिरि जी महाराज की श्री विग्रह मूर्ति स्थापना समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज यूपी में न अराजकता है, न फसाद और न ही गुंडागर्दी। न दंगा है, न कर्फ्यू यूपी में अब सब चंगा है। दंगा और दंगाई दोनों गायब हो गए हैं, कर्फ्यू अब दंगाइयों पर लगता है। यह परिवर्तन स्पष्ट नीति, साफ नीयत और बिना भेदभाव के सख्त कार्रवाई का परिणाम है। उन्होंने कहा कि क्या किसी ने कल्पना की थी कि 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण होगा, लेकिन आज यह सपना साकार हो चुका है। अयोध्या, काशी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, हरिद्वार, बदरीनाथ और केदारनाथ जैसे आस्था केंद्र अब केवल धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चेतना के केंद्र बन गए हैं। भारत इन्हीं आस्था स्थलों से शक्ति प्राप्त करता है और जब इन्हें सम्मान व संरक्षण मिला, तो उसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए। समारोह को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर, उत्तराखंड के सीएम धामी और निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर विशोकानंद भारती जी महाराज ने भी संबोधित किया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक सहित बड़ी संख्या में संत समाज और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



#### न जाति का भेद और न धर्म का अंतर

योगी ने कहा कि उत्तराखंड के चार धाम भारत की चेतना के आधार हैं। जब हम लोग बचपन में हरिद्वार आते थे, तो सबके मन में यह भाव रहता था कि हरि की पैड़ी में स्नान करना है और भारत माता मंदिर के दर्शन भी करने हैं। यहां न जाति भेद था और न धर्म का कोई अंतर। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि ऋषि परंपरा की तपस्या से निर्मित राष्ट्र है।

#### संत बोले- शेर हैं मुख्यमंत्री योगी

संत समाज ने मुख्यमंत्री को 'उत्तर प्रदेश का शेर' बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में यूपी में रामराज्य जैसा वातावरण है। जूना पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसे नेताओं के नेतृत्व में भारत पुन: अपने वैभव को प्राप्त करेगा।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार, 7 फरवरी 2026

प्रदेश

## न्यूज ब्रीफ

### पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस विभाग में पांच वरिष्ठ आईपीएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। भ्रष्टाचार निवारण संगठन के डीआईजी अखिलेश कुमार चौरसिया को डीआईजी स्थापना बनाया गया है। इसी तरह एसटीएफ के एसएसपी से प्रोन्नत होने पर घुले सुशील चन्द्रभान को एसटीएफ में ही डीआईजी पद पर तैनाती दी गई है। गौतमबुद्धनगर के डीसीपी यमुना प्रसाद को प्रोन्नति के बाद एसटीएफ का डीआईजी बनाया गया है। डीजीपी मुख्यालय में तैनात हेमराज मीना को प्रोन्नति के बाद डीआईजी यूपी एसआईएफएस के पद पर तैनाती दी गई है। इसके अलावा 44 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ के सेनानायक रहे संचिन्द्र पटेल को प्रोन्नत के बाद भ्रष्टाचार निवारण संगठन का डीआईजी बनाया गया है।

### दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0 शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में प्रदेश के सभी 75 जिलों में "दिव्यांगजन रोजगार अभियान 2.0" का शुभारंभ हो गया है। यह विशेष अभियान 6 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को केवल रोजगार से जोड़ना ही नहीं, बल्कि उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारकर उन्हें प्रदेश की आर्थिक प्रगति में सहभागी बनाना है। कौशल विकास मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में शुक्रवार को संपन्न वर्चुअल बैठक में प्रदेश के सभी जिलों के दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी, उपायुक्त (एमएसएमई) एवं जिला सेवायोजन अधिकारी शामिल हुए। मिशन निदेशक ने निर्देश दिए कि सभी प्रशिक्षित दिव्यांग युवाओं की अद्यतन सूची तैयार कर उन्हें विभिन्न रोजगार अवसरों से जोड़ा जाए। साथ ही कहा कि पूर्व में 'दिव्यांगजन रोजगार अभियान' के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर चुके 720 दिव्यांगजनों से फीडबैक लिया जाए।

### 2.39 लाख अल्पसंख्यक छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार ने समावेशी विकास और सामाजिक न्याय की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के तहत प्रदेश के अल्पसंख्यक समुदाय के 2.39 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई है। इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग 71.35 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की जा चुकी है। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत कक्षा 9 और 10 में पढ़ने वाले 1,09,084 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया, जिसके लिए लगभग 32.19 करोड़ रुपये वितरित किए गए। वहीं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत 11वीं–12वीं सहित तकनीकी और व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रहे 1,30,265 विद्यार्थियों को करीब 39.16 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति दी गई।

### अमेरिका के दबाव में खोला कृषि बाजार : हिंदवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष हिंदवी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में भाजपा सरकारों ने सबसे अधिक अन्याय किसानों पर किया है। किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए कोई उपाय नहीं किए गए। अब सरकार ने अमेरिका के दबाव में अपना कृषि बाजार भी उनके लिए खोल दिया है। इस एक कदम का आने वाला समय में हमारे किसान भाइयों पर कितना दुष्प्रभाव पड़ेगा, इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। वह शुक्रवार को किसान कांग्रेस (मध्य जोन) के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का मनोनयन-पत्र वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे।

# आवारा कुत्तों से निजात को शेल्टर होम व एबीसी सेंटर की तैयारी पूरी

## डॉग बाइट पर सख्ती, जन सुरक्षा और पशु कल्याण का संतुलित रोडमैप, नगर निगमों और जिला मुख्यालयों में स्थापना प्रक्रिया तेज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और डॉग बाइट की घटनाओं को लेकर राज्य सरकार ने निर्णायक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर निगमों और जिला मुख्यालयों पर डॉग शेल्टर होम और एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) सेंटर स्थापित करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। उद्देश्य है कि आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो और पशु कल्याण को मानवीय व वैज्ञानिक ढंग से आगे बढ़ाया जाए। हर शेल्टर होम की लागत 4.70 करोड़ रुपये से 5.31 करोड़ रुपये अनुमानित की गई है।

- प्रति शेल्टर होम 4.70 करोड़ से 5.31 करोड़ रुपये होगी लागत

सरकार ने इस पूरे अभियान को प्राथमिकता सूची में रखते हुए भूमि चिह्नीकरण, बजट निर्धारण और परियोजना स्वीकृति की कार्रवाइयों को समानांतर रूप से आगे बढ़ाया है। नीति स्तर पर यह पहल सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस के अनुरूप की जा रही है, जिनमें नसबंदी, टीकाकरण, पुनर्वास और समुदाय सहभागिता जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया है। राज्य सरकार ने डॉग शेल्टर होम के लिए अलग-अलग विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार कराई है।



प्रस्तावों के मुताबिक प्रति शेल्टर होम 470 लाख रुपये से 531 लाख रुपये तक की लागत का अनुमान है। डीपीआर में क्षमता निर्धारण, केनेल्स, पशु चिकित्सा यूनिट, सर्जरी कक्ष, आइसोलेशन वार्ड, भोजन-पोषण, स्वच्छता, सुरक्षा और प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती जैसे सभी आवश्यक घटक शामिल हैं।

शासन ने इन डीपीआर को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है, जिससे क्रियान्वयन का रास्ता साफ हो गया है। प्रगति रिपोर्ट के अनुसार प्रयागराज नगर निगम क्षेत्र में ग्राम मऊर उपरहट, तहसील सोरांव में शेल्टर होम के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है। लखनऊ नगर निगम में भूमि उपलब्धता को लेकर कार्यकारिणी बोर्ड से प्रस्ताव स्वीकृत हो चुका है। अन्य नगर निगमों से भी सूचनाएं जुटाई जा रही हैं ताकि पूरे प्रदेश में एक समान, प्रभावी और टिकाऊ व्यवस्था लागू की जा सके।

### आक्रामक कुत्तों के लिए पुनर्वास की व्यवस्था

एबीसी सेंटरों में आवारा कुत्तों की नसबंदी और एंटी-रेबीज टीकाकरण किया जाएगा। इससे प्रजनन दर नियंत्रित होगी और रेबीज जैसी घातक बीमारी का प्रसार रुकेगा। शेल्टर होम में घायल, बीमार या आक्रामक कुत्तों के लिए सुरक्षित पुनर्वास की व्यवस्था होगी।

### नगर निकायों की जवाबदेही तय

हर नगर निगम को उपयुक्त भूमि उपलब्ध कराने, समयबद्ध प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी करने और संचालन के लिए मानक प्रोटोकॉल अपनाने के निर्देश दिए गए हैं। निगरानी तंत्र के जरिए प्रगति की नियमित समीक्षा होगी।

### शेल्टर होम की प्रमुख सुविधाएं

- आधुनिक केनेल्स व आइसोलेशन वार्ड
- पशु चिकित्सा, सर्जरी व टीकाकरण यूनिट
- स्वच्छता, भोजन-पोषण व सुरक्षा
- प्रशिक्षित केयरटेकर व डॉक्टरों की तैनाती

### भूमि (चयनित)

- ललितपुर : 12.182 हेक्टेयर
- हरदोई : 0.2 हेक्टेयर
- बुलंदशहर : 2000 वर्ग मीटर
- फतेहपुर : 0.769 हेक्टेयर

# यूपी में 'गोदान' फिल्म टैक्स फ्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में गो संरक्षण और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित फिल्म गोदान को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने टैक्स फ्री करने की घोषणा की है। राज्य सरकार के इस निर्णय को गो सेवा, गोरक्षा और सामाजिक चेतना को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

सरकार का मानना है कि इस तरह की फिल्मों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और गो संरक्षण जैसे संवेदनशील विषय पर जनजागरूकता बढ़ती है। 'गोदान' फ़िल्म गोवंश संरक्षण, ग्रामीण जीवन, मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर आधारित है।

# मंत्री का घेराव करने वाले भाजपा विधायक से किया जवाब तलब

## भाजपा का पार्टी अनुशासन पर सख्त रुख, प्रदेश अध्यक्ष ने भेजा कारण बताओ नोटिस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का महोबा में सरेआम घेराव करना भारतीय जनता पार्टी के एक विधायक को भारी पड़ता दिख रहा है। मामले में भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी इसे खुली अनुशासनहीनता मान रही है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने चरखारी से भाजपा विधायक बृजभूषण राजपूत को कारण बताओ नोटिस जारी कर सात दिन के भीतर जवाब तलब किया है।

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, विधायक द्वारा सैकड़ों समर्थकों के साथ कैबिनेट मंत्री का काफिला रोकना और कथित रूप से उन्हें बंधक जैसी स्थिति में डालना पार्टी नेतृत्व को नागवार गुजरा है। यह मामला केवल असंतोष तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इससे सरकार और संगठन दोनों की छवि पर सवाल खड़े हुए हैं। यही कारण है कि प्रदेश नेतृत्व ने बिना देरी किए अनुशासनात्मक कार्रवाई की दिशा में कदम बढ़ाया है।



कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का घेराव करते विधायक बृजभूषण राजपूत (फाइल फोटो)।

### विधायक बृजभूषण राजपूत का पलटवार

नोटिस जारी होने के बाद विधायक बृजभूषण राजपूत ने कहा है कि उन्हें अभी तक कोई नोटिस प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि वह शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर अपना पक्ष रखेंगे। राजपूत का दावा है कि उन्होंने कोई अनुशासनहीनता नहीं की, बल्कि जनता की समस्याएं उठाई हैं।

पूरा मामला 30 जनवरी का है, जब महोबा जिले में जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का काफिला सड़क पर रोक लिया गया। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत उर्फ गुड्डू अपने क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों और समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे और मंत्री से सीधे बातचीत की मांग करने लगे। इस दौरान सड़क पर ही लंबी बहस और हंगामे की स्थिति बन गई। विधायक का आरोप था कि उनके क्षेत्र में घर-नल-जल योजना के तहत भारी लापरवाही हो रही है। पाइपलाइन डालने के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ दिया गया है, मरम्मत नहीं कराई गई और अधिकारी कथित रूप से लूट-खसोट में लिप्त हैं। ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। विधायक का दावा है कि इसी जनसमस्या को लेकर वे मंत्री से प्रधानों के साथ सीधे बात करना चाहते थे।

- 7 दिन में जवाब नहीं देने पर बढ़ सकती मुश्किलें, महोबा प्रकरण में सियासत गरमाई

### विपक्ष को मिला हमला करने का मौका

इस पूरे घटनाक्रम ने प्रदेश की राजनीति में भूचाल ला दिया है। जहां एक ओर भाजपा संगठन के भीतर अनुशासन और मर्यादा को लेकर सवाल उठे हैं, वहीं विपक्ष को योगी सरकार पर भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विफलता का बड़ा मुद्दा मिल गया है। विपक्ष लगातार यह सवाल उठा रहा है कि जब सत्तारूढ़ दल के विधायक ही खुलेआम मंत्री का घेराव कर रहे हैं, तो जमीनी हालात कितने खराब होंगे।

# विकास के एजेंडे संग विपक्ष के सवालों का जवाब देने की पूरी तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सदन में जनवरी की बैठकों में हुए अहम निर्णयों पर लगेगी मुहर
- लोकलुभावन बजट से पहले नीतिगत प्राथमिकताओं पर रहेगा जोर

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश विधानमंडल का सोमवार से शुरू हो रहा सत्र नए साल के बजट के साथ विधायी और नीतिगत प्राथमिकताओं के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य सरकार का फोकस कानून-व्यवस्था, प्रशासनिक सुधार, सामाजिक सुरक्षा और आर्थिक विकास से जुड़े प्रावधानों को और मजबूत करने पर है। सत्र के दौरान सरकार जहां विकास से जुड़े एजेंडे को आगे बढ़ाएगी, वहीं विपक्ष के सवालों का जवाब देने के लिए भी पूरी तैयारी की गई है।

इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों और संशोधन प्रस्तावों को पारित किए जाने की तैयारी है। जिन प्रस्तावों को सदन में लाया जाएगा, उनमें प्रशासनिक ढांचे को अधिक प्रभावी बनाने, प्रक्रियाओं को सरल करने और जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को कानूनी मजबूती देने से जुड़े विधेयक शामिल हैं। इसके अलावा कुछ मौजूदा कानूनों में संशोधन के प्रस्ताव भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे, ताकि बदलती जरूरतों के अनुरूप उन्हें अधिक प्रभावी बनाया जा सके। सरकार का मानना है कि इन विधेयकों के पारित होने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली में तेजी आएगी और विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने में सहूलियत मिलेगी।

सरकार की दो हालिया कैबिनेट बैठकों में पारित प्रस्तावों पर सदन में की मंजूरी ली जाएगी। इनमें वित्तीय प्रबंधन, औद्योगिक विकास, नगरीय व्यवस्था, ग्राम्य विकास और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े विषय प्रमुख हैं। 15 लाख से अधिक बेसिक और माध्यमिक शिक्षा जगत के शिक्षकों-कार्मिकों समेत सभी के परिवारों तक को कैशलेस इलाज की सौगात के लिए बजट के प्रावधान किए जाएंगे। जीसीबी नीति से औद्योगिककरण, शहरी पुनर्विकास नीति 2026, सीएम फेलो, पीसीएस–जे समेत अन्य पारित प्रस्तावों और उनसे जुड़े संशोधन पर सदन की मुहर लगेगी।



सरकार का लक्ष्य एक ऐसा बजट पेश करना है, जो न केवल इन्फ्रास्ट्रक्चर और विकास को बढ़ावा दे, बल्कि महंगाई और रोजगार जैसे मोर्चों पर भी आम जनता को राहत पहुंचाए। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से सदन में प्रस्तुत करने के लिए बजट प्रावधान लगभग पूरी तरह तैयार है।

–सुरेश कुमार खन्ना, वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री

## बजट सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो : महाना

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2026 में विधानसभा के प्रथम सत्र के सुचारु एवं सुरक्षित संचालन के उद्देश्य से विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सुरक्षा से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की और सुरक्षा प्रबंधों एवं विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के दौरान किसी भी स्तर पर सुरक्षा में चूक न हो तथा समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। विधान सभा अध्यक्ष ने शुक्रवार को कहा कि लोकतांत्रिक गरिमा एवं संसदीय परंपराओं की रक्षा के लिए सुरक्षा एवं सुविधा दोनों का संतुलन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में क्विक रिस्पॉन्स टीम (क्यूआरटी) की तैनाती, एंटी एक्सप्लोसिव एवं एंटी सबोटाज जांच व्यवस्था, विधानसभा के सभी प्रवेश द्वारों की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन तथा विधायकों के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों के बैठने की समुचित व्यवस्था पर विशेष चर्चा की गई।





विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना

# लोकमंगल को समर्पित है श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्राः योगी

**अमृत विचार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्री गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा लोकमंगल, जनसेवा और सामाजिक चेतना को समर्पित एक प्रेरक अभियान है, जो महायोगी गुरु गोरखनाथ के संदेश- सबका कल्याण, सबका उत्थान का प्रभावी प्रसार कर रही है। मुख्यमंत्री ने नेशनल मेडिकोस ऑर्गेनाइजेशन (एनएमओ) और इस यात्रा से जुड़े सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों व आयोजकों को बधाई दी। एनएमओ के अवध व गोरक्ष प्रांत द्वारा श्री गुरु गोरखनाथ सेवा न्यास और अन्य सामाजिक संगठनों के सहयोग से 8 फरवरी तक चल रही तीन दिवसीय इस स्वास्थ्य सेवा यात्रा के तहत नेपाल सीमा से लगे सात जिलों के दूरदराज थारू बहुल गांवों में शुक्रवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। पहले ही दिन 70 हजार से अधिक लोगों को चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं।



# चालकों-परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ग्रामीण अंचलों में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत संचालित बसों के चालकों व परिचालकों के मानदेय में बढ़ोतरी कर दी गयी है। अब उन्हें प्रति किलोमीटर 14 पैसे अधिक भुगतान किया जाएगा। राज्य सरकार के निर्देश से यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब तक संविदा चालकों और परिचालकों को 2.18 रुपये प्रति किलोमीटर की दर से भुगतान किया जा रहा था, जिसे बढ़ाकर 2.32 रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत चलने वाली बसों का किराया साधारण बसों की तुलना में 20 प्रतिशत कम रखा गया है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को कम खर्च में यात्रा की सुविधा मिल रही है। परिवहन मंत्री ने बताया कि वर्तमान में मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के अंतर्गत प्रदेश के 20 क्षेत्रों में स्वीकृत 395 मार्गों पर कुल 299 बसों का संचालन किया जा रहा है।

- मुख्यमंत्री जनता सेवा योजना के तहत अब 2.32 रुपये प्रति किमी मिलेगा भुगतान

# चाइनीज मांझे के नेटवर्क की जांच शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देशों के बाद प्रदेशभर में चाइनीज मांझे के खिलाफ जीरो-टॉलरेंस नीति के तहत व्यापक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में चाइनीज मांझे के उत्पादन, बिक्री, भंडारण और परिवहन से जुड़े पूरे नेटवर्क की सघन जांच की जा रही है। थोक विक्रेताओं, ऑनलाइन सप्लायर्स, परिवहन चैनलों और गोदामों पर विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि प्रदेश में चाइनीज मांझे की एक भी रील न बिके और न ही कहीं संग्रहित हो। हर जिले में 24×7 मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नामित किए जा रहे हैं।

# अग्निवीर भर्ती में शामिल हुए 265 अभ्यर्थी

## एएमसी स्टेडियम में पहले दिन एआरओ लखनऊ के तहत 13 जिलों की कराई प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



लखनऊ छावनी स्थित एएमसी स्टेडियम में भर्ती रैली को झंडी दिखाते मेजर जनरल मनीष कुमार जेडआरओ। अमृत विचार

**अमृत विचार :** रिक्रूटिंग जोन उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के तत्वावधान में रिक्रूटिंग ऑफिस (मुख्यालय), लखनऊ द्वारा शुक्रवार से अग्निवीर भर्ती शुरू हो गई। पहले दिन छावनी स्थित एएमसी सेंटर और कॉलेज के एएमसी स्टेडियम में सेना भर्ती कार्यालय लखनऊ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 13 जिलों की सभी तहसीलों के लिए अग्निवीर ट्रेड्समैन (कक्षा 8वीं और 10वीं पास) श्रेणी के लिए भर्ती रैली कराई गई।

इस श्रेणी के लिए 13 जिले लखनऊ, औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर और फतेहपुर के कुल 370 अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र भेजा गया था। इसमें 265 अभ्यर्थियों ने भर्ती रैली में हिस्सा लिया। गुरुवार रात से ही अभ्यर्थी परिसर में जुटने लगे थे। पहले दिन मेजर जनरल मनीष कुमार, जेडआरओ (यूपी और यूके) ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान अभ्यर्थियों ने लंबी कूद, गड्ढा कूद, 1.6 मीटर की दौड़ आदि में अपनी प्रतिभा दिखाई। 13 जिलों से लगभग 13 हजार अभ्यर्थी शॉर्टलिस्ट किए गए हैं। 7 फरवरी को इन सभी जिलों की तहसीलों के लिए अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल (एसकेटी) श्रेणी के लिए भर्ती रैली कराई जाएगी। भर्ती रैली 16 फरवरी तक चलेगी।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन पर एनसीसी कैडेटों को राज्यपाल ने किया सम्मानित

## नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस शिविर में शामिल हुए थे कुल 127 एनसीसी कैडेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एनसीसी निदेशालय उप्र ने शुक्रवार को जन भवन में भव्य अलंकरण समारोह आयोजित किया। इस समारोह में नई दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी)-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले राज्य के एनसीसी कैडेटों को मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्वर्ण एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया।

लखनऊ, बरेली, वाराणसी, गाजियाबाद, आगरा, अलीगढ़, प्रयागराज व मेरठ के कुल 11 एनसीसी ग्रुपों से 127 एनसीसी कैडेटों ने कर्नल अमिताभ कुमार, कंटिंजेंट कमांडर के नेतृत्व में आरडीसी- 2026 में उप्र का प्रतिनिधित्व किया। कैडेटों ने अनुशासन, समन्वय, नेतृत्व तथा सांस्कृतिक उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मेजर जनरल गौरव गौतम, वीएसएम, अपर महानिदेशक, एनसीसी निदेशालय (उप्र) ने संबोधित करते हुए कैडेटों की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और उच्च प्रशिक्षण मानकों की सराहना की।

एनसीसी ग्रुप गाजियाबाद को इंटर-ग्रुप कंपीटिशन बैनर भेंट किया गया, जिसे ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर अजीत सिंह ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त, युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत समुदायिक प्रथम प्रत्युत्तरकर्ता के रूप में प्रशिक्षित उत्तर प्रदेश के एनसीसी कैडेटों को भी आरडीसी - 2026 के दौरान विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। 64 यूपी बटालियन एनसीसी, लखनऊ के लेफ्टिनेंट कर्नल अनिमेष राय के विशेष मार्गदर्शन में इन कैडेटों का चयन राष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों को योजना के संबंध में ब्रीफिंग देने के लिए किया गया।





जन भवन में आयोजित अलंकरण समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के साथ सम्मानित एनसीसी कैडेट व सेना के उच्च अधिकारी।

### स्वर्ण पदक विजेता

एसयूओ अजीत कुमार सिंह–वाराणसी 'ए', एसयूओ दिया नेहरा– अलीगढ़, एसयूओ महक– बरेली, यूओ रूबी–गाजियाबाद, एल/कॉर्पोरल सूरज वर्मा–लखनऊ, कैडेट शिवम तिवारी– प्रयागराज

### रजत पदक विजेता

एसयूओ यश चंद्रा–अलीगढ़, यूओ माधव–बरेली, सार्जेंट आरव सक्सेना–गाजियाबाद, कैडेट सार्जेंट चंद्रमौली उपाध्याय– वाराणसी 'बी', कैडेट अक्षिता सिंह–मेरठ, एसयूओ इशिका यादव–आगरा

# माफिया की जेल से अवैध रिहाई पर सख्त निर्देश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** कुख्यात स्कैप माफिया और गैंगस्टर रविन्द्र उर्फ रवि काना की बांदा जेल से अवैध रिहाई के बाद जहां जेल अफसरों और कर्मियों की दिक्कतें दिनों दिन बढ़ रही हैं, वहीं प्रदेश के महानिदेशक कारागार पीसी मीणा ने भी तल्ख रुख अपनाया है। उन्होंने प्रदेश भर के जेल अधीक्षकों को सख्त निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि बंदियों की रिहाई में यदि लापरवाही हुई तो फिर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर रवि काना को फरार हुए सप्ताह भर बीत चुका है। लेकिन अभी तक गिरफ्तारी तो दूर पुलिस उसका सुराग तक नहीं लगा सकी है।

- जांच के दायरे में आ रहे बांदा जेल के आधा दर्जन कर्मी

उधर इस मामले में बांदा जेल के अधीक्षक, जेलर और डिप्टी जेलर के निलंबन के बाद बांदा के एडीशनल पुलिस अधीक्षक शिवराज के नेतृत्व में पांच सदस्यीय विशेष टीम रवि काना की रिहाई की जांच कर रही है। टीम ने दर्जन भर जेल कर्मियों के बयान लिए हैं, वहीं अन्य साक्ष्यों को भी एकत्र किया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि विशेष जांच में आधा दर्जन बंदी रक्षक भी संदेह के घेरे में आ रहे हैं। जल्द ही रिपोर्ट तैयार कर आला अफसरों को भेज दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### ऊं शिवालय में 13 से महाशिवरात्रि महोत्सव



महंत गणेश राय दास

**अयोध्या, अमृत विचार** : 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित रामनगर सिंधी कॉलोनी के ऊं शिवालय शिव मंदिर में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन 13 से 16 फरवरी तक किया जाएगा। मंदिर के महंत गणेश राय दास ने बताया कि इस मौके पर मंदिर का 73वां वार्षिकोत्सव भी मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 13 फरवरी को सुबह आठ बजे झंडारोहण और प्रभातफेरी से कार्यक्रम की शुरूआत होगी। इसके बाद रुद्राभिषेक, महिला संगीत, हवन-पूजन आदि होगा। इसी क्रम में 15 फरवरी को रात्रि 12 बजे से महाशिवरात्रि जागरण और 16 को शाम सात से रात्रि नौ बजे तक भजन संध्या का आयोजन होगा।

### मेगा विधिक सेवा शिविर के आयोजन को लेकर बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अयोध्या में 22 फरवरी को आयोजित किए जाने वाले मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर के आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला जज रणंजय कुमार वर्मा की अध्यक्षता में बैठक की। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को विधिक रूप से साक्षर करने के लिए इस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रंजनी शुक्ला ने कार्यक्रम के रूपरेखा की जानकारी दी। बैठक में डीएम निखिल टीकाराम फुंडे, एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, कुल सचिव डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय विनय कुमार सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रवेश परीक्षा को सीडीओ ने की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचार** : समाज कल्याण विभाग से संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में छात्र/ छात्राओं के प्रवेश परीक्षा के लिए मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह ने बैठक की। विकास भवन में आयोजित बैठक में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य को प्रश्न पत्र निर्माण एवं मूल्यांकन के लिए निर्देश दिया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आवेदन कराने के लिए निर्देश दिया। बैठक में उप निदेशक समाज कल्याण, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अयोध्या और संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

### नहीं लगा टूटा विद्युत पोल

**बीकापुर, अमृत विचार** : विद्युत उपकेंद्र बीकापुर में सराय भनौली मजरे नियाई में विद्युत आपूर्ति के लिए लगाया गया सीमेंट का खंभा वाहन की टक्कर से माह पहले टूटकर गिर गया। उपभोक्ता नारायण यादव ने बताया कि कई बार विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन विदयुत पोल नहीं लगा। पेड़ से बिजली के तारों को दौड़ा दिया गया। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। अवर अभियंता बीकापुर ने बताया जानकारी विलंब से मिल रही है। जल्द नया पोल लगवाकर समस्या समाधान किया जाएगा।

### 145 अधिवक्ताओं ने कराई जांच

**रुदौली अयोध्या, अमृत विचार।** बार एसोसियेशन रुदौली सभागार में शुक्रवार को लखनऊ के निजी अस्पताल ने हृदय रोग संबंधित चिकित्सा का शिविर लगाया। इसमें शुगर, बीपी, ईसीजी आदि की निशुल्क जांच की गईं। डॉ. इनामुल रजा ने चिकित्सीय परामर्श दिए। उपजिलाधिकारी रुदौली संतोष कुमार, बार अध्यक्ष अजीमुद्दीन चौधरी, महामंत्री अमर सिंह यादव, राम भोला तिवारी, प्रमोद द्विवेदी समेत 145 अधिवक्ताओं ने अपनी जांच कराई। बार अध्यक्ष ने बताया कि चिकित्सीय परामर्श के साथ खान पान में सुधार करने की सलाह दी गई।

### हाईवे पर पलटी सब्जी लदी पिकअप

**अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत लखनऊ-गोरखपुर मार्ग पर बूथ नंबर चार के पास गुरुवार देर रात सब्जी लदी पिकअप पलट गई। दुर्घटना पिकअप का टायर फटने से हुई। घटना के बाद हाईवे की एक लेन पर जाम लग गया। यातायात निरीक्षक केके सिंह ने वाहन को किनारे कराकर जाम खुलवाया। बताया कि घटना में चालक को कोई चोट नहीं आई, वह सब्जी लेकर विक्रमजोत बस्ती जा रहा था।

# जिले में 3.5 लाख मतदाताओं की खंगाली जाएगी कुंडली

## एसआईआर में हो गई इनकी मैपिंग, डाटा पर संदेह | सुनवाई को 70 अतिरिक्त एआरओ के तैनाती की तैयारी

एसआईआर के बाद रजिस्टर्ड मतदाता-15.70 लाख

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या।



**अमृत विचार:** जिले में नए सिरे से लगभग 3.50 लाख मतदाताओं की कुंडली खंगाली जाएगी। यह एसआईआर में मैपिंग करा चुके मतदाता है। इनकी मैपिंग करने वाले रिश्तों की जांच के जरिए आयोग सच्चाई जानना चाहता है। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। इनकी सुनवाई के लिए 70 अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की सूची आयोग को भेजी गई है। आयोग से अनुमोदन के बाद सुनवाई शुरू होने की उम्मीद है।

मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता बने रहने के लिए वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग की व्यवस्था की गई थी। फॉर्म के साथ दादा-दादी, नाना-नानी के साथ अन्य रिश्ते के लोगों की वोटर आईडी नंबर के साथ उनका विवरण भरा गया था। अब ऐसे जिले में 3,56,627 ऐसे मतदाता चिंहित किए गए हैं। जिन पर शक की गुंजाइश बन रही है। आयोग इनकी कुंडली खंगाल कर सच जानना चाहता है। जिससे मतदाता सूची की शुद्धता पर अंगुली न उठ सके।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज पांडेय ने बताया कि निर्वाचन आयोग से लगभग साढ़े तीन लाख लॉजिकल डिस्पेंसीज मतदाता चिंहित किए गए हैं। यह मैपिंग मतदाता हैं। आयोग से कई चिंहित बिंदु हैं। जिन पर इनकी सुनवाई का प्रस्ताव है। इसके लिए अतिरिक्त सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की तैनाती का प्रस्ताव आयोग को भेजा गया है।

### ताकि मतदाता सूची की शुद्धता पर न उठ सके सवाल

मतदाताओं में बहुत से ऐसे मतदाता मिले हैं जिनकी मैपिंग करने वाले दादा-दादा, नाना-नानी जैसे रिश्तों के लोगों और मतदाता की उम्र में महज 10 से 15 साल की अंतर मिला। बाबा-नाती, पिता-पुत्र आदि की उम्र में 10 से 15 साल के अंतर को आयोग तर्क संगत नहीं मानता। पिता-पुत्र, दादा-दादी से उम्र का अंतर इतनी नहीं हो सकता। इसी तरह आयोग ने एक परिवार की यूनिट को छह की संख्या में मान रहा है। बहुत से ऐसे मतदाता भी चिंहित किए गए जिन्हें मैप करने वाले रिश्ते के एक ही व्यक्ति से किया गया है। इसी तरह की पांच से छह बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच के लिए मतदाताओं की यह सूची तैयार की गई है।

| | | |
|---|---|---|
| 19.07 लाख कुल मतदाता एसआईआर के पहले | 3.37 लाख मतदाता एसआईआर में हटे | 12,91,555 नो मैपिंग मतदाता<br>3,56,637 लॉजिकल डिस्पेंसीज मतदाता |

### नौ मैपिंग मतदाता से आसान होगी जांच

इस सूची के मतदाताओं को लॉजिकल डिस्पेंसीज के तहत रखा गया है। इनकी जांच और सुनवाई नो मैपिंग मतदाताओं से आसान होगी। नो मैपिंग मतदाताओं को मैप के लिए व्यक्तिगत अभिलेख देने थे लेकिन इसमें मैप करने वाले से जरूरत पर रिश्ते को साबित करने भर के कागज देने होंगे।

### कैसे खंगाली जाएगी कुंडली

अतिरिक्त एआरओ की तैनाती के बाद इस सूची में शामिल मतदाताओं के लिए भी नोटिस जनरेट की जाएगी। बीएलओ इनकी पड़ताल के लिए उनके घर जाएंगे। इसी दौरान वह मतदाता के साथ मैपिंग करने वाले रिश्ते की जांच भी कर लेगा। संतुष्टि होने या न होने की स्थिति में सुनवाई के लिए बुलाया जाएगा। संबंधित एआरओ मतदाता से बातचीत करके या फिर रिश्ते से संबंधित कागज देखने पर जांच पूरी जांच जाएगी।

# होलिका दहन स्थल पर बनेगा पार्क, लगेगी बाबा साहब की मूर्ति

अयोध्या कार्यालय।

- 'नगर की सरकार आपके द्वार' अभियान
- महापौर व नगर आयुक्त ने अमानीगंज वार्ड का किया भ्रमण

**अमृत विचार** : नगर की सरकार आपके द्वार अभियान के तहत शुक्रवार को महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने अमानीगंज वार्ड का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने होलिका दहन स्थल पर पार्क बनवाने एवं बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगवाने पर सहमति जताई।



अमानीगंज वार्ड में निरीक्षण करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार।

महापौर व नगर आयुक्त सुबह के लगभग पौने आठ बजे अमानीगंज वार्ड पहुंचे। पार्षद प्रतिनिधि सुनील यादव ने स्थानीय नागरिकों के साथ उनका स्वागत किया। यहां स्थानीय लोगों ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने की मांग की। महापौर ने अपर नगर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ को नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) से समन्वय स्थापित कर आवास दिलाने का निर्देश दिया। सेवानिवृत्त कैप्टन डीके उपाध्याय ने निर्माणाधीन साहबगंज नाले से छोटे नाले-नालियों को जोड़ने की मांग उठाई। महापौर ने आर्यावर्त अकादमी के पास जाकर स्थिति का अवलोकन किया। सहायक अभियंता राजपति यादव को अयोध्या विकास प्राधिकरण से संपर्क कर लोगों की जरूरत को देखते हुए नालियों को नाले से लिंक करने का निर्देश दिया। उन्होंने यहां गंदगी देखने पर नाराजगी जताई और कूड़ा हटवा कर सफाई कराने का निर्देश दिया।

नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि पार्षद सुमन यादव के आग्रह पर होलिका दहन स्थल पर छोटे-छोटे पार्क बनवाने झूला एवं स्लाइड लगवाने के साथ ही बाबा साहब की प्रतिमा लगवाने का वादा किया। पठान टोलियां में आराध्या गौतम ने पेयजल समस्या की ओर महापौर का ध्यानाकर्षण कराया। वार्ड में शौचालय बंद होने पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त डॉ. नागेंद्र नाथ, भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक जलकर सौरव श्रीवास्तव, निर्माण खंड के सहायक अभियंता राजपति यादव, भाजपा के मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

### जांच में शुद्ध पाया गया पेयजल

महापौर ने भ्रमण के दौरान लोगों के घरों में सप्लाई हो रहे पेयजल की जांच कराई। पानी का टीडीएस 450 पाया गया। इसके साथ ही जल जनित रोगों की रोकथाम के लिए अवशेष क्लोरीन भी पानी में पाया गया। इस दौरान मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग का कार्य भी चल रहा था। इस पर नगर आयुक्त ने संतोष जताया।

# थाना परिसर में ही व्यापारी से 40 हजार रुपये की ठगी

सोहावल, अयोध्या।

**अमृत विचार:** सुचितागंज चौकी क्षेत्र के रहने वाले सरसों तेल व्यापारी राधेश्याम वर्मा के साथ पुलिस बनकर 40 हजार रूपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक लालचंद सरोज को दी गई तहरीर में पीड़ित ने कथित बहुरुपिए पुलिस से थाना प्रभारी के पास आठ क्विंटल सरसों होने उसकी बिक्री का बहाना बनाकर दिन दहाडे. थाना परिसर गेट के सामने ही ठगी कर ली। जानकारी के बाद पुलिस कर्मियो मे सनसनी फैल गई। पीड़ित के अनुसार उसकी सुचितागंज स्थित संजयगंज रोड की दुकान पर एक व्यक्ति पुलिस के भेष मे बाइक पर सवार होकर आया। बड़े साहब (एसएचओ) द्वारा आठ क्विटल सरसों बेंचने का बहाना बनाकर कांटा- तराजू बैटरी रिक्शा पर लदवाकर अपनी बाइक पर बिठाकर लाया। थाने के अंदर पहुंचते 40 हजार रुपये मांगे। विश्वास कर पैसे देने के बाद बोला सरसों साहब के कमरे मे रखा है। एसएचओ को बुलाकर लाने की बात कहकर गायब हो गया। देर तक वापस नहीं लौटा। पता चला एसएचओ के पास कोई सरसों नहीं है। थाना प्रभारी निरीक्षक लाल चंद सरोज ने बताया कि ठगी की घटना की तहरीर मिली है। पीड़ित बाइक नंबर नहीं बता पा रहा है।थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर ठगी के आरोपी को खोजा जा रही है।

### हत्या की आरोपी महिला को नहीं मिली जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार:** हत्या की आरोपी दामोदरपुर बेला रामबाग की पूनम चौहान की जमानत अर्जी कोर्ट ने खारिज कर दी। यह आदेश अपर जिला जज सुरेंद्र मोहन सहाय की अदालत से शुक्रवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडेय व रोहित पांडेय ने बताया कि घटना 16 दिसंबर 2025 की है। इसकी रिपोर्ट वादी सुरेंद्र विश्वकर्मा ने लिखाई थी। तहरीर में कहा था कि 16 दिसंबर की शाम उसके भाई विजय श्याम विश्वकर्मा अपनी बाइक से हैदरगंज गए थे। गांव के लोगों ने सूचना दी कि एक पब्लिक स्कूल के पास विजय श्याम घायल अवस्था में पड़े हैं। वादी मौके पर पहुंचा तो देखा कि उसके भाई विजय श्याम स्कूल के पास महुआ के पेड़ के पास गड्ढे में पड़े थे और उनको काफी चोटें थीं। सीएचसी रमवाकल में उनकी मृत्यु हो गई। उन्हें पूनम ने धमकी दी थी कि मैं तुम्हें जान से मरवा दूंगी। मुकदमे के सह अभियुक्त की निशानदेही पर विवेचक ने आला कत्ल खून आलूद चाकू बरामद किया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृतक को मृत्यु के पहले 21 चोटे शरीर व गला सहित अन्य भागों में आई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने महिला की जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली व कार में टक्कर शिक्षक समेत चार लोग घायल

मसौधा, अयोध्या।

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या- प्रयागराज हाईवे पर खानपुर मसौधा गांव के सामने गुरुवार देर रात करीब दो बजे एक कार व ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर हो गई। घटना में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।



क्षतिग्रस्त कार।

तारुन थाना क्षेत्र के किसान इंटर कॉलेज रामपुर भगन के शिक्षक सतीश वर्मा, मलिकपुर निवासीअभिषेक यादव, नागपाली थाना तारुन निवासी सुनील चौधरी व दत्ता का पुरवा कौशलपुरी कॉलोनी निवासी आरएन चौधरी एक वैवाहिक समारोह से लौट रहे थे। प्रयागराज हाईवे पर मसौधा गेट बाजार के निकट खानपुर मसौधा गांव के सामने विपरीत दिशा में आ रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से कार टकरा गई। घटना में सभी कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। क्षेत्रीय दरोगा आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शिक्षक सतीश को लखनऊ रेफर किया गया है। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# मसौधा चीनी मिल में घटतौली का आरोप, हंगामा

अयोध्या कार्यालय।

- मुख्य महाप्रबंधक व महाप्रबंधक का पकड़ा कॉलर, दी गालियां
- एक घंटे बंद रही मिल, दो नामजद व अज्ञात पर केस दर्ज

**अमृत विचार :** थाना पूराकलंदर अंतर्गत मसौधा स्थित केएम शुगर मिल में घटतौली का आरोप लगाकर दो लोगों ने अपने साथियों के साथ हंगामा किया। आरोपियों ने मिल के मुख्य महाप्रबंधक व महाप्रबंधक का कॉलर पकड़ गाली-गलौज करते हुए हाथापाई भी की। इसके चलते करीब एक घंटे तक मिल बंद रही। पुलिस ने दो नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस को दी तहरीर में मिल के मुख्य सुरक्षा अधिकारी गनेश प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि चार फरवरी की शाम करीब 6:30 बजे मिल गेट पर गोलू सिंह निवासी ग्राम नजीरपुर, अंकुर वर्मा निवासी ग्राम मसौधा (भूपतपुर) अपने पांच-छह साथियों के साथ आये। कांटे पर ट्रॉली खड़ी कर तौल कार्य बंद करा दिया। यही नहीं जबरन चीनी मिल को भी बंद करा दिया। उनका झूठा आरोप था कि मिल में घटतौली हो रहा है। इस पर उन्हें बताया गया कि आपकी ट्रॉली प्रत्येक कांटों पर बांट रखवाकर चेक करवा देता हूं। यह सुनते ही गोलू सिंह ने अपने पांच-छह साथियों के साथ मुख्य महाप्रबंधक (गन्ना) अनिल कुमार त्रिपाठी, महाप्रबंधक (गन्ना विकास) अरविंद सिंह के साथ गाली गलौज एवं अपशब्दों का प्रयोग करते हुये उनका कॉलर पकड़कर हाथापाई भी की। लोगों के बीच-बचाव करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें छोड़ा। बताया कि इस दौरान करीब एक घंटे तक चीनी मिल बंद रही। इससे चीनी मिल को भारी आर्थिक क्षति भी हुई। साथ ही चीनी मिल स्टाफ व अधिकारी दहशत में आ गए। इस संदर्भ में थाना प्रभारी पूराकलंदर मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि गोलू व अंकुर समेत अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# हम चौधरी परिवार के हैं, मुकदमे से नहीं डरते, धमकी भरा ऑडियो वायरल

मवई, अयोध्या।

- मीटर बदलवाने व बिल संशोधन के नाम पर 12,790 रुपये लेने का आरोप

**अमृत विचार।** पटरंगा थाना क्षेत्र में बिजली मीटर बदलवाने और बिल संशोधन के नाम पर रुपये लेने के बाद काम न कराने का मामला सामने आया है। आरोप है कि रुपये मांगने पर आरोपी युवक ने खुद को चौधरी परिवार का बताते हुए मुकदमे से न डरने की धमकी दी। धमकी का ऑडियो वायरल होने के बाद क्षेत्र में क्षेत्र में चर्चा आम हो गई। अमृत विचार इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता है।

पूरे काजी गांव निवासी शाबान ने हाइवे चौकी प्रभारी पटरंगा को दी गई तहरीर में बताया कि उसका विद्युत मीटर खराब था। आरोप है कि क्षेत्र में विद्युत मीटर का काम कर रहे रुदौली निवासी एक व्यक्ति ने मीटर बदलवाने और बिजली बिल दुरुस्त कराने के नाम पर उनसे 6,790 रुपये ऑनलाइन और 5,000 रुपये नकद लिए थे। समय बीतने के बावजूद न तो मीटर बदला गया और न ही बिल संशोधित हुआ। आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करता रहा। उसने अपने एक साथी से शुक्रवार को फोन लगवाया तो फोन उठाने पर आरोपी ने कहा कि उसने काम छोड़ दिया है और रुपये बाद में देगा। जब पीड़ित ने कानूनी कार्रवाई की बात कही तो आरोपी ने धमकाते हुए कहा कि वह चौधरी खानदान से है और मुकदमे से नहीं डरते। पीड़ित ने धमकी का ऑडियो वायरल कर दिया है। इस संबंध में हाइवे चौकी प्रभारी राजकुमार ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दौड़ी सेना की गाड़ियां, 15 मरीजों को कराया भर्ती

अयोध्या कार्यालय।

- सेना, जिला अस्पताल व पुलिस विभाग ने की मॉकड्रिल

**अमृत विचार :** शहर में शुक्रवार को अचानक सेना की गाड़ियों का काफिला देखकर लोग स्तब्ध रह गए। तेज रफ्तार से दौड़ती आर्मी की एम्बुलेंस और अन्य वाहन कैंट क्षेत्र से जिला अस्पताल की ओर बढ़े, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों में खलबली मच गई। पुलिस ने पूरे रूट पर ग्रीन कॉरिडोर बना रखा था, जिससे वाहनों को बिना किसी रुकावट के तेज गति से गुजरने दिया जा सके। शुरुआत में लोगों को लगा कि कोई बड़ी आपात स्थिति या वास्तविक हादसा हुआ है, लेकिन बाद में पता चला कि यह एक सुनियोजित मॉकड्रिल थी। जिसका उद्देश्य बड़ी आपदा या आपातकाल में त्वरित चिकित्सा सहायता और समन्वय की तैयारियों को परखना था।



आयुष्मान वार्ड में भर्ती मरीज का हाल जानते चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, सेना के अधिकारी व जवान।

मिलिट्री हॉस्पिटल से कुल 15 डमी मरीजों को आर्मी के वाहनों से जिला अस्पताल लाया गया। इन मरीजों को आयुष्मान भारत वार्ड में भर्ती कराया गया। वार्ड में हर बेड पर दो-दो चिकित्सक तैनात थे, जबकि आर्मी के डॉक्टर भी इस अभ्यास में शामिल रहे। मरीजों के ब्लड प्रेशर और पल्स रेट सामान्य से अलग दिखाए गए थे। अस्पताल के स्टाफ ने इलाज शुरू किया, ट्राइएज प्रक्रिया अपनाई और आवश्यक दवाइयां व उपकरणों का इस्तेमाल किया।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी ने बताया कि यह मॉकड्रिल जिला अस्पताल, पुलिस विभाग और भारतीय सेना के संयुक्त सहयोग से आयोजित की गई थी। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़ी आपदा, आतंकी हमला या युद्ध जैसी स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता जांचने के लिए ऐसे अभ्यास जरूरी हैं। हमने देखा कि ग्रीन कॉरिडोर, मरीजों का ट्रांसफर, भर्ती और इलाज की प्रक्रिया कितनी सुचारु रूप से चल सकती है। पुलिस ने पूरे अभ्यास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाली। कैंट से जिला अस्पताल तक का रास्ता पूरी तरह क्लियर रखा गया, जिससे वाहनों को महज कुछ ही मिनटों में पहुंचना संभव हुआ। स्थानीय लोगों में शुरुआत में भय का माहौल रहा, कई लोग सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर करने लगे और पूछने लगे कि क्या कोई वास्तविक संकट है। बाद में प्रशासन की ओर से स्पष्टीकरण जारी होने पर लोग राहत की सांस ले सके।लोगों से अपील की गई है कि भविष्य में ऐसे अभ्यास देखकर घबराएं नहीं, बल्कि सहयोग करें।

**कवायद** गाजियाबाद में तीन बहनों द्वारा सामूहिक आत्महत्या के बाद राज्य महिला आयोग ने डीएम और डीआईओएस को दिए निर्देश

# प्राथमिक कक्षाओं में मोबाइल से पढ़ाई रोक की तैयारी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में तीन सगी बहनों द्वारा मोबाइल गेमिंग के चलते सामूहिक आत्महत्या के मामले के बाद राज्य महिला आयोग ने कड़ा एक्शन लिया है। जिलाधिकारियों को प्राथमिक विद्यालयों में फोन के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का निर्देश दिया है।



- असाइनमेंट और अन्य स्कूली व्हाट्सएप ग्रुपों को लेकर भी नकेल

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान की ओर जिलों को जारी आदेश में मोबाइल आधारित शैक्षणिक गतिविधियों और ऑनलाइन कक्षाओं को रोकने का निर्देश दिया है। जारी आदेश में उन्होंने कहा कि शिक्षा के नाम पर लापरवाही देखने को मिलती है। कक्षा पांच तक के बच्चों में फोन की लत लगने का खतरा सबसे अधिक है। ऐसे में समाज एवं शैक्षणिक व्यवस्थाएं सुधारने की जरूरत है। वर्तमान में स्कूलों की ओर से बच्चों के होमवर्क, असाइनमेंट एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियां अनिवार्य रूप से व्हाट्सएप ग्रुप अथवा अन्य डिजिटल माध्यमों से मोबाइल फोन पर भेजी जा रही हैं। इस पर रोक लगने की जरूरत है।

> राज्य महिला आयोग का आदेश अभी नहीं आया है, लेकिन सूचना है। जिलाधिकारी कार्यालय में आदेश आया हो सकता है। जैसा भी आदेश आता है अनुपालन का प्रयास होगा।
> -लालचंद, बीएसए।

उन्होंने गाजियाबाद जैसी घटना भविष्य में न हो इसके लिए उचित कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया है। आदेश में कहा गया है कि सभी बोर्ड के प्राथमिक कक्षाओं में मोबाइल से ही अधिकतर गतिविधियां कराई जा रहीं हैं और बच्चे इसी की वजह से मोबाइल के आदी हो रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को कहा गया है कि पहले सभी परिषदीय और निजी स्कूलों में यह जांचे कि कितने कितने ग्रुप बनाए गए हैं और उनका उद्देश्य क्या है। निजी स्कूलों में बच्चों के अभिभावकों तक के ग्रुप बनाए गए हैं जहां बच्चों को सूचित किया जाता है। इसके लिए 15 दिन का समय दिया गया है और एक रिपोर्ट तलब की गई है।

### खनन को लेकर फिर की पैमाईश

**सोहावल।** तहसील क्षेत्र के लखौरी ग्राम सभा में खातेदार की भूमि से अवैध मिट्टी खनन के मामले में शुक्रवार को किसान मंशाराम की शिकायत पर एक बार फिर नाप-जोख कराई गई। तहसीलदार सोहावल प्रदीप कुमार सिंह नाप-जोख की शुरुआत के बाद जनगणना संबंधी बैठक में शामिल होने के लिए रवाना हो गए,जबकि राजस्व कर्मियों से मौके पर नाप-जोख जारी रखी। तहसीलदार सोहावल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि राजस्व निरीक्षक से नाप-जोख की रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद उसे भेजा जाएगा। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। तब तक के लिए संबंधित ठेकेदार को मिट्टी खनन करने से रोक दिया गया है जिससे किसी प्रकार कोई विवाद उत्पन्न न हो।

# पहली बार केन्द्रों पर जैमर चिह्नित किए जा रहे सेंटर

अयोध्या, कार्यालय

**तैयारी**

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद ने 18 फरवरी से शुरू होने वाली यूपी बोर्ड परीक्षाओं में पहली बार परीक्षा केंद्रों पर जैमर (जैमिंग डिवाइस) का उपयोग का निर्णय लिया है। यह फैसला प्रदेश सरकार की नकल मुक्त परीक्षा की मंशा के अनुरूप लिया गया है।

जिले में कुल 109 परीक्षा केंद्र हैं, लेकिन पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर केवल 20 केंद्रों पर जैमर लगाए जाएंगे। इन केंद्रों की सूची गोपनीय रखी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक से रिपोर्ट भी मांगी गई है। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 18 फरवरी से 12 मार्च तक दो पालियों में आयोजित होंगी। इस बार अतिसंवेदनशील केंद्रों पर दो बार निरीक्षण होगा। सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे (वॉयस रिकॉर्डिंग सहित) लगाए गए हैं, जिनकी मॉनिटरिंग जिला और राज्य स्तर से की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन कुमार तिवारी ने बताया कि जैमर वाले परीक्षा केंद्रों की स्वीकृति बोर्ड की ओर से दी जाएगी। अभी इसे सार्वजनिक नहीं किया जा सकता है।

अमृत विचार



# ई-रिक्शा यूनियन ने किया प्रदर्शन का प्रयास, पुलिस ने रोका

## अनशन जारी, यूनियन अध्यक्ष ने किया ऐलान, आज से करेंगे अन्न-जल का त्याग

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रशासन द्वारा रामपथ पर लता चौक से टेढ़ी बाजार तक ई-रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाने के दूसरे दिन शुक्रवार को भी यूनियन का अनशन जारी रहा। कुछ ई रिक्शा चालकों ने प्रदर्शन भी करना चाहा लेकिन पुलिस की सख्ती के कारण उनकी एक न चली। वहीं, मांगें न माने जाने पर कृष्णानंद फाउंडेशन ई-रिक्शा यूनियन के अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने आज शनिवार से अन्न-जल त्यागने का ऐलान किया है।

रामपथ पर पूर्व की तरह ई रिक्शा संचालन की मांग को लेकर कृष्णानंद फाउंडेशन व श्री अयोध्या ई-रिक्शा कल्याण समिति का प्रमोद वन स्थित कार्यालय पर चल रहा अनशन दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। वहीं, सुबह कुछ रिक्शा चालकों में गुस्से में सड़कों पर उतरे व रामपथ की ओर बढ़े। जानकारी होते ही अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह भारी पुलिस बल के साथ प्रमोद वन तिराहे पर पहुंचे व उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया।

यूनियन अध्यक्ष मुकुंद माधव त्रिपाठी ने बताया कि हम लोगों ने बीच का रास्ता निकालने का सुझाव देते हुए कहा था कि हमें रामपथ पर न चलने दिया जाए तो कम से कम चौक चौराहों पर सड़क को पार करने की अनुमति देनी चाहिए। इससे आने वाले श्रद्धालुओं व स्थानीय लोगों को सुविधा होगी, लेकिन प्रशासन इस पर भी राजी नहीं हो रहा है। कहा कि इस निर्णय के विरोध में शनिवार से वह अन्न जल त्यागकर अनशन करेंगे। मुझे कुछ होता है तो इसकी जिम्मेदारी अधिकारियों की ही होगी। वहीं, श्री अयोध्या ई रिक्शा कल्याण समिति के अध्यक्ष शाहिद खान ने कहा कि रामपथ पर ई-रिक्शा न चलाने की अनुमति के बाद से चालकों की कमाई न के बराबर रह गई है। बहुत से चालक हैं, जो इसी की कमाई से अपने परिवार का पेट भरते हैं। प्रशासन को कुछ न कुछ समाधान जरूर निकालना चाहिए।



प्रमोद वन स्थित कार्यालय में अनशन करते ई रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी।

### फिर होगा चालकों व मालिक का सत्यापन

वर्तमान में सिर्फ अयोध्या धाम में दो हजार से ज्यादा ई रिक्शा चल रहे हैं। इनकी वजह से रामनगरी में जगह-जगह जाम लगता है। इसी के वजह से प्रशासन ने रामपथ पर ई रिक्शा संचालन पर प्रतिबंध लगाया है। प्रशासन का मानना है कि शहर में चल रहे अधिकांश ई-रिक्शा बाहरी हैं। ई-रिक्शा यूनियन के विरोध के बाद प्रशासन ने दोबारा से चालकों व उनके मालिकों का सत्यापन कराने की योजना बनाई है। जल्द ही सत्यापन का कार्य शुरू किया जाएगा। इसके तहत जो ई-रिक्शा चालक व स्वामी अयोध्या धाम के कोतवाली अयोध्या व थाना राम जन्मभूमि के अंतर्गत निवास करते हैं, उन्हीं को यहां चलने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही अयोध्या धाम के विभिन्न मार्गों का रूट भी निर्धारण किया जाएगा। प्रत्येक रूट पर अलग-अलग ई रिक्शा चल सकेंगे। यह व्यवस्था बनने के बाद ही रामपथ पर ई-रिक्शा संचालन के लिए विचार किया जाएगा। कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि जल्द ही यह व्यवस्था बनाई जाएगी।

### पहले भी हो चुका है सत्यापन, अलॉट किए गए थे नंबर

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान तत्कालीन यातायात निरीक्षक (अब थाना प्रभारी राम जन्मभूमि) अभिमन्यु शुक्ला ने यह प्रयोग किया था। इसके लिए कोतवाली अयोध्या व थाना राम जन्मभूमि क्षेत्र में रहने वाले चालकों के वाहनों का सत्यापन कर प्रत्येक वाहन को एक-एक कोड नंबर भी दिया गया था। इसके साथ ही अयोध्या धाम व अयोध्या शहर के ई-रिक्शा चालकों को अलग-अलग जोन में बांटकर उन्हें अपने निर्धारित जोन में चलने के निर्देश दिए गए थे। यातायात पुलिस ने सत्यापित चालकों का नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ रजिस्ट्रेशन कागज, बीमा व फिटनेस की फोटो कॉपी एकत्र की थी। हालांकि उस समय यह व्यवस्था सुरक्षा के लिए की गई थी। अब इस बार व्यवस्थित संचालन के लिए सत्यापन करने की योजना है।

## न्यूज ब्रीफ

### सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का कांग्रेस ने किया स्वागत

**अयोध्या।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने सुप्रीम कोर्ट से दिए गए निर्णय का स्वागत किया है इसमें आदेश है कि एक जनवरी 2026 से वाहनों के आगे-पीछे की केवल फोटो खींचकर बनाए गए चालान न्यायालय में मान्य नहीं होंगे। चालान की वैधता के लिए चालक के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। नेताओं ने कहा कि यह निर्णय आम वाहन चालकों के हित में एक ऐतिहासिक कदम है। कई मामलों में बिना चालक की जानकारी के चालान जारी कर दिए जाते थे, जिससे निर्दोष लोगों को कठिनाई उठानी पड़ती थी।

### दो हादसों में चार घायल

**रुदौली, अयोध्या, अमृत विचार।** कोतवाली रुदौली अंतर्गत लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर शुक्रवार को हुई दो सड़क दुर्घटना में चार लोग घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। हाइवे के तकियापुर कट के पास बैटरी रिक्शा और बाइक की टक्कर में बाइक सवार फैज पुत्र साजिद (30), निवासी भेलसर गंभीर रूप से घायल हो गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया, जहां से हालत नाजुक होने पर लखनऊ मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। वहीं पावर ग्रिड लोहिया पुल के निकट कार ने पीछे से बैटरी रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया। उसमें सवार सपना (13) पुत्री राम कृपाल निवासी उधरौरा, अनूप कुमार (11) पुत्र पूनम कोरी तथा चालक उदय राज (45) पुत्र श्रीराम निवासी भेलसर गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाल संजय मौर्य ने बताया कि सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### युवक की पिटाई, केस

**मवई,अयोध्या, अमृत विचार।** पटरंगा थाना क्षेत्र के सरैठा गांव में जातिगत उत्पीड़न व मारपीट के एक मामले में आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार पीड़ित उमेश रावत निवासी ग्राम बरगदी मजरे पुराय गुरुवार दोपहर ट्रॉली से भूसा लेकर सरैठा गांव जा रहा था। इसी दौरान ट्रॉली का बांस सरैठा निवासी आलोक सिंह के छज्जे में लगे पाइप में लग गया। जिससे पाइप टूट गया। आरोप है कि इससे नाराज होकर आलोक ने पीड़ित को जातिसूचक व आपत्तिजनक गालियां दीं और लात-घूंसे से मारा पीटा। घटना पास में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि उमेश रावत की तहरीर पर आरोपी आलोक सिंह के विरुद्ध अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। विवेचना क्षेत्राधिकारी रुदौली आशीष निगम द्वारा की जा रही है।

### ई-रिक्शा प्रतिबंध से व्यापारी भी प्रभावित

**अयोध्या, अमृत विचार:** लता चौक से टेढ़ी बाजार तक रामपथ पर ई-रिक्शा प्रतिबंधित किए जाने से व्यापार और आसपास क्षेत्र से जुड़े होमस्टे, होटल पर प्रभावित हुए है। जिससे लोगों में नाराजगी भी है। नाश्ता दुकान के व्यापारी राहुल यादव ने कहा कि ई-रिक्शा पर रोक लगाए जाने के बाद सुबह से सड़क पर सन्नाटा रहता है। प्राधिकरण के द्वारा संचालित गोल्फ कार्ट से सभी श्रद्धालु मंदिर चले जाते हैं। ई-रिक्शा से आसपास लोगों पहुंचते थे। तो आमदनी भी होती थी। पूजन सामग्री के विक्रेता अश्वनी गुप्ता ने कहा कि घरों शादी व अन्य आयोजन, बच्चों को स्कूलों को छोड़े जाने और मंदिर से दूर छोटे व्यापारियों भी इससे प्रभावित हुए है। इसलिए इस पर प्रशासन को पुनः विचार करना चाहिए।



कुमारगंज में एक दुकान में लोगों को चाइनीज मांझे से जागरूक करती पुलिस।

### चाइनीज मांझे को लेकर चलाया चेकिंग अभियान

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** चाइनीज मांझे से हो रही दुर्घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए कुमारगंज थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बाजार में स्थित पतंग व अन्य दुकानों पर पहुंचकर व्यापारियों से चाइनीज मांझा न बेचने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि यदि कोई भी दुकानदार चाइनीज मांझा बेचते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी। चौकी चिलबिली प्रभारी शैलेंद्र त्रिपाठी व देवगांव चौकी प्रभारी अशोक कुमार पाठक ने भी अपने क्षेत्र में दुकानदारों को चाइनीज मांझा न रखने की हिदायत दी। अभियान में उप निरीक्षक गौरव पांडे, आकिल हुसैन एवं विमल यादव ने भी अपनी टीम के साथ विभिन्न बाजारों में भ्रमण कर चेकिंग की।

## शैक्षिक उन्नयन में समुदाय की भूमिका महत्वपूर्ण

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** विद्यालयों के प्रबंधन, नियोजन एवं शैक्षिक उन्नयन में समुदाय की सहभागिता महत्वपूर्ण है। जिसके लिए सक्रिय विद्यालय प्रबंध समितियां उपयोगी माध्यम साबित हो सकती हैं। ये बातें शुक्रवार को ब्लॉक मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहीं। वह ब्लॉक संसाधन केंद्र मया परिसर में प्रधानाध्यापकों एवं विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों के संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानाध्यापक रामजीत गौतम व शिक्षिका राखी त्रिपाठी द्वारा सुमधुर स्वरों में प्रस्तुत प्रेरणा गीत ने सदन को मंत्रमुग्ध कर दिया। संदर्भ दाता जमुना लाल यादव ने शारदा योजना, समर्थ कार्यक्रम व पीएम पोषण योजना की विस्तृत जानकारी दी। ज्ञान प्रकाश सिंह ने विद्यालय प्रबंध समिति के गठन,वीरेंद्र प्रताप सिंह ने समिति के उद्देश्यों तथा भूमिका व जियाराम ने समावेशी शिक्षा पर चर्चा-परिचर्चा की। खंड शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह के निर्देश पर लेखाकार शुभम सिंह के संयोजकत्व में आयोजित प्रशिक्षण में चंद्रभान यादव, हैदर अली, अनीश लाल श्रीवास्तव, राज नारायण सिंह, मुक्ता वर्मा, साधना, मेराज फातिमा, शिखा वर्मा, कंचन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



मया ब्लॉक में प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते संदर्भदाता ओम प्रकाश यादव।



सोहावल सीएचसी परिसर में सफाई के लिये निर्देशित करती प्रभारी चिकित्सक डॉ. आकांक्षा वर्मा।

### पटरी पर लौट रही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था

**सोहावल, अयोध्या।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोहावल की कार्यप्रणाली में बदलाव के संकेत हैं। प्रभारी डॉ. आकांक्षा वर्मा के पदभार ग्रहण करने के बाद स्वास्थ्य केंद्र की सेवाओं में सुधार की चर्चा हो रही है। अस्पताल की आंतरिक व्यवस्थाओं के साथ-साथ मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं पर भी ध्यान दिए जाने की बात अब मरीज कर रहे हैं। सीएचसी पर इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। प्रभारी चिकित्सक डॉ. आकांक्षा वर्मा ने बताया कि अस्पताल के कचरा निस्तारण और बेस्ट मैनेजमेंट की व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है, ताकि स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी दोबारा न फैल सके। एक आदर्श स्वास्थ्य केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

## आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग की आशंका

कुमारगंज, अयोध्या।

**अमृत विचार :** मौसम में हो रहे लगातार बदलाव और तापमान परिवर्तन के कारण इस समय आलू की फसल में पछेती झुलसा रोग (लेट ब्लाइट) के प्रकोप की आशंका बढ़ गई है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज के कृषि वैज्ञानिक डॉ. सीएन राम ने किसानों को सतर्क रहने और समय पर रोग प्रबंधन के उपाय अपनाने की सलाह दी है।

उन्होंने बताया कि आलू में पछेती झुलसा रोग फाइटोफ्थोरा इन्फेस्टन्स नामक फफूंद के कारण होता है। यह रोग सबसे पहले पत्तियों के सिरे और किनारों पर छोटे, पानी से भरे धब्बों के रूप में दिखाई देता है, जो बहुत तेजी से फैलते हैं। बाद में ये धब्बे गहरे भूरे या काले रंग के हो जाते हैं। इस रोग की विशेष पहचान यह है कि पत्तियों के किनारे और ऊपरी भाग झुलस जाते हैं। रोग का प्रभाव केवल पत्तियों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि शाखाओं और कंदों पर भी देखा जाता है। अधिक नमी और आर्द्रता वाले मौसम में इसका प्रकोप तेजी से बढ़ता है। गंभीर स्थिति में यह रोग एक सप्ताह के भीतर ही पौधों की हरी पत्तियों को झुलसाकर नष्ट कर सकता है।



कृषि विवि में आलू की फसल पर दवा का छिड़काव किया गया।

### यह दवा इस तरह डालें

बताया कि इस रोग से बचाव के लिए मैन्कोजेब / प्रोपीनेब / क्लोरोथालोनिल युक्त फफूंदनाशक दवा का 0.2–0.25 प्रतिशत घोल (अर्थात 2.0–2.5 किलोग्राम दवा 1000 लीटर पानी में) प्रति हेक्टेयर की दर से तुरंत छिड़काव करें। साइमोक्सानिल मैन्कोजेब : 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर (1000 लीटर पानी में), फेनामिडोन मैन्कोजेब : 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर, डाइमेथोमॉर्फ मैन्कोजेब : 3.0 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर फफूंदनाशक दवाओं का छिड़काव 10 दिन के अंतराल पर दोहराया जा सकता है। किसानों को यह विशेष ध्यान रखना चाहिए कि एक ही फफूंदनाशक दवा का बार-बार प्रयोग न करें, ताकि दवा प्रतिरोध की समस्या न उत्पन्न हो। रोग नियंत्रण के साथ-साथ खेतों में उचित जल निकास की व्यवस्था करें और खेतों को खरपतवार रहित रखें। इससे नमी का स्तर नियंत्रित रहेगा और रोग के फैलाव की संभावना कम होगी।

## दवा खाने वालों की अंगुली पर लगायी जाएगी स्याही

**गोसाईगंज, अमृत विचार :** नगर पंचायत गोसाईगंज अब फाइलेरिया (हाथीपांव) को जड़ से उखाड़ने के लिए कमर कस चुका है। 10 फरवरी से शुरू होने वाले इस विशेष अभियान में स्वास्थ्य विभाग की टीमें दरवाजे पर दस्तक देंगी। खास यह है कि दवा खाने वालों की अंगुली पर अमिट स्याही लगाई जाएगी। यह इस बात का प्रतीक होगी कि आपने अपने स्वास्थ्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी का वोट डाल दिया है। नगर पंचायत कार्यालय में ईओ सीमा राय की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में इसकी रणनीति तैयार की गई। पीसीआई इंडिया के डिविजनल ऑफिसर मो. तासीर और एआरओ अरविंद कुमार ने स्पष्ट किया कि फाइलेरिया का कोई इलाज नहीं है, केवल बचाव ही एकमात्र रास्ता है। ईओ और सभासदों ने लोगों से अपील की कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जब आपके घर आए तो उनके सामने ही दवा का सेवन करें। दवा खाने के बाद यदि मामूली बुखार या सिरदर्द हो, तो घबराएं नहीं, यह इस बात का संकेत है कि दवा शरीर में मौजूद कीटाणुओं पर प्रहार कर रही है। बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय पराग सहित नगर पंचायत और स्वास्थ्य विभाग के लोग मौजूद थे।


**साईं बाबा गौरी बाबा श्री अर्जुन सिंह महाविद्यालय, वल्लीपुर, नेवादा, अम्बेडकरनगर उ0प्र0**

**में आवश्यकता है**

स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत बी0एससी0 पाठ्यक्रम में (वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, भौतिक विज्ञान एवं जन्तु विज्ञानऋ प्रत्येक विषय में प्रवक्ता–01 पद

**योग्यता एवं वेतनमान** यू0जी0सी0 एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 21 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों को दो स्व–हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक–**डा0 हितेन्द्र प्रताप सिंह**

मो0नं0–9415892671


## क्रिकेट, जूडो और एथलेटिक्स के विजेता हुए पुरस्कृत

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** पं. दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में जिला स्तरीय क्रिकेट, जूडो व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख वीरेन्द्र सिंह ने विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया।

प्रदेश खेल निदेशालय के निर्देशन व क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय के तत्वावधान में हुई क्रिकेट, जूडो व एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में जूनियर बालक क्रिकेट स्पर्धा में आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। लीग आधार पर हुई प्रतियोगिता में जुगराज सिंह क्रिकेट एकेडमी व अयोध्या क्रिकेट एकेडमी ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जुगराज क्रिकेट एकेडमी ने अयोध्या क्रिकेट एकेडमी को पराजित कर खिताब जीत लिया। जूनियर बालिका एथलेटिक्स स्पर्धा के डिस्कस थ्रो में पायल, गोलाफेंक में प्रीति यादव व जैवलिन थ्रो में दीपांशी विजेता रहीं। लम्बी कूद, 100 मीटर हर्डिल रेस व त्रिकूद में अंशिका विजेता रहीं। 100, 200 व 400 मीटर दौड़ में गीता यादव विजेता रहीं। 800 मीटर में आयुषी, 1500 मीटर दौड़ में सुष्मिता विजेता रहीं। 3000 मीटर वाक रेस में पलक विजेता रहीं। जूनियर बालिका जूडो के 36 किलो भार वर्ग में आरोही, 40 किलो में रूही, 44 किलो में पलक गुप्ता, 48 किलो में अनन्या, 52 किलो में पूजा, 57 किलो में महिमा, 43 किलो में तकसिना, 70 किलो में नेहा, 78 किलो में कीर्ति विजेता रहीं। प्रतियोगिता समापन अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अनिमेष सक्सेना, उपक्रीड़ा अधिकारी शकील अहमद अंसारी, विवेक कुमार, ऑफीशियल, प्रशिक्षक, खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।



जिला स्तरीय क्रिकेट, जूडो व एथलेटिक्स प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी मुख्य अतिथि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता के साथ। अमृत विचार

- **युगराज सिंह एकेडमी ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता**


**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**

पत्रांक: 871/न0पा0परि0सुल0/2025–26 दिनांक: 5 फरवरी, 2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद सुलतानपुर द्वारा 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों / फर्मों से दिनांक–20/02/26 को सायं 3: 00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। किन्तु निविदादाताओं की अनुपस्थिति की स्थिति में निविदा खोले जाने का कार्य बाधित नहीं होगा। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 19.02.2026 प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/ डी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ–साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वयं के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। बिना कारण बताएं आंशिक अथवा समस्त निविदाएं निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियों किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड करौंदिया में विनोद चौहान के घर से माया देवी के मकान तक नाला निर्माण कार्य। | 4,51,534.00 | 5,32,810.00 | 45,153.00 | 500+90 | 02 माह |
| 2 | पेयजल व्यवस्था हेतु पं0 रामनरेश त्रिपाठी सभागार परिसर में पम्प हाउस का निर्माण कार्य। | 4,62,598.00 | 5,45,866.00 | 46,260.00 | 500+90 | 02 माह |
| 3 | पेयजल व्यवस्था हेतु निरालानगर चादमारी पार्क परिसर में पम्प हाउस का निर्माण कार्य। | 4,62,598.00 | 5,45,866.00 | 46,260.00 | 500+90 | 02 माह |
| 4 | पेयजल व्यवस्था हेतु घरहों में पम्प हाउस का निर्माण कार्य। | 4,62,598.00 | 5,45,866.00 | 46,260.00 | 500+90 | 02 माह |
| 5 | पेयजल व्यवस्था हेतु नगर पालिका गेट के बगल पम्प हाउस का निर्माण कार्य। | 6,43,467.00 | 7,59,287.00 | 64,346.00 | 600+108 | 02 माह |

(लाल चन्द्र सरोज)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

(प्रवीन कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर


विकास | मई तक पूरी होगी परियोजना, राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड करा रहा निर्माण काम

## गुप्तार पार्क की सुंदरता पर चार चांद लगाएगी नई झील

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** गुप्तार घाट अब केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि रामायणकालीन आस्था और आधुनिक पर्यटन के समन्वय का जीवंत प्रतीक बनता जा रहा है। इसी कड़ी में यहां पर झील, हरित लैंडस्केपिंग और आधुनिक सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। परियोजना पूर्ण होने पर गुप्तार घाट अयोध्या के पर्यटन मानचित्र में एक नए अध्याय के रूप में जुड़ जाएगा।

- **842.26 लाख रुपये की लागत से हो रहा सौंदर्यीकरण का काम**

सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत राजकीय उद्यान विभाग द्वारा 842.26 लाख रुपये की लागत से कंपनी गार्डन क्षेत्र में कृत्रिम झील सहित व्यापक विकास कार्य कराया जा रहा है। राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा संचालित यह परियोजना मई तक पूरी होने की संभावना है। राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के सहायक अभियंता संजय सिंह के अनुसार, वर्तमान परियोजना में कृत्रिम झील मुख्य आकर्षण होगी। सरयू तट के समीप विकसित यह जल संरचना त्रेता युग की तपोभूमि की भावना को आधुनिक रूप में प्रस्तुत करेगी।



गुप्तार घाट पर निर्माणाधीन झील का चल रहा निर्माण कार्य। अमृत विचार

> यह परियोजना गुप्तार पार्क को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आध्यात्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कर रही है। बेहतर पाथवे, आकर्षक लाइटिंग, योग केंद्र, शेड और हरित क्षेत्र और भी आकर्षक बनाएंगे। इस परियोजना को पूर्ण करने के लिए मई 2026 का समय निर्धारित किया गया है।
> –अरुण तिवारी, जिला उद्यान अधिकारी।

### नहर में कूदी युवती तलाश जारी

**पूराबाजार, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना महाराजगंज क्षेत्र के पुलिस चौकी पूरा बाजार अंतर्गत बिल्हर घाट रेलवे स्टेशन के पास शारदा सहायक नहर में एक युवती ने छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने गोहार लगाया तब तक वह नहर में बह चुकी थी। पुलिस गोताखोर बुलाकर तलाश कर रही है लेकिन पता नहीं लग सका। युवती के भाई उमेश गौड ने बताया कि सविता गौड़ (22) उर्फ चुलबुली पुत्री स्व बजरंगी गौड़ गोविंदपुर थाना महाराजगंज की निवासी है। बताया कि शुक्रवार की दोपहर घर में मामूली विवाद हुआ था। चौकी प्रभारी पूरा बाजार चित्रेश प्रताप सिंह ने बताया कि नहर में कूदी युवती की चप्पल और मोबाइल घटनास्थल से बरामद हुई है। तलाश जारी है।

# अवध विवि को नहीं मिली बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की मेजबानी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** प्रदेश के सर्वाधिक सम्बद्धता वाले डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में इस बार फिर झटका लगा है। झांसी बुंदेलखंड विश्वविद्यालय को शासन ने पांचवीं बार लगातार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी दी है।

वर्ष 2010 और उससे पहले वर्ष 95-96 में डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी दी जाती रही। वर्ष 2010 में कुछ गड़बड़ी के कारण विश्वविद्यालय की छवि धूमिल हुई उसके बाद तबसे अब तक उसे यह जिम्मेदारी नहीं मिली। खास बात यह है कि बुंदेलखंड विश्वविद्यालय से अधिक अवध विश्वविद्यालय के पास सम्बद्ध महाविद्यालय और संसाधन हैं। सूत्र बताते हैं कि इस बार जिम्मेदारी के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने पहल की थी लेकिन राजभवन से एनओसी नहीं मिलने से मामला रह गया। हालांकि अवध विश्वविद्यालय के अधिकारी तर्क दे रहे हैं कि नैक मूल्यांकन की तैयारी के कारण बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा का दायित्व नहीं लिया गया है।

### उच्च शिक्षा आयोग ने झांसी को दी जिम्मेदारी

"अवध विश्वविद्यालय द्वारा कई बार बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा कराई जा चुकी है। अब यह शासन का अधिकार है किसे इसका दायित्व देता है। बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा में विश्वविद्यालय भी जिम्मेदारी निभाता है। -विनय कुमार सिंह, कुलसचिव"

### बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने जारी की संयुक्त प्रवेश परीक्षा की अधिसूचना

बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा की अधिसूचना जारी की है। ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 10 फरवरी से शुरू होगी। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा का आयोजन अप्रैल माह में किया जाएगा। विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट bujhansi.ac.in पर 9-10 फरवरी की मध्यरात्रि से आवेदन सक्रिय हो जाएगा। अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए लगभग एक माह का समय मिलेगा। परीक्षा में पांच लाख से अधिक आवेदन आने की संभावना है।

## जिला व महानगर अध्यक्ष पदों को लेकर फिर हलचल

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** भाजपा के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष पद को लेकर एक बार फिर हलचल शुरू हो गई है। उम्मीद जताई जा रही है कि दोनों पदों के लिए नामों की घोषणा जल्द हो सकती है। पद की चाहत में नेताओं ने ऊपर तक पैरवी शुरू कर दी है। जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दिसंबर 2024 में कराया गया था। दोनों पदों के लिए बड़ी संख्या में लोगों ने नामांकन किया था। नामों की घोषणा हाईकमान से किए जाने की बात कहकर आगे बढ़ा दिया गया। अयोध्या जैसे महत्वपूर्ण स्थल पर लगभग साव साल बाद भी पार्टी अपने पदाधिकारियों के नाम की घोषणा नहीं कर पाई। एक बार फिर पार्टी हल्के में नामों की घोषणा की चर्चा परवान चढ़ गई है।पुराने से नए पदाधिकारी अपनी जुगत में जुट गए हैं। किसी को दोबारा पद चाहिए तो कोई मौका चाह रहा है। बड़े नेताओं की कृपा के लिए प्रयास तेज हैं।हालांकि दूसरी ओर चर्चा यह भी है कि प्रदेश अध्यक्ष अपनी कार्यसमिति के गठन के बाद भी प्रदेश के बचे रह गए जिलों और महानगरों के अध्यक्ष की घोषणा करेंगे। जो भी हो लेकिन एक बार फिर भाजपा के अंदरखाने में सियासत गरमाई है।

# जिले के टॉप टेन में स्थान बनाया तो छात्रा को दी जाएगी स्कूटी


विदाई समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते प्रबंधक भगवान बक्स सिंह।

**पूराबाजार, अमृत विचार:** कामता सिंह बालिका इंटर कॉलेज राजेपुर में कक्षा 11 की छात्राओं ने कक्षा 12 की छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्रबंधक भगवान बक्श सिंह ने बच्चों से कहा कि परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता के साथ कॉलेज का भी नाम रोशन करें।

कहा कि जो छात्राएं जिले के टॉप टेन लिस्ट में आंएगी उन्हें विद्यालय की तरफ से स्कूटी इनाम में दी जाएगी। साथ ही साथ मेधावी छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। शिक्षकों से आग्रह किया कि अपने फोन नंबर बच्चों को दें, जिससे घर बैठे वे परीक्षा के लिए आपसे ज्ञान प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में प्रबंध प्रबंध समिति के पदाधिकारी राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, डॉ. आनंद गोपाल सिंह व पूर्व ब्लॉक प्रमुख धर्मराज ने भी छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

- विदाई समारोह में बोले प्रबंधक, मेधावियों का होगा सम्मान

# 1.5 करोड़ की लागत से तीन फीडरों की बढ़ेगी क्षमता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

- 300 गांवों के 70 हजार उपभोक्ताओं को मिल सकेगी बेहतर बिजली आपूर्ति

**अमृत विचार।** जनपद में गर्मियों के दौरान बिजली ओवरलोड की समस्या से निपटने के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। निगम डेढ़ करोड़ रुपए की लागत से बैरामपुर बरवां, कलेसर और सेनपुर विद्युत उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाएगा। इस पहल से शहर सहित लगभग 300 गांवों के 70 हजार उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी। शासन ने इसके लिए ट्रांसफॉर्मर बजट जारी कर दिया है।

बता दें कि वर्तमान में बैरामपुर बरवां उपकेंद्र पर पांच-पांच एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर से शिवबाबा, कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज, रामनगर और टाउन पफीडर जुड़े हैं। यह फीडर जिला मुख्यालय शहर की इंद्रलोक कॉलोनी, शिवबाबा धाम, श्रवण धाम, तमसा मार्ग, मिर्जापुर, मुरादाबाद, रसूलाबाद और रतनपुर सहित 50 गांवों के 25 हजार उपभोक्ताओं को बिजली प्रदान करते हैं। ट्रांसफॉर्मर की कम क्षमता के कारण अक्सर लो-वोल्टेज, बिजली कटौती जैसी समस्याएं आती हैं, जिससे उपभोक्ताओं और अधिकारियों दोनों को परेशानी होती है। इस समस्या के समाधान के लिए अब बैरामपुर बरवां उपकेंद्र पर दस-दस एमवीए के दो नए ट्रांसफॉर्मर स्थापित किए जाएंगे। इसी तरह, सेनपुर विद्युत उपकेंद्र पर एक पांच एमवीए और एक दस एमवीए ट्रांसफॉर्मर से छह फीडर संचालित होते हैं। गर्मी में ओवरलोड के कारण इन फीडरों को दो-दो घंटे बंद करके बारी-बारी से चलाया जाता है। पावर कॉरपोरेशन ने बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 के तहत यहां भी ट्रांसफॉर्मर की क्षमता बढ़ाने का निर्णय लिया है, जिसके बाद यहां दस-दस एमवीए के दो ट्रांसफॉर्मर लगाए जाएंगे। कलेसर उपकेंद्र पर पांच एमवीए का एक और दस एमवीए का एक ट्रांसफॉर्मर सात फीडर संचालित करता है। तीनों उपकेंद्रों पर ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि से बिजली आपूर्ति में सुधार होगा। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि पावर ट्रांसफॉर्मर क्षमता वृद्धि को स्वीकृति मिल गई है और ट्रांसफॉर्मर शीघ्र ही लगाए जाएंगे।

## नहरों की सफाई और सिंचाई व्यवस्था को बैठक 10 को

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।** अमृत विचार। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में जनपद में सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नहरों के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में 10 फरवरी को सुबह जनपद सिंचाई बंधु की बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा और शासन द्वारा नामित दिलीप कुमार तिवारी उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में नहरों की समुचित सफाई का नियोजन एवं कार्ययोजना, नहरों की कटिंग एवं टेल तक पानी पहुंचाने से संबंधित समस्याओं, रोस्टर के अनुसार नहरों के संचालन, नहरों के कुलावों की व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं तथा राजकीय नलकूपों के संचालन एवं मरम्मत से संबंधित बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसके अतिरिक्त किसानों से प्राप्त अन्य सिंचाई संबंधी समस्याओं के निराकरण पर भी विचार किया जाएगा।

# मरीजों को अस्पताल में मिले बेहतर चिकित्सा सुविधाएं

बसखारी, अंबेडकरनगर।

- मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण, जिम्मेदारों को दिए निर्देश

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने और अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

बता दें कि मुख्य चिकित्साधिकारी के सीएचसी पहुंचने से हडकंप मच गया। उन्होंने अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इसके बाद 30 शैया महिला अस्पताल का भी निरीक्षण किया और प्रसव कक्ष के वार्ड में जाकर महिलाओं व स्टाफ नर्स से आवश्यक जानकारी हासिल की। सीएमओ ने वार्ड में उपस्थित मरीजों से उनके स्वास्थ्य संबंधी उपचार के बारे में जानकारी ली। उन्होंने यह भी पता किया कि प्रसव के दौरान किसी से अवैध वसूली तो नहीं की जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को अस्पताल आए मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को दुरस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एक शिकायत पर सीएमओ ने अस्पताल परिसर में बने आवासीय परिसर का भी जायजा लिया। शिकायतकर्ता ने बताया था कि पूर्व में अस्पताल में तैनात डॉ. पोनमी देव द्वारा अपने सरकारी आवास में मरीजों का इलाज किया जाता है। इस संबंध में सीएमओ संजय शैवाल ने बताया कि शिकायत के आधार पर डॉ. पोनमी देव के आवास की जांच की गई, जहां मरीजों का इलाज किए जाने के प्रमाण मिले। डॉ. पोनमी का जहांगीरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तबादला हो चुका है, उन्हें अब तक सरकारी आवास खाली कर देना चाहिए था। विभाग द्वारा जल्द ही नोटिस देकर आवास खाली कराया जाएगा। इस औचक निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीएमओ रामानंद सिद्धार्थ, स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक अजय कुमार, डॉ. विजय बहादुर वर्मा, डॉ. राजवंत यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अस्पताल में सामान्य प्रसव के बाद महिला की मौत

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

- पति ने डॉक्टरों व स्टाफ पर लापरवाही बरतने का लगाया आरोप, पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार।** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के फखरपुर गांव निवासी महिला की प्रसव के दौरान मौत हो गई। मृतका के पति ने महिला अस्पताल के डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है।


पूजा देवी (फाइल फोटो)

बता दें कि फखरपुर निवासी प्रवेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पत्नी पूजा देवी को बीते 5 फरवरी को प्रसव पीड़ा होने पर दोपहर करीब 1:30 बजे उनके पिता साधु सरन कनौजिया सरकारी महिला अस्पताल जलालपुर लेकर गए थे। जहां ड्यूटी पर तैनात महिला डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ ने उन्हें भर्ती कर लिया। करीब 2:49 बजे पूजा देवी ने सामान्य रूप से एक बच्चे को जन्म दिया। आरोप है कि प्रसव के बाद पूजा देवी को अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा, लेकिन समय रहते उचित इलाज नहीं किया गया। परिजनों का कहना है कि हालत बिगडऩे के बावजूद महिला को उसी अवस्था में छोड़ दिया गया और गलत उपचार किया गया। उस समय प्रसव कक्ष में मृतका की चचेरी सास चंद्रकला और ग्राम सभा की आशा बहू भी मौजूद थीं। उन्होंने बताया कि प्रसव कक्ष में इलाज के लिए आवश्यक उपकरण, ऑक्सीजन और यहां तक कि ग्लूकोज की बोतल तक उपलब्ध नहीं थी। परिजनों का आरोप है कि तबीयत गंभीर होने पर अस्पताल कर्मियों ने बाहर से दवा लाने को कहा और यह भी कह दिया कि यहां इलाज संभव नहीं है। इसके बाद किसी तरह एंबुलेंस की व्यवस्था कर महिला को जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही पूजा देवी की मौत हो गई। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### अस्पताल कर्मियों पर कार्रवाई की मांग

मृतका के पति प्रवेश कुमार ने बताया कि वह अयोध्या जनपद के रौनाही टोल प्लाजा पर कार्यरत हैं। घटना की सूचना मिलते ही वह तत्काल घर पहुंचे और जलालपुर कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अस्पताल कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। मृतका की शादी वर्ष 2025 में हुई थी और यह उसका पहला प्रसव था। परिजनों द्वारा शुक्रवार दोपहर मृतका का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में जलालपुर कोतवाल अजय प्रताप ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है, मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### महिला चिकित्सक ने आरोपों को बताया निराधार

इस पूरे मामले पर महिला चिकित्सक डॉ. रमा वर्मा ने आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि महिला का प्रसव सामान्य रूप से हुआ था, लेकिन अचानक तबीयत बिगडऩे पर उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। उनके द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती गई है।

# अराजक तत्वों ने आंबेडकर प्रतिमा किया क्षतिग्रस्त, केस

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** जनपद के आलापुर थाना क्षेत्र स्थित विमावल गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा की अंगुली अराजक तत्वों ने बीती रात तोड़ दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रतिमा को ठीक कराकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दिया है।

बता दें कि स्थानीय लोगों ने शुक्रवार सुबह आंबेडकर प्रतिमा की टूटी हुई अंगुली देखी, जिसके बाद काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। आंबेडकर प्रतिमा के क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। सूचना मिलते ही आलापुर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने क्षतिग्रस्त प्रतिमा का निरीक्षण किया और स्थानीय लोगों की मदद से प्रतिमा की अंगुली को ठीक कराया। पुलिस ने ग्रामीणों की तहरीर के आधार पर अज्ञात अराजक तत्वों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलापुर क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल ने बताया कि अराजक तत्वों द्वारा आंबेडकर प्रतिमा की अंगुली तोड़ी गई थी, जिसे तत्काल ठीक कराया जा रहा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

## वकालत पेशे के बाद अब गायन के क्षेत्र में परचम लहरा रहे आकाश


आकाश राजभर

**आजमगढ़। अमृत विचार :** जिले के आकाश राजभर उर्फ राज ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा किसी एक दायरे की मोहताज नहीं होती। पेशे से वकील रहे आकाश राजभर आजकल संगीत की दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। कानूनी दांव-पेच और अदालत की बहसों के बीच अपनी जिम्मेदारियां निभाने वाले आकाश के दिल में बचपन से ही संगीत के लिए खास लगाव था। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद उन्होंने रियाज़ करना नहीं छोड़ा। धीरे-धीरे उनका यह शौक जुनून में बदला और फिर जुनून ने उन्हें मंच तक पहुंचा दिया। स्थानीय कार्यक्रमों से शुरुआत करने वाले आकाश राजभर आज कई एल्बम में अपने मधुर स्वर से श्रोताओं का दिल जीत रहे हैं। खास बात यह है कि उनकी गायकी में भोजपुरी संगीत की झलक के साथ आधुनिक अंदाज़ भी देखने को मिलता है, जो युवाओं और बुजुर्गों—दोनों को समान रूप से आकर्षित करता है। आकाश का कहना है कि "कानून मेरा पेशा है, लेकिन संगीत मेरी आत्मा है।" वे मानते हैं कि अगर इंसान अपने सपनों को समय दे, तो कोई भी मुकाम दूर नहीं। उनकी यह सफलता उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो अपने अंदर छिपी प्रतिभा को जिम्मेदारियों के बोझ तले दबा देते हैं। आकाश ने दिखा दिया कि अगर हौसले बुलंद हों, तो जीवन में दूसरी पारी भी उतनी ही शानदार हो सकती है।

## विद्यार्थी सफलता के लिए निरंतर करें अभ्यास



**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आगामी 18 फरवरी से प्रारंभ हो रही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षाओं को दृष्टिगत रखते हुए नृपति नारायण सिंह स्मारक इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पर चर्चा एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला रहे। जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों को परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर अभ्यास पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राएं उत्तर लिखने का नियमित अभ्यास करें, पिछले 10 वर्षों के प्रश्नपत्रों का गहन पुनरावृत्ति करें तथा सभी महत्वपूर्ण सूत्रों को एक साथ संकलित कर रिवीजन करें। परीक्षा की तैयारी के लिए अब सीमित समय शेष है, ऐसे में योजनाबद्ध ढंग से अभ्यास और समय प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में सफलता निरंतर मेहनत और अभ्यास से ही प्राप्त होती है, इससे कभी पीछे नहीं हटना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित शिक्षक उपस्थित रहे और विद्यार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

## भारतीय लेबर यूनियन ने किया प्रदर्शन

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में भारतीय लेबर यूनियन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट स्थित आंबेडकर प्रतिमा प्रांगण में धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान यूनियन ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। बता दें कि शुक्रवार को यूनियन के मंडल महासचिव सुनील कुमार ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में बेरोजगारों को भत्ता देना शामिल है। इसके अतिरिक्त, पल्स, सहारा और रेमन जैसी कंपनियों में फंसे निवेशकों का भुगतान करवाने की भी मांग की गई। यूनियन ने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर श्रम विभाग में श्रमिकों का पंजीकरण कराने की अपील की। यूनियन ने किसानों का कर्ज माफ करने के फैसले का स्वागत किया। साथ ही यह भी मांग की कि छोटे व्यापारियों और उन लोगों का कर्ज माफ किया जाए जो लॉकडाउन के कारण अभी तक अपना कर्ज नहीं चुका पाए हैं और जिनकी आर्थिक स्थिति खराब है। उन्होंने बैंकों को तत्काल कर्ज माफ करने का आदेश देने का आग्रह किया। यूनियन ने आरोप लगाया कि नगर पालिका के अधिकारी पैसे के बल पर जबरदस्ती वरासत कराना चाहते हैं। जिलाधिकारी से इस प्रक्रिया को तत्काल रोकने का निवेदन किया गया। शिक्षा के अधिकार के तहत गरीब बच्चों के ऑनलाइन प्रवेश के संबंध में, यूनियन ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से अनुरोध किया। उनकी मांग है कि बच्चों को उसी विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाए जिसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन किया है।

## अभियुक्त के पास से असलहा बरामद

**दुलहूपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** थाना कटका पुलिस ने अवैध असलहा रखने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अदद देशी पिस्टल 32 बोर बरामद की है। थाना प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव ने बताया कि बुधवार की रात चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कटका ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर निखिल यादव उर्फ हैप्पी निवासी करीमपुर मंशुरपुर थाना मालीपुर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक नाजायज देशी पिस्टल 32 बोर बरामद हुई। पुलिस ने बरामद असलहे को सील कर कब्जे में लेते हुए अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

## टैबलेट पाकर छात्राओं के खिले चेहरे


छात्राओं को टैबलेट वितरित करतीं महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ. पुष्पा सिंह।

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** ज्ञान स्मारक महिला महाविद्यालय अलमापुर अमरतल में अध्ययनरत छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत टैबलेट का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि नवजोत इंटर कॉलेज हजपुरा के पूर्व प्रधानाचार्य अशोक कुमार पांडेय रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ. पुष्पा सिंह उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस युग में ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक से जोडऩे में यह योजना बेहद उपयोगी है। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा सिंह ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि इसके माध्यम से ज्ञान का संसार विद्यार्थियों के सामने साकार हो रहा है, जिससे वह अनंत ज्ञान अर्जित कर अपने जीवन को उज्ज्वल और सार्थक बना सकेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनोज प्रजापति ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए छात्राओं को स्मार्टफोन के सार्थक उपयोग और अध्ययन सामग्री एकत्र करने के तरीकों पर प्रकाश डाला तथा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। टैबलेट प्राप्त कर छात्राओं ने सरकार की इस योजना की सराहना की।

## बकाया भुगतान की मांग को लेकर जिलाधिकारी को दिया पत्र

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** आशा एवं आशा संगिनी कार्यकत्री सेवा समिति ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मिशन निदेशक के आदेशानुसार दिसंबर, जनवरी, टीबीआई और सत्र 2024-25 व 2025-26 के बकाया मानदेय भुगतान की मांग की है। जिलाधिकारी को दिए पत्र में समिति की जिलाध्यक्ष विमला ने बताया कि आशा एवं आशा संगिनी कार्यकर्ताओं का दिसंबर और जनवरी का भुगतान, वित्तीय वर्ष 2025-26 का टीबीआई राशि तथा अन्य प्रोत्साहन राशि अभी तक लंबित है। उन्होंने बताया कि मिशन निदेशक द्वारा 27 जनवरी 2026 और 4 फरवरी 2026 को वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 का पूर्ण भुगतान तथा आभा कार्ड की राशि तत्काल जारी करने हेतु पत्र जारी किए जा चुके हैं। हालांकि, मार्च क्लोजिंग बीत जाने के बावजूद भी यह भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। जिलाध्यक्ष विमला ने जिलाधिकारी से अनुरोध किया है कि मिशन निदेशक के निर्देशों का पालन करते हुए सभी बकाया राशियों का भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

# प्रधानाचार्य पर चंदे और किराए की रकम में हेराफेरी का आरोप

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** सरकारी पद पर कार्यरत एक प्रधानाचार्य पर धार्मिक संस्था की रजिस्टर्ड वक्फ कमेटी के प्रबंधन पद पर रहते हुए चंदे और किराए की रकम में हेराफेरी का आरोप लगा है। मामले को लेकर शिकायतकर्ता ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और उपनिदेशक बेसिक शिक्षा अयोध्या मंडल से जांच और कार्रवाई की मांग की है।

मामला जलालपुर कस्बे के सराय चौक स्थित शिया समुदाय के आस्था केंद्र मस्जिद और रोजा हजरत कासिम वक्फ नंबर-857 से जुड़ा है। शिकायतकर्ता इब्ने अली जाफरी ने आरोप लगाया है कि ग्राम उफरौली स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाचार्य अली हसन शिक्षा विभाग के नियमों के विरुद्ध वक्फ कमेटी में प्रबंधक पद पर भी कार्यरत हैं। शिकायत में कहा गया है कि मस्जिद परिसर की लगभग 70 दुकानों से प्राप्त किराया और चंदे की लाखों रुपए की रकम का न तो बैंक में जमा किया जा रहा है और न ही कोई लेखा-जोखा रखा जा रहा है। इसके अलावा प्रधानाचार्य पर विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित न रहने और अधिकांश समय मस्जिद कमेटी के कार्यों और अन्य गतिविधियों में लगे रहने का भी आरोप है। जिला स्तर पर कार्रवाई न होने के बाद शिकायत उपनिदेशक बेसिक शिक्षा फैजाबाद मंडल को भेजी गई है। इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी जलालपुर मीनाक्षी सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

फाइलेरिया उन्मूलन

सीएमओ ने जिम्मेदार अधिकारियों के साथ बैठक कर दिया निर्देश

# 350 टीमें घर-घर जाकर लोगों को खिलाएंगी दवा

जलालपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ड्वाकरा हाल ब्लॉक परिसर जलालपुर में टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल ने की।


जलालपुर ब्लॉक में बैठक करते सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए 350 टीमों का गठन किया गया है, जो घर-घर जाकर लोगों को दवा खिलाएंगी। अभियान के तहत डीईसी, आइवरमेक्टिन और एल्बेंडाजोल की खुराक उम्र के अनुसार दी जाएगी। 2 से 5 वर्ष के बच्चों को एक डीईसी टैबलेट, 5 से 15 वर्ष तक के बच्चों को दो डीईसी टैबलेट और 15 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को तीन डीईसी टैबलेट दी जाएगी। बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सभी टीमें अपने सामने ही दवा का सेवन कराएंगी। निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षा विभाग, आईसीडीएस और पंचायत विभाग के सहयोग पर भी जोर दिया गया। पूर्व में उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में हुई बैठक में सभी विभागों ने अभियान को सफल बनाने का भरोसा दिलाया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर के अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि टीमों की निगरानी के लिए सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। सभी के सहयोग से यह अभियान निश्चित रूप से सफल होगा।

## पैदल मार्च कर लोगों को दिलाया सुरक्षा का भरोसा


पैदल मार्च करते पुलिस अधिकारी।

**न्यौरी अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** न्यौरी अंबेडकरनगर नवागत थाना प्रभारी कटका अवधेश श्रीवास्तव ने शुक्रवार शाम को पुलिस बल के साथ पैदल मार्च कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार शुक्रवार देर शाम को नवागत थाना अध्यक्ष अवधेश श्रीवास्तव ने पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के दुल्हूपुर बाजार, अमोला, गोविंद साहब, अमड़ी, न्यौरी बाजार में पैदल गस्त करते हुए आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। उन्होंने थाना क्षेत्र की मुख्य बाजार न्यौरी में पैदल गस्त करते हुए स्थानीय व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि आप लोग अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सी.सी.टी.वी. कैमरा अवश्य लगाएं, व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस सदैव तत्पर है उन्होंने स्थानीय निवासियों एवं आम जनमानस से अपील करते हुए कहा कि कहीं पर भी संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध गाड़ी दिखे तो आप लोग तुरंत पुलिस को सूचित करें पुलिस आम आम जनमानस की सहायता एवं सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

न्यूज ब्रीफ

### 453 जरूरतमंदों को कराया निःशुल्क भोजन

सुल्तानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय सहायता सेवा संघ ने बृहस्पतिवार देर रात स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जिला चिकित्सालय व रेलवे स्टेशन परिसर में निशुल्क भोजन वितरण किया। इस दौरान मरीजों, तीमारदारों व यात्रियों सहित कुल 453 जरूरतमंदों को गरम भोजन उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम संगठन अध्यक्ष मेराज अहमद खान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। भोजन में दाल, सब्जी, रोटी व चावल शामिल रहे।

### परास्नातक छात्रों का परीक्षा फल घोषित

सुल्तानपुर, अमृत विचार : केएनआईपीएसएस स्वायत्तशासी व्यवस्था अंतर्गत एमए, एमएससी एवं एमकॉम प्रथम व तृतीय सेमेस्टर ( सत्र 2025-26) का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। हिन्दी, अंग्रेजी, समाज विज्ञान, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के छात्र शामिल हैं। परीक्षार्थी संस्थान की वेबसाइट पर अनुक्रमांक व जन्मतिथि डालकर अंकतालिका डाउनलोड कर सकते हैं। यह जानकारी परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रवीण कुमार सिंह ने दी।

### अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड पर हुआ व्याख्यान

सुल्तानपुर, अमृत विचार : कमला नेहरू संस्थान के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड एंड इट्स नेगेटिव इम्पैक्ट ऑन हेल्थ विषय पर व्याख्यान आयोजित किया गया। अम्बेडकर हाल में हुए कार्यक्रम में बीएससी एवं एमएससी के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता अंकुर सिंह प्रवक्ता, ऋषिराज सिंह महाविद्यालय ने बताया कि अल्ट्रा प्रोसेस्ड फूड मोटापा, मधुमेह व कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन रहा है, खासकर छात्रों में इसका प्रभाव अधिक दिख रहा है। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक कुमार वर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल में शामिल हुए विजय

सुलतानपुर, अमृत विचार : भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन विजय मिश्रा ने अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की। यह सदस्यता संगठन के प्रदेश मंत्री हिमांशु मालवीय के दिशा-निर्देशन एवं जिला उपाध्यक्ष संतोष सिंह राज के नेतृत्व में दिलाई गई। इस अवसर पर हिमांशु मालवीय ने उनके संगठन से जुड़ने को व्यापार मंडल के लिए मजबूती बताया।

# पूर्व विधायक समेत 19 के बरी होने के आदेश को चुनौती

## अभियोजन ने आरोपियों के बरी होने के खिलाफ सेशन कोर्ट में दाखिल की गई अपील, पांच मार्च को होगी अगली सुनवाई

विधि संवाददाता, सुल्तानपुर

**अमृत विचारः** पुलिस टीम पर हमले के आरोप वाले 19 साल पुराने मामले में एमपी-एमएलए कोर्ट द्वारा पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह 'सोनू' सहित 19 समर्थकों को बरी किए जाने के बाद अब मामला एक बार फिर न्यायिक दायरे में लौट आया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय द्वारा आरोपियों के बरी होने के खिलाफ दाखिल अपील को प्रभारी जिला जज संध्या चौधरी ने सुनवाई के लिए स्वीकार करते हुए आरोपियों को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। मामले की



अगली सुनवाई 5 मार्च को निर्धारित की गई है।

गौरतलब है कि 19 साल बाद एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने बीते साल 4 अक्टूबर को सोनू सिंह समेत 19 आरोपियों को बरी कर दिया था। तत्कालीन एसओ जे.एल. सरोज की तहरीर पर दर्ज हुए इस मामले में आरोप था कि पूर्व विधायक व उनके समर्थकों ने 24 अगस्त 2006 को पुलिस द्वारा यशभद्र सिंह 'मोनू' की गिरफ्तारी के दौरान पथराव कर हमला किया था। विवेचना के उपरांत पुलिस ने कुल 25 आरोपियों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल किया था। कोर्ट ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, सत्येन्द्र सिंह, हरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, मनुभद्र सिंह, सुशील सिंह, हैडिल सिंह, सुजीत सिंह, शोभनाथ मिश्र, सुनील मिश्र, सतीश मिश्र, देव प्रकाश तिवारी, वीरेंद्र उर्फ पिंकू, रामअचल, इन्द्रमणि दूबे, त्रिलोकीनाथ, रणविजय, टिल्लू गुप्ता व गिरिजा प्रसाद मिश्र को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया था।

### पूर्व मंत्री के केस में गवाह गैर-हाजिर

संवाददाता, सुल्तानपुर : एमपी-एमएलए की स्पेशल सेशन कोर्ट में पूर्व मंत्री जंग बहादुर सिंह व अन्य के खिलाफ चल रहे हत्या के मुकदमे में शुक्रवार को अभियोजन पक्ष के गवाह जगदंबा सिंह हाजिर नहीं हुए। इसकी वजह से मुकदमे की सुनवाई अब 13 फरवरी को होगी। अभियोजन के मुताबिक स्पेशल जज राकेश यादव की अदालत ने उनके खिलाफ जमानती वारंट बरकरार रखा है। अन्य साक्षियों के खिलाफ सम्मन जारी करने का आदेश देते हुए उसे साक्ष्य के लिए तलब किया है। अमेठी जिले के जगदीशपुर के पूरे मतऊ गौरा निवासी शिवकुमार यादव ने सात अप्रैल 2001 की घटना बताते हुए अपने भाई राजकुमार यादव की साजिशन हत्या के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### हत्या के मामले में सुनवाई नौ को

संवाददाता, सुल्तानपुर : कोतवाली नगर के चुन्हा में 23 जनवरी को हुई मारपीट कर हैदर अब्बास की हत्या करने के मामले में आरोपी तौफीर हुसैन की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए सेशन कोर्ट ने पुलिस से रिपोर्ट तलब की है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि नौ फरवरी को सुनवाई नियत हुई है। अक्रोज बानो ने पड़ोसी खादिम, उसकी पत्नी बिलकिश बानो, तौफीर हुसैन और अन्य पर मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मामले में खादिम की पत्नी शकिना बानो को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था लेकिन कोर्ट ने उसका रिमांड वापस कर दिया था।

### जेल में निरुद्ध आरोपित को राहत

संवाददाता, सुल्तानपुर : अमेठी जिले के थानाक्षेत्र जगदीशपुर के हरदो सुजानपुर मोड़ से अवैध गांजे की बरामदगी में जेल में निरुद्ध आरोपित हनुमान सिंह की जमानत न्यायाधीश जलाल मोहम्मद अकबर ने मंजूर कर राहत दी है। आरोपी के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक बीती 15 जनवरी को उपनिरीक्षक दिवाकर ने आरोपी के कब्जे से एक किलो 100 ग्राम गांजे की बरामदगी दर्शाते हुए जेल भेज दिया था।

### रिटायर्ड बैंककर्मी के खातों से 6.16 लाख उड़ाए

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : शहर के शाहगंज मोहल्ला निवासी रिटायर्ड बैंककर्मी अरुण फेसबुक पर बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़ा एक लिंक देख रहे थे, जिसमें सीनियर सिटिजन/सेवानिवृत्त स्टाफ के लिए डेबिट एटीएम कार्ड जारी करने की बात लिखी थी। लिंक खोलते ही उन्हें एक कॉल आया, जिसमें कॉलर ने खुद को बैंक ऑफ बड़ौदा के हेड ऑफिस से बताया और निर्देशों का पालन करने को कहा। बैंक कर्मी ने बताए गए निर्देशों का पालन किया, उनके तीन खातों से रकम निकलती चली गई। बैंक ऑफ बड़ौदा के पेंशन खाते से 97 हजार रुपये, पत्नी के साथ संयुक्त खाते से 1 लाख 39 हजार रुपये और ओवरड्राफ्ट खाते से 3 लाख 80 हजार रुपये, कुल 6 लाख 16 हजार रुपये की ठगी हो गई। ठगी का एहसास होने पर बैंक कर्मी ने 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई, साथ ही साइबर थाने पर तहरीर दी थी।

# महिलाओं के लिए मुसीबत बनी एसआईआर की नोटिस

संवाददाता, सुलतानपुर

- मायके से 2003 की वोटर लिस्ट लाकर जमा करो, फिर साबित करो किसकी पत्नी हो

**अमृत विचारः** जिले में चल रही एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया महिला मतदाताओं के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। नोटिस का जवाब देने के लिए कई महिलाओं को अपने मायके तक का सफर करना पड़ रहा है। वजह 2003 की मतदाता सूची को मायके से लाकर जमा करना है। जिसमें उनके माता पिता या फिर दादा दादी का नाम हो। इतना ही नहीं महिलाओं को मायके का कोई दस्तावेज देकर यह भी साबित करना है कि वह उनकी पुत्री है। मौजूदा निवास स्थान पर वोटर बनने के लिए महिलाओं से यह साबित करने को कहा जा रहा है कि वे किसकी पत्नी हैं। इसके लिए परिवार रजिस्टर की नकल, निवास प्रमाण पत्र, बैंक खाता, या अन्य दस्तावेज मांगे जा रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुराने रिकॉर्ड आसानी से उपलब्ध नहीं हैं। कई महिलाएं मायके और ससुराल के बीच कागजात जुटाने में भटक रही हैं। नोटिस का जवाब देने कूरेभार विकास खंड मुख्यालय आई महिला संगीता ने बताया कि किसी तरह मायके से 2003 की मतदाता सूची मिल गई है। पढ़ी लिखी न होने के चलते मार्कशीट नहीं है।अब माता या पिता की पुत्री साबित करने के लिए परिवार रजिस्टर की नकल लानी होगी। वही ससुराल में किसकी पत्नी है इसे साबित करने के लिए भी बैंक खाता या परिवार रजिस्टर की नकल या फिर निवास प्रमाण पत्र चाहिए। अभी उनका परिवार रजिस्टर में नाम ही नहीं अंकित है, निवास प्रमाण पत्र का आवेदन किया है अभी मिला नहीं है। परिवार रजिस्टर की नकल लेने के लिए भी लंबी कतार लग रही है।

अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या पहचान का आधार सिर्फ पुराने कागजात और रिश्तों से तय होगा, या महिला मतदाता को सरल प्रक्रिया का अधिकार मिलेगा। इस संबंध में कूरेभार खंड विकास अधिकारी ने बताया कि जिन महिलाओं की नोटिस जनरेट हुई है उन्हें मायके व ससुराल से संबंध प्रमाणित करने वाले दस्तावेज जमा करने होंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मैप न हो पाने वाले 3,71,546 मतदाताओं को नोटिस के लिए चिन्हित किया गया है।

करीब तीन लाख से अधिक मतदाताओं की नोटिस जनरेट की जा चुकी है, जबकि एक लाख से अधिक मतदाताओं को नोटिस की सुनवाई के लिए तामील कराई गई है। जिले में कार्यरत 80 ईआरओ अब तक 40,335 मामलों की सुनवाई पूरी कर चुके हैं। सुनवाई के दौरान प्राप्त दस्तावेजों को सत्यापन के लिए संबंधित अधिकारियों को भेजा जा रहा है। 27 और ईआरओ को नोटिस की सुनवाई के लिए नामित किया गया है।

### डॉ. संतोष अंश को मिला ग्लोबल एक्सीलेंस एजुकेटर अवॉर्ड

सुलतानपुर, अमृत विचार : राणा प्रताप पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार सिंह ( अंश ) को शिक्षा एवं शोध के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए ग्लोबल एक्सीलेंस एजुकेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राजर्षि जनक विश्वविद्यालय, नेपाल में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के दौरान प्रदान किया गया। सेमिनार में डॉ. संतोष अंश ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और शिक्षा विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत करते हुए एआई से शिक्षा में हो रहे सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। सम्मान मिलने पर महाविद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य सहित शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता। • अमृत विचार

### सीएचसी लंभुआ में अनियमितताओं को लेकर भाकियू का प्रदर्शन, सीएमएस को सौंपा ज्ञापन

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत ) के तहसील अध्यक्ष अरविंद कुमार के नेतृत्व में किसान नेताओं ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राघवेंद्र सिंह को छह सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडेय ने बताया कि मरीजों को कमीशन के चलते बाहर से दवा और जांच लिखे जाने पर रोक लगाने, अस्पताल में लिखी गई दवाएं व इंजेक्शन उपलब्ध कराने, साफ-सफाई व्यवस्था सुधारने और बेडशीट नियमित बदलने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा रात्रि में डॉक्टर की उपस्थिति सुनिश्चित करने तथा अस्पताल परिसर में दलालों के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई। किसान नेताओं ने कहा कि यदि जल्द ही व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश महासचिव आनंद प्रताप सिंह, जिला सचिव मजीद खान, पिन्टू चौबे, मोहम्मद अख्तर आदि मौजूद रहे।

# नशे में रखकर तुड़वाई एफडी फिर उड़ाई क्षतिपूर्ति की रकम

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : एक युवक के साथ धोखाधड़ी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एफटीसी कोर्ट के आदेश पर धरियामऊ लम्भुआ निवासी चंद्रशेखर तिवारी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। आरोप है कि उसने अमन तिवारी के पिता की मृत्यु पर मिली क्षतिपूर्ति राशि को उसे नशे मे रखते हुए धोखे से हड़प लिया। चांदा थाना क्षेत्र के छापर गांव निवासी अमन के अनुसार नाबालिग अवस्था में उसके पिता सतीश तिवारी की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। मोटर दुर्घटना अधिकरण से मिली क्षतिपूर्ति की रकम सुलतानपुर के केनरा बैंक में एफडी के रूप में जमा थी। बड़ा होने पर अमन ननिहाल के पास धरियामऊ निवासी चंद्रशेखर की राइस मिल में काम करने लगा। आरोप है कि चंद्रशेखर ने उसे गांजा और नशे की गोलियां देकर धीरे-धीरे लत लगाई। सितंबर 2025 में अमन ने एफडी

- एफटीसी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी पर किया केस दर्ज

रसीद नाना के घर से लाकर चंद्रशेखर को दी, जिसे आरोपी ने अपने पास रख लिया।आरोप है कि 28 अक्टूबर 2025 को अमन को नशे में रखकर एफडी तुड़वाई गई और 29 अक्टूबर को बैंक से पूरी रकम निकलवा ली गई। बाद में ज्यादा ब्याज का झांसा देकर पैसे दूसरी जगह जमा कराने की बात कही गई। जब अमन ने पैसे और पासबुक मांगी तो टालमटोल शुरू हो गई। अमन ने बीते 18 दिसंबर को भाई और मामा के साथ जब पासबुक मांगा तो उसे गाली-गलौज व पैर काटने की धमकी दी गई। स्थानीय पुलिस से न्याय नहीं मिलने पर कोर्ट की शरण ली थी।अब कोर्ट के आदेश परलंभुआ पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विषाक्त पदार्थ खाने से किन्नर की हालत गंभीर

अखंडनगर, सुल्तानपुर, अमृत विचार : अखंडनगर बाजार में शुक्रवार को किन्नर पुष्पांजलि ने विषैला पदार्थ खा लिया। साथ चल रहे व्यक्ति ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अखण्डनगर में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल अंबेडकरनगर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि किन्नर सुबह से बाजार में रहने वाले एक युवक की तलाश कर रही थी और उससे मुलाकात न होने के कारण यह कदम उठाने की चर्चा है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जानकारी जुटा रही है।

# सीटीईटीः 15 केंद्रों पर आज और कल 21,800 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

**संवाददाता, सुलतानपुर अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ( सीबीएसई ) द्वारा कक्षा एक से आठ तक की शिक्षक पात्रता परीक्षा ( सीटीईटी ) का आयोजन 07 व 08 फरवरी को किया जाएगा। परीक्षा के लिए जनपद में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 21,800 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगी। पहली पाली के लिए परीक्षार्थियों को सुबह 7:30 बजे से प्रवेश दिया जाएगा। 9:00 से 9:15 बजे तक प्रवेश पत्र की जांच होगी, जबकि 9:30 बजे के बाद प्रवेश पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। दूसरी पाली में प्रवेश 12:30 से 2:00 बजे तक मिलेगा।

सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर राकेशमणि त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षार्थियों को केंद्र पर डाउनलोड किया हुआ प्रवेश पत्र, एक वैध फोटो पहचान पत्र तथा पारदर्शी पानी की बोतल लानी अनिवार्य होगी। उत्तर देने के लिए केवल नीले या काले बॉल पेन की अनुमति रहेगी। परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन, घड़ी, कैलकुलेटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैग व पर्स पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे।



योग प्रशिक्षण देते योग गुरू सुनील दत्त तिवारी। • अमृत विचार

### पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय में दिया गया योग प्रशिक्षण

संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय अमहट में शुक्रवार को योग शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 700 से अधिक पुलिस प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। प्रातः साढ़े छह बजे पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार मिश्र के संरक्षण में आयोजित इस शिविर में मास्टर ट्रेनर सुनील दत्त तिवारी ने योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और नियमित अभ्यास के लाभों पर विस्तार से जानकारी दी। योग सत्र के दौरान प्रशिक्षुओं को ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, भुजंगासन, धनुरासन और शवासन सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही अनुलोम-विलोम और भ्रामरी प्राणायाम के साथ हास्यासन भी कराया गया। प्रशिक्षुओं को संतुलित आहार-विहार अपनाने और नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित किया गया।

### नाली के विवाद में महिला से मारपीट

चांदा, सुलतानपुर, अमृत विचार : नाली विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। आरोप है कि रामसागर यादव पक्ष ने आरती यादव, उनकी बेटी और ससुर के साथ मारपीट की तथा नाली को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़िता का कहना है कि विरोध करने पर दबंगों ने उल्टा पुलिस पर दबाव बनाकर उनके खिलाफ ही विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया। कोतवाली से संतोषजनक कार्रवाई न होने पर आरती यादव ने स्थानीय विधायक सीताराम वर्मा और पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। विधायक द्वारा एसएचओ चांदा अमित मिश्रा को कार्रवाई के निर्देश दिए जाने के बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। बाद में पुलिस अधीक्षक ने भी मामले में जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए, लेकिन पीड़िता के अनुसार स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# पति की मौत के बाद सदमे में ट्रेन से कूदी महिला, गई जान

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार : सुलतानपुर-वाराणसी रेल मार्ग पर गुरुवार देर रात एक महिला ने ट्रेन से कूदकर जान दे दी। महिला अपने पति की मौत के बाद परिजन के साथ लखनऊ से बिहार लौट रही थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई शुरू किया है। बिहार के बक्सर जिले के रायपुरा गांव की रहने वाली नीतू उपाध्याय (35) के पति की गुरुवार को लखनऊ के एसजीपीजीआई अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पति की मौत के बाद नीतू की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परिजन और रिश्तेदार उन्हें श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन से घर बिहार ले जा रहे थे और पति का शव एक एंबुलेंस से घर भेजा जा रहा था। इसी बीच ट्रेन जब पखरौली स्टेशन पार कर रात करीब दो बजे अभियाकलां गांव के पास पहुंची, तभी नीतू शौच के बहाने गेट के पास गईं और चलती ट्रेन से कूद गईं। महिला के कूदने के बाद यात्रियों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन रोकी। मौके पर देखा गया तो महिला की मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर कोतवाली देहात पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभियाकलां गांव के लोगों ने बताया कि रात दो बजे ट्रेन अचानक तेजी से ब्रेक लगाकर रुकी थी। बाद में पुलिस के आने पर गांव के लोग भी मौके पर पहुंचे। देहात कोतवाल धर्मबीर सिंह ने बताया कि महिला बक्सर, बिहार की रहने वाली थी और पति की मौत के बाद घर जा रही थी। साथ के लोगों ने बताया कि उसने ट्रेन से कूदकर जान दी है।

### मां-बेटे की पिटाई में पांच पर केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों द्वारा मां-बेटे की पिटाई का मामला सामने आया है। आलापुर गांव निवासी रोहित गुरुवार को पांडे बाबा बाजार से दवा लेकर घर लौट रहे थे। रास्ते में गोकुल नगर चौराहे पर कुछ लोगों ने गाली-गलौज करते हुए उन्हें घेर लिया और मारपीट शुरू कर दी। रोहित किसी तरह भागकर जब गांव के सार्वजनिक शौचालय के पास पहुंचे, तो विपक्षियों ने फिर से लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंची उनकी मां निन्हा को भी आरोपियों ने पीट दिया, जिससे मां-बेटे दोनों घायल हो गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित रोहित की तहरीर पर मैनेपारा गांव के भोदी के बेटे सहित चार अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

आयोजन

22 फरवरी को लगेगा मेगा विधिक सेवा शिविर

# 15 फरवरी तक चलेगा मध्यस्थता अभियान 2 .0

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देश पर तथा जनपद न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जनपद सुलतानपुर में मध्यस्थता अभियान 2.0 संचालित किया जा रहा है। यह अभियान 01 फरवरी से 15 फरवरी 2026 तक चलेगा, जिसके अंतर्गत न्यायालयों में लंबित मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर की सचिव मुक्ता त्यागी ने बताया कि अभियान के तहत मध्यस्थता योग्य वादों को चिन्हित कर संबंधित पक्षकारों को संदर्भित किया जा रहा है। जनपद की समस्त न्यायालयों एवं बाह्य न्यायालयों से भी ऐसे मामलों को मध्यस्थता के लिए भेजने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अधिक से अधिक मामलों का त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का सहयोग लिया जा रहा है। जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सुलतानपुर स्थित वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया गया। इस दौरान



वृद्धाश्रम का निरीक्षण करती टीम। • अमृत विचार

भोजन, साफ-सफाई एवं मौसम के अनुसार गर्म कपड़े उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। सचिव मुक्ता त्यागी ने बताया कि 22 फरवरी 2026 को जनपद सुलतानपुर में मेगा विधिक सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, खाद्य विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जनपदवासियों से अभियान एवं शिविर में सहभागिता की अपील की है।

विधिक सेवा शिविर आयोजित कर वृद्धजनों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता तथा विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। निरीक्षण के दौरान

### परिश्रम एवं दृढ़ इच्छा शक्ति से मिलती है सफलताः साक्षी

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार : लंभुआ तहसील क्षेत्र के हिरावनपुर गांव की साक्षी मिश्रा ने भूगोल विषय में जूनियर रिसर्च फेलोशिप ( जेआरएफ ) परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साक्षी



साक्षी मिश्रा

ने अपनी सफलता का श्रेय सतत परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प को देते हुए युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। इससे पहले वर्ष 2022 में उन्होंने पहले ही प्रयास में यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की थी और निरंतर मेहनत के बाद तीसरे प्रयास में जेआरएफ हासिल किया। साक्षी ने स्नातक की पढ़ाई संजय गांधी पीजी कॉलेज चौकिया से तथा परास्नातक की शिक्षा केएनआई सुल्तानपुर से प्राप्त की। वर्ष 2023 में उन्होंने पीएचडी में प्रवेश लिया। हाल ही में हरियाणा असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती परीक्षा के प्रारंभिक व मुख्य दोनों चरण भी सफलतापूर्वक पास किए हैं। उनकी सफलता पर चिंतामणि मिश्र, अमित मिश्रा सहित क्षेत्रीय लोगों ने खुशी जताई।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा सही नाम मो. शारिक पुत्र मो. शाहिद हुसैन खान है। मेरे आधार कार्ड में मेरे नाम की जगह मेरे पिताजी का नाम दर्ज है। मैं अपने आधार कार्ड में अपना सही नाम मो. शारिक पुत्र मो. शाहिद दर्ज कराना चाहता हूं। **मो. शारिक पुत्र मो. शाहिद, निवासी ग्राम गुलरिहा हिसामपुर, जनपद बलरामपुर**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अवनींद्र नाथ शाक्य ( Avanindra Nath Shakya) दर्ज है, जो गलत है। मेरा सही नाम अवनींद्र नाथ शाक्य (Avnindra Nath Shakya) है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **अवनींद्र नाथ शाक्य पुत्र राम नाथ शाक्य, निवासी 9 ए, फ्रेंड्स कॉलोनी, इटावा।**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम सुनीता शाक्य दर्ज हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम सुनीता है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **सुनीता पत्नी अवनीन्द्र नाथ शाक्य नि0- 9A फ्रेंड्स कॉलोनी इटावा**

**सूचना**
हम अरुण कुमार गांगुली पुत्र एस.एन. गांगुली तथा मेरी पत्नी आभा गांगुली दोनों निवासी-212 मानस एन्क्लेव फरीदी नगर इंदिरा नगर सीमैप लखनऊ उत्तर प्रदेश संयुक्त रूप से अपने छोटे पुत्र रितेश गांगुली व उसकी धर्म पत्नी मनीषा कश्यप पुत्री रतन लाल कश्यप को हमारी समस्त चल-अचल संपत्ति व संबंधों से बेदखल कर रहे हैं अब से हम लोगों का इनसे कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा।

**सूचना**
मै SALEEM AHMED SIDDIQUI पुत्र श्री MOHAMMAD AZEEM, निवासी म0नं0-61/50, हाता ख्वाजा गौहर, हुसैनगंज, लखनऊ, उ0प्र0, सबको सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम बदलकर MOHD SALEEM SIDDIQUI कर लिया है, अतः आज से मुझे MOHD SALEEM SIDDIQUI के नाम से जाना पहचाना व लिखा जाये।

**Public Notice**
I would like to bring to your attention that I am a student of Class 9 [A] in this school. The school records incorrectly show my name as 'Lokesh Sonkar', whereas my actual name is 'Lokesh'. I kindly request you to correct my name Lokesh in all school records and any documents future'.Lokesh s/o Laxmi Prasad, Add- Bichali Mohalla, Dafali Tala Purani Basti, Distt-Uttar Pradesh-272002

**सूचना**
मेरे द्वारा क्रय की गई संपत्ति फ्लैट संख्या 503, ब्लॉक-बी, पंचम तल, आर्किड टावर, ओमैक्स रेजिडेंसी, सरसावां, लखनऊ की मूल रजिस्ट्री (बैनामा) कहीं गुम हो गई है, जिसकी L.A.R. संख्या 20260000143150, दिनांक 05-02-2026 है। जिसको कहीं गिरवी/बंधक आदि नहीं रखा गया है इसका उपयोग अमान्य एवं शून्य माना जाएगा। **रूचिर खरे, मो0-8765078547**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। कि पूर्व मे नाम दिलीप बर्नवाल (DILEEP VERNWAL) या अब बदलकर दिलीप कुमार बर्नवाल (DILEEP KUMAR VERNWAL) हो गया हैं। अब मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए। DILEEP KUMAR VERNWAL Village- Nirvahanpur, Post-Durgapur Thana-Piperpur Amethi--228159

**सूचना**
मैने अपनी पुत्री प्रियाँशी पाल का नाम बदलकर तनिसी सिंह पाल रख लिया है। उसकी जन्म तिथि 17/12/2012 है। भविष्य मे प्रियाँशी पाल को तनिसी सिंह पाल के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जाये। **गिरिजा शंकर पुत्र स्व.प्यारे लाल पाल निवासी-राम टोला खरिका तेलीबाग, लखनऊ उत्तर प्रदेश**

**सूचना**
मैं **तहूरा स्वाले पुत्री श्री नियाज अहमद पत्नी श्री स्वाले जमाल निवासिनी- एस. एस. 35 मोती झील कालोनी ऐशबाग लखनऊ उ0प्र0,** मेरा विवाह से पूर्व नाम तहूरा फातिमा (TAHOORA FATIMA) था परन्तु विवाह के उपरान्त नाम तहूरा स्वाले (TAHOORA SWALEY) कर लिया है अर्थात दोनो नाम मेरे ही है एवं दोनो नामों से जानी व पहचानी जाती है। जहाँ कहीं भी तहूरा फातिमा (TAHOORA FATIMA) है उसके स्थान पर तहूरा स्वाले (TAHOORA SWALEY) पढ़ा लिखा जाये एवं सही माना जाये।

**सूचना**
मैं,**शैहला मेंहदी पुत्री सैय्यद मोहम्मद मेंहदी, निवासी-206/20, ड्योढ़ी, आगामीर, लखनऊ, उ0प्र0,** मैने मुंशी परीक्षा, बोर्ड ऑफ अरेबिक एण्ड परसियन से वर्ष 2007 में उत्तीर्ण की थी। उक्त परीक्षा की मार्कशीट में मेरा नाम SHHALA MEHANDI लिखा है, जो कि गलत है। जबकि सही नाम शैहला मेंहदी SHAILA MEHDI पुत्री सैय्यद मोहम्मद मेंहदी SYED MOHAMMAD MEHDI है, जो मैने यूपी बोर्ड मदरसा, एजूकेशन, लखनऊ में दूसरी मार्कशीट में सही करा लिया है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरे पुत्र अंकित का चाल चलन व मेरे व मेरे परिवार के प्रति उसका आचरण ठीक नहीं है एवं आराजक तत्वों के साथ गलत कार्य करता रहता है। जिस कारण मै अपने छोटे पुत्र अंकित को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन देन से मेरे व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सभी कृत्यों की जिम्मेदार वह स्वयं ही होंगे। **मूलचन्द्र पुत्र स्व0 रामनाथ निवासी ग्राम कुण्डरा कलॉ थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ**

### न्यूज ब्रीफ

### छात्र-छात्राओं को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**धानेपुर, गोंडा :** शिक्षा क्षेत्र मुजेहना के उप्रावि कोल्हुआ मुंगरौल में ठाकुर कुलदीप सिंह बाल सेवा एवं ग्रामीण विकास समिति की ओर आयोजित बालक - बालिका आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत बालक बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु पांच दिनों तक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न तरीकों से आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए । विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र भी दिया गया।

### ब्लॉक आपके द्वार चौपाल का आयोजन

**तरबगंज, गोंडा :** गौहानी ग्रापं में ब्लाक आपके द्वार चौपाल आयोजित हुई। अध्यक्षता बीडीओ रवि गुप्ता ने की। चौपाल में गांव की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई जिसमें पेंशन, पीएम आवास, शौचालय व जन्म प्रमाण पत्र आदि रही। महिलाओं ने पेंशन बाधित होने की शिकायत की जिस पर निस्तारण का निर्देश दिया गया। आवास का पैसा न मिलने की शिकायत पर जांच का भरोसा मिला।

### डंपर ने बाइक सवार युवकों को रौंदा, रेफर

**करनैलगंज, गोंडा :** चौरी चौराहा के पास डंपर की चपेट में आकर बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसे से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजवाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार सड़क हादसे में राघ्घा पुरवा निवासी मानवेंद्र सिंह उम्र करीब 30 वर्ष और डयनियागंज निवासी अंशू मिश्रा उम्र करीब 20 वर्ष को गंभीर चोटें आई हैं।

# कक्षा दो के विद्यार्थी को पीटा पैरों पर पड़े डंडों के निशान

## पिता ने की सख्त कार्रवाई की मांग, शिक्षक पर रिपोर्ट दर्ज

**करनैलगंज, गोंडा**



बच्चे के पैर में पिटाई से बना निशान। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोतवाली करनैलगंज क्षेत्र के एक निजी विद्यालय में शिक्षक द्वारा कक्षा दो के छात्र की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। मारपीट में बच्चे की तबीयत बिगड़ गई है और उसके दोनों पैरों सहित शरीर के कई हिस्सों पर डंडों के निशान उभर आए हैं। बच्चे की हालत देख परिजन आहत हैं। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

कोतवाली क्षेत्र के चतरुपुर नकार निवासी राज प्रसाद ने बताया कि उनका नौ वर्षीय पुत्र अभिषेक गोस्वामी क्षेत्र के गुमदहा में संचालित एमआरजी पब्लिक स्कूल में कक्षा दो का छात्र है। गुरुवार को वह रोज़ की तरह स्कूल पढ़ने गया था। आरोप है कि गृहकार्य पूरा न होने पर विद्यालय के शिक्षक प्रखर सिंह ने अभिषेक की बेरहमी से पिटाई कर दी। पीड़ित पिता के अनुसार बच्चे को करीब 100 से अधिक डंडे मारे गए, जिससे उसके दोनों पैरों समेत शरीर पर गंभीर चोटें आई हैं। जब इस घटना की शिकायत विद्यालय संचालक माधवराज से की गई तो उन्होंने उल्टा परिजनों को ही डांटकर भगा दिया। आरोप है कि बाद में शिक्षक द्वारा शिकायत न करने का दबाव भी बनाया गया।

कोतवाल नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पीड़ित पिता की तहरीर पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। चचरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अवनीश शुक्ला को मामले की जांच सौंपी गई है।

### चोरी की बाइक के साथ शातिर गिरफ्तार

**नवाबगंज, गोंडा :** स्थानीय पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग अभियान के दौरान वाहन चोरी की एक बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए शातिर बाइक चोर को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई दुल्लापुर गांव के पास स्थित रेलवे क्रासिंग पर की गई, जहां पुलिस संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच कर रही थी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि गुरुवार को चेकिंग के दौरान नवाबगंज की ओर से आ रही बिना नंबर प्लेट की काले रंग की मॉडिफाइड बाइक को रोका गया। पूछताछ के दौरान चालक संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। ई-चालान एप से जांच करने पर मोटरसाइकिल तरबगंज थाना क्षेत्र निवासी बृजकिशोर के नाम पंजीकृत पाई गई। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि बाइक नंदिनी नगर महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्किंग स्थल से चोरी की गई थी।

# शिक्षा व स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**इटियाथोक, गोंडा**



कार्यक्रम का उद्घाटन करते बलरामपुर के विधायक पल्टूराम। अमृत विचार

**अमृत विचार:** उत्कर्ष फाउंडेशन ने रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से शिक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता अभियान एवं न्यूट्रिशन वितरण कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय, मऊ शमशाबाद में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक सदर बलरामपुर पलटूराम एवं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रूपईडीह शशांक सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजीत तिवारी ब्लाक अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

विधायक ने शिक्षा एवं स्वास्थ्य को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए उत्कर्ष फाउंडेशन एवं भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा संचालित इस अभियान की सराहना की।

डॉ. रामानन्द तिवारी ने कहा कि स्वस्थ एवं शिक्षित समाज ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। इस अवसर पर संतोष त्रिपाठी, अंकिता श्रीवास्तव, संजय तिवारी, जया पाण्डेय, रणविजय सिंह, अयोध्या प्रसाद, क्रांति शुक्ला, मनोज मिश्रा एमडी माधवन इंफ्राटेक, प्रेम कुमार वर्मा, राकेश चतुर्वेदी, रवि ओझा, सौरभ तिवारी, भगवान चरण ओझा व राजेश ओझा समेत कई अध्यापक मौजूद रहे।

## 19 उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में एसपी ने किया बदलाव

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** पुलिस प्रशासन ने 19 उपनिरीक्षकों का ट्रांसफर किया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक सत्येंद्र कुमार को स्थानांतरित कर वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना धानेपुर तैनात किया गया है। वहीं गजेन्द्र पाण्डेय को वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना कटरा बाजार भेजा गया है। थाना छपिया में तैनात प्रशांत गुप्ता को चौकी प्रभारी पाण्डेय बाजार, कोतवाली नगर बनाया गया है। चौकी प्रभारी पाण्डेय बाजार मनोज कुमार सिंह को चौकी प्रभारी नियावां, थाना उमरी बेगमगंज भेजा गया है। चौकी प्रभारी नियावां, मुकेश कुमार गुप्ता को चौकी प्रभारी पिपरा बाजार, खरगूपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। खरगूपुर में तैनात कपिलेश्वर राठौर को चौकी प्रभारी जानकीनगर, थाना खरगूपुर बनाया गया है। चौकी प्रभारी डेमवाघाट, थाना नवाबगंज में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक रमेश कुमार को थाना कौड़िया स्थानांतरित किया गया है। वहीं थाना नवाबगंज में तैनात उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह को चौकी प्रभारी ढेमवाघाट, थाना नवाबगंज की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा चौकी प्रभारी कहोबा, मोतीगंज में तैनात उपनिरीक्षक विवेक कुमार को चौकी प्रभारी बालपुर, थाना करनैलगंज भेजा गया है। थाना उमरी बेगमगंज से कोतवाली देहात भेजे गए स्थानांतरण को संशोधित करते हुए वरिष्ठ उपनिरीक्षक तेजनारायण गुप्ता को चौकी प्रभारी कहोबा, थाना मोतीगंज तैनात किया गया है। थाना तरबगंज में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक गौरव सिंह को थाना नवाबगंज भेजा गया है, जबकि पुलिस लाइन में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक गौरीशंकर मल्ल को थाना छपिया तैनात किया गया है।

# दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई घायल, 8 नामजद

**मनकापुर, गोंडा**

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम लौकहा में रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ा करने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। घटना को लेकर दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने कुल आठ नामजद आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

पहले पक्ष की ओर से राममूर्ति पाण्डेय ग्राम लौकहा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 7 बजे विपक्षियों द्वारा उनके रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी की गई थी। इसी दौरान उनके पुत्र आदित्य प्रसाद चार पहिया वाहन से स्कूल जा रहे थे। रास्ता में ट्रैक्टर हटाने को कहा। पर पहले से घात लगाए बैठे दुर्गेश पाण्डेय, रामआशीष पाण्डेय, मन नारायण पाण्डेय व दीनदयाल पाण्डेय ने हाथापाई शुरू कर दी। शोर सुनकर पहुंचे सगे भाई ऋषिकेश पर भी लाठी-डंडा, मुक्का तथा फरसे से हमला किया गया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। दूसरे पक्ष की ओर से आशीष कुमार पाण्डेय ग्राम लौकहा ने दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि गुरुवार को सुबह करीब 7 बजे वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर मिट्टी भरने जा रहे थे। इसी दौरान आदित्य पाण्डेय द्वारा रास्ते से ट्रैक्टर हटाने को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि ऋषिकेश ने उन्हें ट्रैक्टर से नीचे खींच लिया और मारपीट शुरू कर दी। शोर मचाने पर रज्जन पाण्डेय तथा राममूरत पाण्डेय मौके पर पहुंचे और लाठी-डंडा से मारपीट करते हुए गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी।

**युवक को रास्ते में रोककर पीटा: नवाबगंजः** परसापुर गांव में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने दो युवकों पर केस दर्ज किया है। पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की थी। खरगुपुर थाना क्षेत्र के पचरन गांव निवासी सौरभ गोस्वामी ने बताया कि वह नंदनी नगर महाविद्यालय में परीक्षा देने के बाद घर लौट रहा था। दोपहर करीब 12 बजे परसापुर गांव स्थित इंपल्स स्कूल के पास अभी जायसवाल ने अपने साथी अर्जुन गोस्वामी के साथ उसे रोक लिया और लाठी-डंडे से पिटाई की।

### जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट

**तरबगंज, गोंडा :** स्थानीय थाना क्षेत्र के घांचा बीकापुर के मजरा माना देवा में जमीन विवाद को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है जिसमें धारदार हथियार से मारने का आरोप है। पंजीकृत मुकदमे में पीड़िता सुमन ने आरोप लगाया कि बिपक्षी परमानन्द, नन्दू, रामकुमारी व प्रीती ने एकजुट होकर बुधवार की सुबह 8 बजे के करीब गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे बचाने दौड़ी लड़की किरन को धारदार हथियार से मार दिए हैं जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई है। गांव के लोग हल्ला गोहार सुनकर दौड़े तो जानमाल की धमकी देते हुए चले गए। थानाध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की शिकायत पर पिता-पुत्र पत्नी व लड़की के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है जांच की जा रही है।

# मेरा छोटा सा परिवार, मेरे घर आओ...

**गोंडा कार्यालय**



श्री श्याम महोत्सव में भजन प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** श्री श्याम मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के आखिरी दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम गणेश वन्दना से भजनों की शुरुआत हुई। भजन गायक परमानंद शर्मा,करन पटवा, अंकित लवी,गोकुल शर्मा और पुनीत बंसल ने भजनों की हाजिरी लगाई। उसके बाद जयपुर से आयें भजन गायक आयुष सोमानी ने गाया ऐसा कर दो श्रृंगार सब देखते रह जाएं, जब बिन बोले मिलता तो बोल के क्या मांगू। हाथों में लेके निशान चला रे,हम तो अपने बाबा के धाम चला रे । किस्मत नहीं है ये बाबा कृपा है तेरी, खाटू बुला रहा है कृपा नहीं है तो क्या हैं। खलीलाबाद से आये भजन गायक सरदार हरमहेंद्र सिंह रोमी ने गाया, सारे अपने थे कौन काम आया,मेरी मुश्किल में मेरा श्याम आया। मेरा छोटा सा परिवार मेरे घर आओ, इक बार, कुछ बात करनी है। खाटू के कण- कण में मेरा बाबा रहता है,हारे हो तो आ जाओ ये दिल से कहता है, आदि भजनों पर श्याम भक्त खूब झूमे। म्यूजिक में पंकज म्यूजिशियन ग्रुप रहा। कीर्तन में नानपारा, बलरामपुर, रिसिया, पयागपुर, करनैलगंज आदि कई जगहों से श्याम प्रेमी शामिल हुए। कीर्तन के दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सुरेश भावसिंहका, अनिल मित्तल, विशाल बंसल, गोविंद जालूका, मयंक अग्रवाल, अरिहंत जैन, पुनीत बंसल, नितेश मित्तल, उत्कर्ष सिंघल, विमलेश सिंघल, आलोक भावसिंहका, आशीष भावसिंहका, राम मनोहर अग्रवाल, पूनम मित्तल, नीतू गर्ग, प्रीति अग्रवाल, विभा सिंघल, रेनू बंसल, प्रेमलता सिंघल आदि मौजूद रहीं।

## टाटा मैजिक में मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र में स्टेशन रोड स्थित तिवारी पेट्रोल पंप के समीप एक मिनी टाटा मैजिक वाहन से 32 वर्षीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। जब स्थानीय लोगों ने वाहन हटाने के लिए चालक को बुलाने का प्रयास किया। तो देखा एक व्यक्ति का शव ड्राइविंग सीट के बगल पड़ा हुआ है। मृतक की शिनाख्त मनोज कुमार निवासी बाराबंकी के रूप में हुई है। बताया जाता कि वाहन के भीतर एक युवक का शव गमछे से ढका हुआ पड़ा था। इसकी सूचना तत्काल डायल 112 व नगर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सीओ नगर आनंद राय, प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी प्रदीप कुमार, नगर कोतवाली पुलिस, फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। पुलिस के अनुसार जिस मिनी टाटा मैजिक में शव मिला है, उसका उपयोग मवेशियों को लाने-ले जाने में किया जाता था। वाहन के पिछले हिस्से में भारी मात्रा में पराली पड़ी मिली है। प्रथम दृष्टया वाहन कई स्थानों से क्षतिग्रस्त पाया गया है, जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है, हालांकि प्रत्यक्षदर्शियों ने हत्या की भी आशंका जताई है।

### भाजपा नेता ने उठाई मुआवजे की मांग

**गोंडा कार्यालय :** कर्नलगंज के नारायणपुर माझा गांव में शिव शंकर दुबे की चाकुओं से गोदकर निर्मम हत्या किए जाने के मामले में भाजपा नेता ने नामजद आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की। कहा है कि घटना से गांव में सनसनी फैल गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मामले में नामजद अभियोग दर्ज होने के बावजूद अब तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। भाजपा नेता शेष चौरसिया ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि जब तक आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी नहीं होती, तब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिल सकता। उन्होंने पुलिस से हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की मांग की है।

### एसआईआर की आपत्तियों का हुआ निस्तारण



बूथ पर आपत्तियों का निस्तारण करते अधिकारी। अमृत विचार

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** ग्राम पंचायत ऐली परसौली में एसआईआर से संबंधित नोटिसों की सुनवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। एआरओ/ सहायक चकबंदी अधिकारी श्रीकांत गौड़ की अध्यक्षता में संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई हुई। इस दौरान बीएलओ अर्जुन सिंह एवं सुनील सिंह ने अभिलेखों का अवलोकन किया गया। ग्रामवासी सुरजीत सिंह, अयोध्या प्रसाद सिंह, कमलेश सिंह मौजूद रहे। लेखपाल अंकित कुमार ने राजस्व अभिलेखों से संबंधित जानकारी दी। एआरओ ने बताया कि लगभग 150 लोगों की नोटिस की सुनवाई की गई।

### कोमल ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

**उमरी बेगमगंज, गोंडा :** ग्रापं तेलहा की कोमल सिंह ने मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोमल ने जेआरएफ व असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए क्वालीफाई कर उपलब्धि हासिल की है। परिजनों ने बताया कोमल ने सीमित संसाधनों के बावजूद लक्ष्य से समझौता नहीं किया। ग्रामीणों और शिक्षकों ने कोमल सिंह को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसपी ने पुलिस लाइन में किया परेड का निरीक्षण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड का निरीक्षण किया। उन्होंने परेड की सलामी ली और परेड में शामिल पुलिस बल के जवानों की कार्यकुशलता, अनुशासन और एकरूपता का निरीक्षण किया। जवानों की टर्नआउट, ड्रेसिंग सेंस, शारीरिक संतुलन, कतारबंदी, ड्रिल अभ्यास, फायर ऑर्डर की एकरूपता, आदेश पालन एवं आपसी तालमेल परखी। उन्होंने कहा कि अनुशासित एवं सक्षम पुलिस बल ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकता है।

# बार चुनाव में 46 प्रत्याशी मैदान में

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** बार एसोसिएशन के विभिन्न पदों के चुनाव के लिए दाखिल किए गए सभी नामांकन पर पत्र जांच में सही पाए गए हैं। अध्यक्ष पद पर अजीत कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिंह, अवधेश कुमार शुक्ला, आलोक कुमार पांडे, इंद्रमणि शुक्ला, जगदंबा प्रसाद पांडे, रविचंद्र त्रिपाठी, विनय कुमार मिश्रा, वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र कुमार सिंह, नूर मोहम्मद, राकेश कुमार शर्मा, विनय कुमार तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद द्वितीय पर किशन लाल गौड़, रजनी त्रिपाठी, राजेंद्र प्रताप द्विवेदी, राजेश कुमार के नामांकन वैध पाए गए। कनिष्क उपाध्यक्ष पद पर उमेश प्रताप मिश्र, रवि तिवारी, शुभम चौबे तथा कोषाध्यक्ष पद पर उमापति शुक्ला, श्री भगवान पांडे, रामफेर प्रजापति के नामांकन वैध रहे। महामंत्री पद पर अजय कुमार तिवारी, दीप नारायण श्रीवास्तव, देव प्रकाश ओझा, मनोज कुमार सिंह, मनोज कुमार श्रीवास्तव, लाल बिहारी शुक्ला, सुनील कुमार पांडे का नामांकन वैध पाया गया। संयुक्त मंत्री पद पर अतुल कुमार दुबे, आदित्य तिवारी, बृजेश कुमार पांडे, राम केवल वर्मा, राहुल तिवारी का नामांकन हुआ। वरिष्ठ कार्यकारिणी पद पर अभंयकार सिंह, प्रभात पांडे, मनोज कुमार पांडे, रवि प्रताप शुक्ला, रामसनेही सोनकर, सचिन कुमार तथा कनिष्ठ कार्यकारी पद पर अरुण कुमार शुक्ला, उद्धव श्रीवास्तव, गिरधारी प्रजापति, जितेश कुमार भट्ट, प्रफुल्ल कुमार पांडे, ऋषि पांडे उम्मीदवारी कर रहे हैं। किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन प्रपत्र वापस नहीं लिया है । कोषाध्यक्ष पद पर प्रत्याशी उमापति शुक्ला प्रस्तुत नाम से ऊर्फियत लगाने के बाबत दिए गए प्रार्थना पत्र का निस्तारण एल्डर कमेटी द्वारा अंतिम रूप से किया गया जिसमें प्रार्थना पत्र को निरस्त किया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी, गंगेश मिश्रा, अनिल देव शुक्ला, सिद्ध देव सिंह, शोएब मुस्तफा उस्मानी, विवेक कुमार सिंह, इंदु प्रकाश तिवारी, प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव, अमर कुमार श्रीवास्तव, मोहम्मद वसी चौधरी महेंद्र मोहन मिश्र, दुर्गेश कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

### विहिंम ने आयोजित किया समरसता भोज

**धानेपुर, गोंडा :** संत रविदास जयंती के मौके पर शुक्रवार को नगर पंचायत धानेपुर स्थित प्राचीन काली मंदिर परिसर में विश्व हिंदू महासंघ की ओर से समरसता भोज एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में पुरुषों के साथ ही महिलाओं की सहभागिता रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोशल मीडिया प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष गंगा शर्मा (कौशिक) रहे। जबकि विशिष्ट चौधरी विजय सिंह एवं सुनीता तिवारी (मातृ शक्ति, बलरामपुर) शामिल रहीं। मुख्य वक्ता राकेश दूबे ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता, एकता और सनातन संस्कृति के मूल्यों को सुदृढ़ करना है। इसमें सभी सनातनियों को महती भूमिका निभाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में जिला प्रभारी कृष्ण मुरारी दूबे उर्फ गल्ले महाराज, जिला अध्यक्ष मातृ शक्ति ममता गोस्वामी रहीं।



कलशयात्रा में शामिल भक्त। अमृत विचार

### सिरसा में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा शुरू

**नवाबगंज, गोंडा :** मनकापुर रोड स्थित सिरसा कॉलोनी में 7 दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति के साथ भव्य कलशयात्रा द्वारा किया गया। महिलाओं ने कलश में जल भरकर हनुमान मंदिर तक शोभायात्रा निकाली और वहां पूजन-अर्चन के बाद पुन: कथा स्थल पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश की स्थापना की। अयोध्या से पधारे कथा व्यास स्वामी अवधेन्द्र प्रपन्नाचार्य ने कहा श्रीमद्भागवत महापुराण मानव जीवन को सही दिशा देने वाला दिव्य ग्रंथ है। यह ग्रंथ मनुष्य को सत्य, धर्म, करुणा और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कथा के समापन पर मुख्य यजमान पुनीत श्रीवास्तव ने अपनी पत्नी अंशिका श्रीवास्तव के साथ कथा व्यास की विधिवत आरती उतारी। इस अवसर पर गौरव श्रीवास्तव, पियूष श्रीवास्तव, सतीश पाठक, संजय श्रीवास्तव, सभासद राजेन्द्र श्रीवास्तव, बासुदेव जायसवाल, श्याम कृष्ण त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### शिक्षण संस्थान ही गढ़ते हैं देश का भविष्य



कार्यक्रम में उपस्थित बेटियां। अमृत विचार

**बेलसर, गोंडा :** अच्छे शिक्षण संस्थानों की देश निर्माण में अहम भूमिका होती है। इन्हीं संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे आगे चलकर वैज्ञानिक, डॉक्टर, नेता और समाज सेवी के रूप में राष्ट्र को उन्नति के शिखर पर ले जाते हैं। यह विचार क्षेत्राधिकारी तरबगंज डॉ. उमेश्वर प्रभात सिंह ने व्यक्त किए। शुक्रवार को डॉ. सिंह दयानंद शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज, मंगुरा बाजार में नवनिर्मित 'दयानंद सभागार कक्ष' का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा गुणवत्तापरक शिक्षा से ही सभ्य और अच्छे नागरिक तैयार होते हैं जो देश की नींव को मजबूत करते हैं। विद्यालय प्रबंधक सवल बिहारी मिश्र ने कहा शिक्षा ही वह एकमात्र माध्यम है जिससे देश को समृद्धशाली बनाया जा सकता है। महिला आरक्षी प्रियंका यादव ने छात्राओं को घरेलू हिंसा और छेड़खानी जैसी समस्याओं से निपटने की जानकारी दी।

### स्मार्ट पीडीएस लेकर कोटेदारों को दी ट्रेनिंग

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार :** खाद्य एवं रसद विभाग की ओर संचालित आधार-सक्षम सार्वजनिक वितरण प्रणाली स्मार्ट पीडीएस को लेकर जनपद मे कोटेदारों को प्रशिक्षण देने का अभियान तेज कर दिया गया है। योजना को पूरी तरह लागू करने से पहले इसे ट्रायल चरण में चलाया जा रहा है, ताकि तकनीकी और व्यवहारिक खामियों को समय रहते दूर किया जा सके। शुक्रवार को जिला इंजीनियर शिवम शुक्ला की देखरेख में कोटेदारों को स्मार्ट पीडीएस प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।प्रशिक्षण के दौरान प्रत्येक उचित मूल्य दुकान पर पाँच-पाँच डेमो लेन-देन कराए जा रहे हैं। इसमें पीओएस मशीन के संचालन, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, लाभार्थी सत्यापन, ऑनलाइन डेटा अपलोड और डिजिटल रसीद जारी करने की पूरी प्रक्रिया को व्यवहारिक रूप से समझाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि डेमो ट्रांजैक्शन से नेटवर्क, मशीन की कार्यक्षमता और वितरण प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति सामने आ रही है, जिससे सुधार की गुंजाइश भी मिल रही है।

# रियेक्टर पैमाने पर 3.7 तीव्रता का भूकंप, गोंडा सुरक्षित

- इटियाथोक क्षेत्र में इटहिया नवीजोत में 10 किमी गहराई में था भूकंप

**संवाददाता गोंडा**

**अमृत विचार:** शुक्रवार की सुबह 7.32 बजे जिले मे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए जिससे कुछ देर के लिए लोगों में दहशत का माहौल बन गया। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 मापी गई है।

अधिकारियों के अनुसार भूकंप का केंद्र इटियाथोक थाना क्षेत्र के इटहिया नवीजोत गांव के आसपास रहा। भूकंप की गहराई जमीन से लगभग 10 किलोमीटर नीचे दर्ज की गई, जिसके चलते किसी भी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। भूकंप के झटके महसूस होते ही कई लोग एहतियातन घरों से बाहर निकल आए। ग्रामीण इलाकों में भी लोगों ने हल्का कंपन महसूस होने की बात कही। हालांकि झटके कम समय के लिए और हल्के होने के कारण स्थिति सामान्य बनी रही। सूचना मिलते ही आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारी इटहिया नवीजोत गांव पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने ग्रामीणों से बातचीत कर हालात का जायजा लिया और किसी भी प्रकार के नुकसान की जानकारी एकत्र की। निरीक्षण के दौरान कहीं से भी किसी तरह की क्षति या जनहानि की पुष्टि नहीं हुई।

जिला आपदा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के मुताबिक भूकंप का केंद्र इटियाथोक थाना क्षेत्र का इटहिया नवीजोत गांव रहा। भूकंप की गहराई जमीन के 10 किमी की नीचे रही जिससे किसी तरह की कोई क्षति नहीं हुई है।

जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 3.7 थी और इसकी गहराई 10 किलोमीटर नीचे रही। उन्होंने कहा कि फिलहाल जिले में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और कहीं से किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं मिली है। प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है और आपदा विभाग को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं।

**खरगूपुर, मनकापुर व करनैलगंज हैं संवेदनशील:** जिला आपदा अधिकारी राजेश श्रीवास्तव की माने तो जिले के खरगूपुर, मनकापुर मोतीगंज व करनैलगंज क्षेत्र भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील हैं। पड़ोसी देश नेपाल में आने वाले भूकंप का असर इन क्षेत्रों में सर्वाधिक देखने को मिलता है।

### 25 अप्रैल 2015 को आया था सबसे तेज भूकंप

जिले मे सबसे शक्तिशाली भूकंप 11 वर्ष पहले 25 अप्रैल 2015 को सुबह करीब 11.40 बजे आया था। उस समय रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.8 थी। इस भूकंप के चलते मनकापुर तहसील क्षेत्र में कई मकान ध्वस्त हो गए थे और लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा था। इसके बाद 9 नवंबर, 2022 को 5.7 तीव्रता वाला भूकंप यह गोंडा शहर से 252 किलोमीटर उत्तर-उत्तर-पश्चिम में 11 किलोमीटर की गहराई पर आया था। शुक्रवार को आए भूकंप ने एक बार फिर से इन घटनाओं की याद ताजा कर दी।

## डंपर की टक्कर से महिला की मौत, पति व बेटा घायल

**बेलसर, गोंडाः** बेलसर-परसपुर मार्ग पर शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नगर पंचायत कार्यालय के पास तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर ने बाइक सवार परिवार को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बाराबंकी जिले के थाना टिकैत नगर क्षेत्र निवासी ननके गुप्ता अपनी पत्नी मीना देवी (38) और 15 वर्षीय बेटे आदर्श के साथ बाइक से रगड़गंज बाजार दवा लेने आए थे। दोपहर बाद दवा लेकर घर लौटते समय बेलसर नगर पंचायत कार्यालय के पास पीछे से आ रहे डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि मीना देवी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में ननके गुप्ता और उनका बेटा आदर्श गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही तरबगंज पुलिस मौके पर पहुंची।

# हादसा: कार पलटी, पंचायत सहायक की मौत, 4 घायल

## बेलहा-गौरा राजमार्ग पर परसिया पुरैना मोड़ के पास हुई घटना

संवाददाता बलरामपुर


घने कोहरे के कारण खाई में पलटी कार। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद में घने कोहरे के चलते एक दर्दनाक सड़क हादसे में पंचायत सहायक की जान चली गई, जबकि चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा गौरा थाना क्षेत्र के बेलहा-गौरा राजमार्ग पर परसिया पुरैना मोड़ के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बारात वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में जा गिरा। बताया गया कि वाहन में सवार लोग बहराइच से शादी समारोह में शामिल होकर देर रात करीब तीन बजे बेनीनगर लौट रहे थे। घने कोहरे के कारण दृश्यता बेहद कम थी, जिससे चालक मोड़ का अंदाजा नहीं लगा सका। परिणामस्वरूप मारुति अर्टिगा कार तेज गति में सड़क से फिसलकर गड्ढे में जा गिरी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन के एयरबैग खुल गए, लेकिन सिर में गंभीर चोट लगने से बेनीनगर निवासी 28 वर्षीय पंचायत सहायक सौरभ यादव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में वाहन चालक जाकिर हुसैन, सोनू गुप्ता, बिदेश और भूरे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। मृतक सौरभ यादव अपने पीछे पत्नी ममता, डेढ़ वर्षीय पुत्री, छोटे भाई आलोक यादव तथा माता-पिता रेखा देवी और महादेव यादव को छोड़ गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जांच में हादसे का मुख्य कारण घना कोहरा और तेज रफ्तार माना जा रहा है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है, वहीं प्रशासन ने कोहरे के मौसम में वाहन चालकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है।

# 195 सीएचओ बने ग्रामीण स्वास्थ्य की मजबूत कड़ी

**बलरामपुर, अमृत विचार:** जनपद के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले मरीजों के लिए ई-संजीवनी टेली-मेडिसिन सेवा संजीवनी साबित हो रही है, जिससे अब विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श गांव स्तर पर ही उपलब्ध हो पा रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी मुकेश कुमार रस्तोगी के अनुसार ई-संजीवनी के माध्यम से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिली है और हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी इसका प्रभावी उपयोग कर रहे हैं। सीएचओ मरीजों की प्राथमिक जांच कर उनकी स्थिति के अनुसार सामान्य एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों से वीडियो परामर्श के जरिए संपर्क स्थापित करते हैं, जिससे मरीजों को समय पर उचित सलाह, दवाएं और उपचार मिल रहा है। जनपद में वर्तमान में 195 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी कार्यरत हैं, जो सामान्य बीमारियों के साथ-साथ गंभीर मामलों में भी ई-संजीवनी के माध्यम से विशेषज्ञों की राय लेकर इलाज सुनिश्चित कर रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि तकनीक के सहारे स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ और प्रभावी बन रही हैं, जिसका सीधा लाभ ग्रामीण जनता को मिल रहा है।

# हनुमानगढ़ी मंदिर में भक्ति का संगम


पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार:** शहर के वीर विनय चौराहा स्थित श्री हनुमानगढ़ी मंदिर परिसर में रामजानकी प्राण प्रतिष्ठा दिवस के पावन अवसर पर आयोजित पांच दिवसीय मानस प्रवचन, रामनाम संकीर्तन एवं सुंदरकांड पाठ का गुरुवार को विधिवत समापन हुआ। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत योगी मिथिलेश नाथ महाराज द्वारा पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि धर्म समाज को जोड़ने का कार्य करता है और मानव को सत्य व असत्य का बोध कराता है। उन्होंने समाज को एकजुट रखने तथा जरूरतमंदों की सहायता को सच्ची समाजसेवा बताया। मंदिर के उत्तराधिकारी महंत महेंद्र दास ने हवन-पूजन कर श्रीमद्भागवत कथा का समापन कराया। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से मन निर्मल होता है और धर्म-अधर्म का ज्ञान प्राप्त होता है। हवन की पूर्णाहुति के बाद सायं चार बजे विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ। भंडारे में रवि मिश्र, पल्टूराम, राम प्रताप वर्मा, डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू, डीपी सिंह बैंस, राकेश तिवारी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## मां पाटेश्वरी विवि में गैर-शैक्षणिक भर्ती नियमावली पर बड़ा फैसला

**बलरामपुर, अमृत विचार :** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर की कार्यपरिषद की एक महत्वपूर्ण ऑनलाइन बैठक शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर रविशंकर सिंह के निर्देशानुसार आयोजित की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे को सुदृढ़ करने से जुड़े अहम निर्णय लिए गए। सुबह 11:30 बजे प्रारंभ हुई इस बैठक में शासन द्वारा स्वीकृत गैर-शैक्षणिक पदों के अधियाचन हेतु चयन नियमावली को अंगीकृत कर सेवा चयन आयोग को प्रेषित करने पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। बैठक के दौरान भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण बनाए जाने को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस निर्णय से भविष्य में होने वाली भर्तियों में स्पष्टता आएगी और संस्थान की कार्यप्रणाली को मजबूती मिलेगी। बैठक में नामचीन उद्योगपति अवंतिका शरावगी की सहभागिता को विशेष रूप से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उनकी उपस्थिति ने शिक्षा और उद्योग जगत के बीच समन्वय की संभावनाओं को नई दिशा दी है। विश्वविद्यालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि उद्योग जगत की भागीदारी से अकादमिक वातावरण को व्यावहारिक दृष्टिकोण और नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्यपरिषद की यह बैठक विश्वविद्यालय के प्रशासनिक सुधारों, संस्थागत विकास और भविष्य की योजनाओं की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रही है, जिससे मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय को नई पहचान और गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा 11 से 14 तक

**बलरामपुर, अमृत विचार :** एमएलके पीजी कॉलेज में चार दिवसीय 'प्रयास एवं पराक्रम' वार्षिक क्रीड़ा स्पर्धा का आयोजन 11 से 14 फरवरी तक किया जाएगा। इस दौरान शतरंज, बैडमिंटन, खो-खो, कबड्डी तथा एथलेटिक्स सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे.पी. पाण्डेय ने दी। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 11 फरवरी को शतरंज प्रतियोगिता से होगा, जबकि 12 फरवरी को बैडमिंटन, खो-खो और कबड्डी के मुकाबले खेले जाएंगे। 13 फरवरी को 100, 800 व 3000 मीटर दौड़, 4×200 मीटर रिले रेस, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो एवं भाला फेंक प्रतियोगिताएं होंगी। 14 फरवरी को 200, 400, 1500 मीटर दौड़, 4×100 मीटर रिले रेस के साथ पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा।

# दहेज हत्या के दो दोषियों को 10-10 साल की सजा

**बलरामपुर, अमृत विचार:** दहेज हत्या के एक मामले में न्यायालय ने दो अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास तथा प्रत्येक पर 2,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना कोतवाली देहात में पंजीकृत केस के तहत आशीष कुमार व मिश्रीलाल सोनकर को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषी ठहराया गया। मामला 06 मार्च 2022 का है, जब वादिनी सुन्दरवती देवी पत्नी राम सफल निवासी थाना खरगूपुर जनपद गोण्डा ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया गया और मांग पूरी न होने पर उसकी हत्या कर शव को फांसी पर लटका दिया गया। मामले की विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नगर वरुण मिश्रा द्वारा की गई थी, जिसके बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान मॉनीटरिंग सेल के नोडल प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के नेतृत्व में जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह, विशेष लोक अभियोजक नरेन्द्र प्रताप पाण्डेय, मॉनीटरिंग सेल प्रभारी बृजानन्द सिंह तथा थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा प्रभावी पैरवी की गई, जिसके फलस्वरूप दोनों को 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

## किसानों को मिला उन्नत खेती का प्रशिक्षण


बेहतर खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करते किसान। अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर :** कृषि विभाग की आत्मा योजना अंतर्गत किसानों को आधुनिक खेती की जानकारी देने के उद्देश्य से दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र सिसहनिया, पचपेड़वा में किया गया। विखं हरैया सतघरवा, तुलसीपुर, गैसड़ी एवं पचपेड़वा के किसानों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उन्नत कृषि तकनीक, फसलों को रोगों से बचाव, माहू कीट के प्रकोप से सुरक्षा तथा लाभकारी खेती के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कृषि विभाग से अनिल वर्मा, अनिल चक्रधारी, आशिमा फूल मंत्री सहित जगराम, श्याम बहादुर, राधेश्याम, विक्रम, मनोज, देवनाथ, रफीक, कल्लू एवं नेचुरल बायोफूड से जुड़े कार्यकर्ता सौरभ श्रीवास्तव सहित अन्य की उपस्थिति रही। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सियाराम कन्नौजिया, डॉ. प्रमोद, डॉ. बिरजेश जायसवाल व डॉ. जगवीर ने किसानों को वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान किया।

## सीएमओ ने किया झुन्झुनिया पुरवा का दौरा


गांव में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखते सीएमओ और अन्य अधिकारी।

**बलरामपुर, अमृत विचार :** सीएमओ मुकेश कुमार रस्तोगी ने विखं अंतर्गत ग्राम पंचायत कटिया के पुरवा झुन्झुनिया का भ्रमण कर स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की हकीकत परखी। सीएमओ ने बच्चों के नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने यह भी जानकारी दी कि पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं जिससे उन्हें गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल रहा है। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए।

# 10.5 करोड़ की कार्ययोजना को मिली मंजूरी


क्षेत्र पंचायत कटरा बाजार की बैठक में उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधान। अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा:** शुक्रवार को कटरा बाजार ब्लॉक परिसर में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह उपस्थित रहे

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख जुगरानी शुक्ला एवं खंड विकास अधिकारी विनीत कुमार ने संयुक्त रूप से की। उन्होंने क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कहा कि विकास योजनाओं की सफलता क्षेत्र की वास्तविक जरूरतों को समझकर ही संभव है। उन्होंने सदस्यों से सड़क, नाली, पेयजल, आवास, स्वच्छता सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर प्रस्तुत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजकीय बीज गोदाम प्रभारी सुभाष शुक्ला ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने उर्वरक एवं बीज वितरण, फसल बीमा योजना, किसान सम्मान निधि सहित अन्य सरकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए किसानों से समय पर पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एस.पी. मौर्य ने पशुपालन एवं पशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए क्षेत्र पंचायत को मनरेगा के अंतर्गत लगभग 10.5 करोड़ रुपये का बजट प्राप्त हुआ है। बीडीओ विनीत कुमार ने जानकारी दी कि साढ़े दस करोड़ की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। बैठक में भवानी भीख शुक्ल, उमापति त्रिपाठी, जशवंत लाल सोनकर, बलराम शुक्ल, शमा सिंह, पुष्पा मौर्या, श्रवण तिवारी, राजेश तिवारी, पंकज दूबे, विपिन तिवारी, उमेश तिवारी, छल्लू तिवारी, राघव पंडित, श्री भगवान शुक्ल, एडीओ पंचायत प्रीतम श्रीवास्तव रहे।

# महिला प्रधान से बदसलूकी का वीडियो वायरल मिड-डे-मील में अनियमितता का आरोप

**नवाबगंज, गोंडा:** सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने शिक्षा विभाग में हड़कंप मचा दिया है। वायरल वीडियो में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में निरीक्षण के लिए पहुंचीं दलित महिला ग्राम प्रधान के साथ विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा बदसलूकी किए जाने और उन्हें स्कूल परिसर से बाहर निकालने का आरोप लगाया जा रहा है। हालांकि, अमृत विचार वायरल वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं करता है। वीडियो वीडियो में लोकेशन सिरसा गांव के सलाहंती पुरवा की दिखाई दे रही है। पड़ताल में सामने आया कि वायरल वीडियो सिरसा प्राथमिक विद्यालय का है। जानकारी के अनुसार 27 जनवरी को गांव की दलित महिला ग्राम प्रधान दुर्गावती विद्यालय में मध्याह्न भोजन योजना से जुड़ी शिकायतों की जांच के लिए पहुंची थीं। आरोप है कि ग्राम प्रधान के विद्यालय पहुंचते ही प्रधानाध्यापक कृपाशंकर यादव आपा खो बैठे और उल्टा ग्राम प्रधान पर एमडीएम में कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए उन्हें विद्यालय परिसर से बाहर निकालने लगे। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने भी विद्यालय में मिड डे मील योजना में अनियमितता की शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चों को कई बार तय मानकों के अनुरूप भोजन नहीं दिया जाता और भोजन की गुणवत्ता भी सवालों के घेरे में है। इस संबंध में जब खंड शिक्षा अधिकारी हेमलता त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि विद्यालय से संबंधित शिकायतों की जांच करने का अधिकार ग्राम प्रधान को है। उन्होंने कहा कि मामले की जानकारी उन्हें मिल चुकी है और वायरल वीडियो समेत सभी पहलुओं की जांच कराई जा रही है।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय का किया निरीक्षण


कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं से संवाद करते डीएम। अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** डीएम विपिन कुमार जैन ने नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय (देहात), सिसई का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षणिक व आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारी ने छात्राओं से संवाद कर उनकी पढ़ाई, आवास, भोजन, स्वच्छता एवं सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। विद्यालय परिसर, छात्रावास एवं कक्षाओं का निरीक्षण करते हुए आवासीय सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ व सुव्यवस्थित बनाए जाने के निर्देश दिए। नए भवन में स्मार्ट कक्षाएं, कंप्यूटर लैब, सुरक्षित छात्रावास एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।


सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारी। अमृत विचार

## चौथी बार ब्लॉक अध्यक्ष बने धर्मेंद्र

**गौरा चौकी, गोंडा :** उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के अंतर्गत विकासखंड बभनजोत के ब्लाक कार्यकारिणी का चुनाव ब्लॉक मुख्यालय पर चुनाव अधिकारी अमीर अहमद व जिलाध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी व जिला महामंत्री देवमणि शुक्ला के देख रेख में संपन्न कराया गया। सभी पदों पर एकल नामांकन होने के कारण ब्लॉक अध्यक्ष पद पर धर्मेंद्र वर्मा, महामंत्री राजेश प्रजापति, कोषाध्यक्ष हजारी प्रसाद वर्मा, संगठन मंत्री रामपाल प्रजापति, संप्रेक्षक चंद्रप्रकाश जायसवाल निर्विरोध निर्वाचित हुए। जिलाध्यक्ष ने सभी चयनित पदाधिकारियों को ईमानदारी से अपने दायित्व का निर्वहन करने की सलाह दी। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, सचिंद्र मोहन श्रीवास्तव, वैभव राज मिश्रा, प्रदीप वर्मा, विनोद चौधरी, आशा कुमारी यादव, गीता देवी, बसंती देवी, रामकिशन, सहदेव प्रसाद, रामविलास, राम बुझारत, दिनेश कुमार वर्मा, जुबेर अहमद कुरेशी, जावेद अहमद, जयप्रकाश, करमचंद, बच्चन लाल, मोहम्मद हाफिज, अब्दुल मोइन, ध्रुव चंद मौर्य, राजेश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# एसआईआर पर भड़की सपा, डीएम से मिले कार्यकर्ता


जिलाधिकारी कार्यालय से बाहर निकलते सपा नेता। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि फर्जी शिकायतों के जरिए फॉर्म 7 भरकर लोगों के नाम मतदाता सूची से कटवाए जा रहे हैं। इस मामले को लेकर समाजवादी पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। सपा नेताओं ने डीएम से मांग की कि बिना जांच पड़ताल की फार्म 7 किसी को न दिया जाए और जो फॉर्म भरकर आ रहे हैं उनकी सघन पड़ताल कराई जाए। पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने भाजपा पर साजिश के तहत पीडीए के लोगों का नाम कटवाने का आरोप लगाया है। वहीं सपा नेता सूरज सिंह ने कहा कि जो बीएलओ गलत तरीके से फॉर्म 7 भरकर उसे अपलोड कर रहे हैं वह सुधर जाएं वरना उनके समाजवादी पार्टी उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करायेगी। जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे सपा नेता सूरज सिंह ने कहा कि भाजपा के लोग जानबूझकर पीडीए के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से कटवा रहे हैं। इसके लिए फार्म 7 को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। फर्जी नाम से फॉर्म 7 भरकर बीएलओ के पास जमा किया जा रहा है और पीडीए के मतदाताओं का नाम काटने के लिए बीएलओ पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होने बताया कि सदर तहसील के भदुआ तरहर गांव के दर्जनों लोगों का नाम भी मतदाता सूची से गायब कर दिए गए हैं। पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने कहा फॉर्म 7 का आवेदन करने वाले लोगों की पड़ताल कराई जाए और अगर शिकायत फर्जी मिलती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाए। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सपा नेताओं को आश्वस्त किया कि किसी भी सही मतदाता का नाम काटा नहीं जायेगा। अभी आपत्ति ली गयी है। अब इसका सत्यापन कराया जायेगा। इस दौरान पूर्व विधायक नंदिता शुक्ला, जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन, संजय सविता विद्यार्थी समेत बड़ी संख्या में सपा नेता मौजूद रहे।

## चीनी मिल ने किया 24.90 करोड़ का भुगतान

**बलरामपुर, अमृत विचार :** जनपद की बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड द्वारा पेराई सत्र 2025–26 के अंतर्गत किसानों को बड़ी राहत देते हुए गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया गया है। मिल प्रबंधन ने 26 जनवरी से 30 जनवरी 2026 तक खरीदे गए गन्ने का कुल 24 करोड़ 90 लाख रुपये का भुगतान शुक्रवार को किसानों के बैंक खातों में भेज दिया। चीनी मिल प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भुगतान दिनांक 06 फरवरी 2026 को सीधे किसानों के खातों में अंतरित किया गया। मिल द्वारा केवल पांच दिनों में खरीदे गए गन्ने का समयबद्ध भुगतान किए जाने से क्षेत्र के किसानों में संतोष और विश्वास का माहौल है। इस अवसर पर चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष केके बाजपेयी ने कहा कि बलरामपुर चीनी मिल किसानों की खुशहाली के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। गन्ना मूल्य भुगतान के मामले में मिल पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रदेश में अग्रणी भूमिका निभा रही है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे बेहतर उत्पादन के लिए को-15023, को-0118 एवं को-लख-14201 प्रजाति की द्वितीय पेड़ी गन्ना फसल अवश्य लें, जिससे कम लागत में अधिक उपज प्राप्त की जा सके।

# स्पर्धा में विजयी बच्चों को किया सम्मानित


छात्रा को सम्मानित करतीं डीएम प्रियंका निरंजन व सीडीओ अंकिता जैन। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा विभाग के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कंपोजिट स्कूल व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले किशोर किशोरियों में आत्म सम्मान का विकास, लैंगिक रुढ़ियों को खत्म करने, उन्हें अभिव्यक्ति के अवसर देने और उनके भीतर जीवन कौशलों का विकास करते हुए एक सफल और जागरूक नागरिक बनाने के उद्देश्य के लेकर शुक्रवार को प्रगति, स्वाभिमान और सफलता की ओर- 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में दो प्रतियोगिताएं कराई गयी और विजेता बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने किया। कार्यक्रम के तहत जिले के कस्तूरबा स्कूलों, उच्च प्राथमिक स्कूलों व कंपोजिट स्कूलों में गठित 919 मीना मंचों से चयनित 60 बच्चों ने प्रति भाग किया। कार्यक्रम में मेरे बदलाव की कहानी तथा पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता कराई गयी। मेरे बदलाव की कहानी प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय बालपुर की छात्रा शिवानी तिवारी को पहला स्थान मिला। दूसरे स्थान पर कंपोजिट स्कूल रकाबगंज की सौम्या मौर्या रहीं। कस्तूरबा स्कूल कटरा बाजार की करिश्मा तिवारी तीसरे, कस्तूरबा स्कूल बेलसर की अनुसूइया यादव चौथे व कस्तूरबा स्कूल नवाबगंज की मुस्कान पांच वे स्थान रहीं। वहीं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में कस्तूरबा स्कूल की नंदिनी को पहला स्थान मिला। दूसरे स्थान कंपोजिट स्कूल बाबा मठिया की छात्रा सुधा को मिला। पीएम श्री विद्यालय लौव्वाटेपरा की छात्रा सपना सिंह को तीसरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय इटियाथोक प्रथम के रजनीश सिंह को चौथा व कस्तूरबा स्कूल इटियाथोक की लक्ष्मी सोनी को पांचवा स्थान मिला। सभी बच्चों को डीएम व सीडीओ ने सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीएसए अमित सिंह ने की। बीएसए ने बताया कि इन सभी विजेता बच्चों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है।

# इंडोर स्टेडियम व आंबेडकर पार्क निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

**धानेपुर, गोंडा:** नगर पंचायत धानेपुर में शुक्रवार को इंडोर स्टेडियम एवं अंबेडकर पार्क के निर्माण को लेकर भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेहनौन विधायक विनय कुमार द्विवेदी, सांसद प्रतिनिधि राजेश सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष उमा देवी ने संयुक्त रूप से विधि-विधान से भूमि पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने कहा कि इंडोर स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्र के युवाओं को खेलकूद के बेहतर अवसर मिलेंगे, वहीं अंबेडकर पार्क आमजन के लिए सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। दोनों परियोजनाएं नगर के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। इसके साथ विधायक श्री द्विवेदी ने नगर पंचायत मे जल्द ही प्रेस क्लब निर्माण की घोषणा की है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के सभासद, कर्मचारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

भूमि पूजन कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि शेषराम बारी, प्रधान संघ अध्यक्ष विनोद सिंह, चन्द्र प्रकाश शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मंशाराम वर्मा, रक्षाराम वर्मा सतीश तिवारी, खेमराम मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल

**खरगूपुर, गोंडा :** कार की टक्कर से ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज गोंडा रेफर किया गया। खरगूपुर इकौना मार्ग पर भंगहा चौराहे के पास स्विफ्ट डिजायर कार ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्शा चालक खरगूपुर कस्बा निवासी ननके जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गया वही ई रिक्शा क्षतिग्रस्त हो गया। घायल ई रिक्शा चालक को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया गया।

### सूचना

चंद्र प्रकाश बनाम सरकार व चंद्र शेखर बनाम सरकार–ग्राम कुनगयां परगना बभनीपायर तहसील मनकापुर जनपद गोण्डा धारा–80 उ0प्र0 राजस्व सहिंता 2006 गाटा संख्या–06/0.5910हे0 में से रकबा 0.0487हे0 व गाटा संख्या 08/0.454हे0 में से 0.0312 हेव को धारा–80 उ0प्र0राजस्व सहिंता 2006 की घोषित करने हेतु आवेदन किया गया है यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 09.02.2026 तक उपजिलाधिकारी मनकापुर के न्यायालय पर आकर आपत्ति कर सकता है।

**उपजिलाधिकारी**
**मनकापुर–गोण्डा।**

**न्यूज ब्रीफ**

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

**बहराइच :** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह फरवरी के प्रथम शनिवार 07 फरवरी 2026 को तहसील नानपारा में जिलाधिकारी तथा तहसील सदर बहराइच में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित एसडीएम करेंगे।

## जरूरतमंदों में वितरित किए गए कंबल

**बाबागंज (बहराइच) :** ठंड के मौसम में जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत गंगापुर में चन्द्रा पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन ट्रस्ट की ओर से नि :शुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. जीसी. पाण्डेय ने लगभग 500 गरीब महिला-पुरुषों को कंबल वितरित किए। डॉ. पाण्डेय ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष सर्दियों में कंबल और गर्मियों में जरूरतमंद महिलाओं को साड़ी वितरण का कार्य किया जाता है। भाजपा रुपैडीहा मंडल के महामंत्री योगेश पाण्डेय ने इसे सराहनीय सामाजिक पहल बताया। कंबल पाकर ग्रामीणों ने खुशी जताई और ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में राजेश पाण्डेय एडवोकेट, राकेश पाण्डेय एडवोकेट, उमेश चंद्र पाण्डेय, योगेश चंद्र पाण्डेय, अरुण प्रकाश त्रिपाठी, राधे वर्मा और किसान नेता पं. अशोक मिश्रा मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में युवक घायल, भर्ती

**माल्ही चौराहा (श्रावस्ती) :** हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के ग्राम बहोरवा के मजरा बैजनाथ पुरवा निवासी विन्दर (22) पुत्र कधाई लाल गुरुवार देर शाम बहोरवा चौराहा आया था। वहां से लौटते समय जमुनहा बहराइच मार्ग स्थित बहोरवा चौराहे पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। ईससे विन्दर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से उसे सीएचसी मल्हीपुर लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है।

## बीएसए बनाए गए डीआईओएस

**श्रावस्ती :** जिले में तैनात रहे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजय कुमार गुप्ता का शासन की ओर से पदोन्नति जिला विद्यालय निरीक्षक के पद पर कर दिया गया है। शासन की ओर से इसका आदेश जारी करते हुए उनका जिला विद्यालय निरीक्षक के पद पर आजमगढ़ स्थानांतरण कर किया गया है।

## जारी रहेगा जेएम कोर्ट का बहिष्कार

**श्रावस्ती :** मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की एक आम सभा की बैठक शुक्रवार को सिविल कोर्ट परिसर में आयोजित हुई। इसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय का बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया गया। इस बारे में बार एसोसिएशन के महामंत्री सतीश कुमार मौर्य ने बताया कि पूर्व से चल रहे जेएम कोर्ट के बहिष्कार पर आमसभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मति से न्यायिक मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार साहनी के कोर्ट का बहिष्कार जारी रखने की मांग की। आमसभा की मांग पर संघ के अध्यक्ष सुरेश चन्द्र तिवारी ने आगामी बैठक तक न्यायिक मजिस्ट्रेट तथा न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड का बहिष्कार जारी रखने का निर्णय लिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट साहनी किशोर न्याय बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, इसलिए किशोर न्याय बोर्ड पर भी अधिवक्ता कार्य नहीं करेंगे।

# योग के माध्यम से कम करें तनाव: डीएम

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में दी गई सलाह

संवाददाता, बहराइच



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित शिविर में मौजूद जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आपाधापी के युग में आमजन विशेष कर शासकीय कार्यालयों में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों में बढ़े रहे मानसिक तनाव एवं मानसिक रोग के प्रति लोगों में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने तथा मानसिक रोगों के लक्षणों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता शिविर के माध्यम से विभिन्न कार्यालयों के लगभग 25 अधिकारियों एवं कर्मचारियों का मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर का जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपर जिलाधिकारी अमित कुमार के साथ शुभारम्भ करते हुए कहा कि आधुनिक जीवन शैली एवं कार्य के बोझ के कारण के आज बुज़ुर्गों के साथ-साथ युवा वर्ग भी मानसिक रूप से तनाव में रहते हैं। उन्होंने कहाकि शिविर के माध्यम से अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मानसिक स्ट्रेस को कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने मौजूद लोगों को मेडीटेशन व योग के माध्यम से भी तनाव कम करने की सलाह दी। डीएम ने टीम लीडर मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. विजित जायसवाल को निर्देश दिया कि जिले के अन्य कार्यालयों में भी नियमित अन्तराल पर शिविर का आयोजन करते रहें।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डॉ. विजित जायसवाल ने कहा कि शराब और ड्रग्स के सेवन से मानव जीवन में मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं पैदा हो रही है। उन्होंने कहाकि यदि किसी व्यक्ति में स्पष्ट रूप से सोचने और दैनिक कार्यकलापों को करने में कठिनाई, बार-बार एवं अतार्किक (गलत) विचारों का आना, आदत, मन (इच्छा) एवं एकायता में अचानक परिवर्तन की लगातार अनुभूति होने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें। साथ ही शराब, सिगरेट व तम्बाकू के अत्यधिक सेवन से बचें। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की ओपीडी चिकित्सालय परिसर स्थित मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय में संचालित है। जहां पर प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं के लिए काउंसिलिंग एवं दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि कोई मानसिक रोगी या उसके अभिभावक भारत सरकार द्वारा संचालित टेलीमानस सेवा के टोल फ्री नंबर 14416 अथवा 1800-891-4416 पर संपर्क करके आपातकाल स्थिति में मानसिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

इस दौरान सामाजिक कार्यकर्ता हरीश कुमार, मूल्यांकन अधिकारी मुकेश कुमार हंस, कम्यूनिटी नर्स सीमा कुमारी, केस रजिस्ट्री सहायक अजय प्रताप सिंह एवं वार्ड सहायक मनीष सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**बहराइच।** बीती देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सीडीओ ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि निपुण शिक्षा मिशन अन्तर्गत विकसित किये गए प्रेरणा, दीक्षा, रीड-ए-लान्ग, समर्थ इत्यादि ऐप पर वांछित सूचनाओं को अद्यतन रखने हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया जाए। मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने डीसी मनरेगा को निर्देष दिये कि विद्यालयों में समूह सखी के माध्यम से दूध व चिक्की की व्यवस्था सुनिष्चित की जाय। साथ ही फल का वितरण समय से हो तथा मध्यान्ह भोजन भी निर्धारित मैन्यू के अनुसार बच्चों का परोसा जाए। सीडीओ ने कार्यदायी संस्था को निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के भी निर्देष दिया। साथ ही केजीबीवी निर्माण कार्य में टाइट फन्ड का पैसा खर्च करने के भी निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, बीएसए आषीष कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# दो दिन से लापता युवक का शव जंगल में फंदे से लटका मिला

संवाददाता, श्रावस्ती

- जंगल में अंटा तिराहे के पास मिली थी युवक की बाइक



भिनगा जंगल में लाश मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम।

**अमृत विचार।** भिनगा नगर से दो दिन पूर्व लापता एक युवक का शव शुक्रवार भिनगा जंगल में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर शव को फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिनगा नगर स्थित नई बाजार निवासी अखिलेश कुमार उर्फ रामू (28) पुत्र दीन दयाल बुधवार से घर से लापता था। शुक्रवार शाम को युवक का शव भिनगा जंगल में अंटा तिराहे से सड़क से करीब दो मीटर अंदर जंगल में पेड़ से रस्सी के फंदे के सहारे लटका मिला। बताया जाता है कि परिजन युवक की तलाश कर रहे थे। बुधवार देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने अंटा तिराके के पास से लावारिश हालत में एक बाइक बरामद किया था। जिसे पुलिस थाने में लाई थी। युवक का सुराग न लगने पर परिजनों ने गुरुवार शाम को कोतवाली भिनगा में आकर प्रार्थना पत्र दिया और युवक की गुमशुदगी दर्ज कराई। प्रार्थना पत्र में दिए गए बाइक के नम्बर से पुलिस को मिली बाइक का नम्बर एक ही था। पुलिस ने परिजनों को अंटा तिराहे के पास बाइक मिलने की जानकारी भी। इसके बाद पुलिस व परिजन युवक की तलाश करने लगे। शुक्रवार को परिजन तलाश करते हुए अंटा तिराहे के पास जंगल के अंदर घटनास्थल पर पहुंचे, जहां युवक का शव फंदे से लटक रहा था। शव देखते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक भिनगा राज प्रकाश सिंह व फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घटना की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

# जनपद में कल से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जनवरी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 08 से 26 फरवरी 2026 तक होगा। वितरण अवधि में अन्त्योदय कार्डो पर 35 कि.ग्रा. खाद्यान्न प्रति कार्ड (21 कि.ग्रा. चावल व 14 कि.ग्रा. गेहूं) एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक को प्रति यूनिट 05 कि.ग्रा. खाद्यान्न (03 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि.ग्रा. गेहूँ) का वितरण निःशुल्क किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 26 फरवरी 2026 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी. पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा।

जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता हैं कि उक्त वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पॉस मशीन पर अंगूठा लगवाकर ई-वेइंग स्केल मशीन से खाद्यान्न तौल करते हुए तत्समय ही लाभार्थी को खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण करें। यदि किसी विक्रेता के वितरण विरूद्ध वितरण में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होती है, तो विक्रेता के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# राज्यपाल ने कृषक संजीव को किया सम्मानित

संवाददाता, बहराइच

- प्रदर्शनी में जनपद को 3 श्रेणियों में मिले 5 पुरस्कार



राज्यपाल से पुरस्कार लेते किसान संजीव कुमार गौड़। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राज भवन प्रांगण लखनऊ में 6 से 8 फरवरी तक आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के दौरान आकांक्षी जनपद बहराइच के प्रगतिशील कृषक संजीव कुमार गौड़ को एकीकृत जीवनाशी प्रबन्धन तकनीक से बिष मुक्त पपीता की खेती के लिए राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कृषक ने मौजूद कृषकों के साथ अपने अनुभवों को साझा किया तथा कृषि उत्पाद का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिए आईपीएम विधि से विषमुक्त खेती करने के लिए कृषकों को प्रेरित भी किया।

राज भवन प्रांगण में आयोजित 3 दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के प्रथम दिन निर्णायक कमेटी द्वारा जनपदों की ओर से लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का निरीक्षण किया गया। निर्णायक मण्डल द्वारा जनपद बहराइच के कृषक रवि कुमार अग्रवाल को रंगीन शिमला मिर्च (लाल) एवं जरवेरा (लाल रंग) के लिए प्रथम पुरस्कार, कृषक लालता प्रसाद गुप्ता को केला (सब्जी) के लिए प्रथम एवं शहद के लिए शत्रोहन यादव व फूलचन्द्र गिरी को क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान के लिए चयनित किया गया। इस प्रकार जनपद को 3 श्रेणियों में कुल 5 पुरस्कार प्राप्त हुए।

कृषकों द्वारा अर्जित की गई उपलब्धि के सम्बन्ध में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि औद्यानिक फसलों में आकांक्षी जनपद के कृषकों को पुरस्कृत होना जनपदवासियों के लिए गौरव की बात है। उल्लेखनीय है कि राजभवन प्रांगण, लखनऊ में आयोजित होने वाली 03 दिवसीय प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी के नेतृत्व में वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक पंकज वर्मा एवं जनपद के प्रगतिशील कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

## गोदभराई के लिए कार्यकत्रियों को नहीं मिला पैसा

**जमुनहा/वीरगंज, (श्रावस्ती), अमृत विचार।** आंगनबाडी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की ओर से गुरुवार डीएम को पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए निदान करने की मांग की है। डीएम अश्विनी कुमार पांडेय को भेजे पत्र में आंगनबाडी कर्मचारी व सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष माया जायसवाल ने कहा है कि बाल विकास परियोजना में अन्नप्राशन व गोदभराई के गतिविधियों का आयोजन लगातार चल रहा है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां इन गतिविधियों को पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ संचालित कर रही हैं। इसके बाद भी विगत दो वर्ष से उपरोक्त गतिविधियों के लिए कोई भी धनराशि प्राप्त नही हुई है, जबकि शासन से इसके लिए बराबर बजट का भुगतान किया जा रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी पीके दास को इसकी कई बार लिखित शिकायत भी की जा चुकी है। इसके बाद भी समस्या पर ध्यान नही दे रहे है। संगठन चाहता है कि डीएम अपने स्तर से हस्तक्षेप करते हुए दो वर्षों से उपरोक्त गतिविधियों की लम्बित धनराशि का भुगतान कराए। जिससे कार्यकत्री व साहिकाओं का जीवन यापन हो सके।

## मेधावी छात्रों को विधायक ने किया सम्मानित

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** राम नगर खजुरी स्थित राम नरायन सिंह इंटर कालेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का समापन क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी ने क्रीड़ाध्वज का अवतरण कर किया। इस अवसर पर मेधावी बच्चों को मेडल व पदक देकर सम्मानित किया गया। खजुरी स्थित राम नरायन सिंह इंटर कालेज के तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के समापन अवसर पर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने मेधावी छात्रों को मेडल व पदक देकर सम्मानित किया इस अवसर पर उन्होंने "नरायन ज्योति" पत्रिका का विमोचन किया शुक्रवार को समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद विधायक सुभाष त्रिपाठी का विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप सिंह ने अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया इस दौरान बच्चों ने स्वागत गीत सहित कव्वाली, लोकगीत, नाटक, प्रहसन सहित मनमोहक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर लोगों का मन मोह लिया। विधायक ने सम्बोधित करते हुये कहा कि देश के सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक विकास के लिये शिक्षा केंद्रीय धुरी है। इस अवसर पर प्राचार्य गिरिजा शंकर पाण्डेय ने विद्यालय प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के प्रबंधक प्रदीप सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य दिलीप सिंह, अशोक सिंह, उत्कर्ष सिंह, प्रधानाचार्य गिरजा शंकर पांडेय, साहित्य परिषद अध्यक्ष राजेश चौबे, उपप्रधानाचार्य गिरिवर त्रिपाठी सहित अध्यापकगण मिथिलेश कुमार, राकेश मिश्रा, अमर बहादुर पटेल, हरिओम शुक्ला, अरुण कुमार, शिव कुमार यादव, अभिषेक, नारायण देव द्विवेदी, निर्मल भारती एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



समारोह में मौजूद विधायक सुभाष त्रिपाठी व अन्य।

# सड़क हादसों में वृद्धा की मौत, दो गंभीर

इकौना/कानीबोझी (श्रावस्ती),

**अमृत विचार।** अलग-अलग सड़क हादसों में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

नवीन माडर्न थाना कटरा क्षेत्र के पटना कोठार गांव निवासी सुंदरी देवी (75) पत्नी बच्चाराम विश्वकर्मा गुरुवार देर शाम को अपने घर से पास में ही स्थित दुकान से कुछ सामान लेने जा रही थीं। इस दौरान दुकान के पास सड़क पार करते समय तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों की ओर से एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया। मेडिकल कालेज बहराइच में इलाज के दौरान शुक्रवार को महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची बहराइच पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

इसी तरह इकौना थाना क्षेत्र के बौद्ध परिपथ पर परसौरा माफी गांव स्थित बैंक के सामने शुक्रवार दोपहर में बाइक सवार ने सड़क पर पैदल जा रही इकौना के ग्राम महादेव जगदीश निवासी मिथलेश कुमारी (50) पत्नी मोती लाल गंभीररूप से घायल हो गई। जिन्हें एम्बुलेंस से लोगों ने सीएचसी इकौना में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज हो रहा है। वहीं हरदत्त नगर गिरन्ट थाना क्षेत्र के बैजनाथ पुरवा गांव निवासी विन्दर (22) पुत्र कधाई लाल की बाइक बहोरवा चौराहे पर अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में विन्दर गंभीररूप से घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से सीएचसी मल्हीपुर में भर्ती कराया गया।

## ई-रिक्शा पलटने से महिला समेत पांच घायल

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले के रामगांव इलाके में सवारियों को लेकर जा रहा ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में एक महिला व मासूम समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी को जिला अस्पताल भेजा दिया है। रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित नौवनपुरवा ग्राम की रहने वाली शशि परिवार के साथ मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होकर ई रिक्शा से वापस लौट रही थी। जब सभी झींगहा घाट के पास स्थित हनुमान मंदिर के पास पहुंचे तभी तेज रफ्तार के चलते वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में शशि, रमपता, जलवर्षा, कृष्णावती समेत 6 साल का मासूम राजकुमार घायल हो गया। सभी को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है मासूम की हालत गंभीर बताई जा रही है।



ला अस्पताल में भर्ती घायल महिला व अन्य।

# कलकलवा में शोपीस बनी टंकी, नहीं मिली जलापूर्ति

जमुनहा/ वीरगंज (श्रावस्ती)



कलकलवा में शोपीस बनी पानी टंकी।

**अमृत विचार।** जल जीवन मिशन की हर घर नल से जल की योजना सीमा क्षेत्र के गांव में छलावा साबित हो रही ही। सरकार की प्राथमिकता के बाद भी गांव में बनी ओवरहेड टैंक से लोगों को पानी नहीं मिल रहा। इसका प्रमाण जमुनहा के ग्राम पंचायत कलकलवा में देखा जा सकता है। यहां बने ओवरहेड टैंक से ग्रामीणों को जलापूर्ति नहीं मिल रही है।

कलकलवा गांव में वर्ष 2021-22 में एक करोड़ से अधिक लागत से पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था। इसके करीब पांच हजार की आबादी को स्वच्छ पेयजल मिलने की उम्मीद जगी थी। पानी टंकी का निर्माण कार्य पूरा हो गया था। इसके बाद न तो पाइप लाइन से लोगो के घरों को जोड़ा गया और न ही जलापूर्ति शुरू हो सकी। ऐसे में यह बनी पानी की टंकी आज भी शोपीस बनी हुई है। गांव के लोगो को आज भी स्वच्छ पेयजल के लिए कम गहराई वाले हैंडपंप का सहारा लेना पड़ रहा है। इसकी जानकारी के बावजूद जिम्मेदार समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे है। स्थानीय निवासी किरन वर्मा ने बताया कि गर्मी में हैंडपंप भी जवाब दे देते हैं। टंकी बनी है, लेकिन कभी पानी नहीं आया। लोग कम गहराई के हैंडपंप का पानी पीकर बीमार हो रहे हैं। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार वर्मा ने बताया कि टंकी की टेस्टिंग के बाद पानी सप्लाई शुरू होनी थी, लेकिन तकनीकी खराबी व विभागीय लापरवाही के कारण अब तक जलापूर्ति नहीं हो सकी है।

## आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया प्रशिक्षण

**पयागपुर (बहराइच)।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा तथा मुख्य बाल विकास परियोजना अधिकारी विमला देवी के निर्देशन में ब्लॉक संसाधन केंद्र पर चल रहे तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन हो गया कार्यक्रम का आयोजन स्पेशल टीचर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह ने किया तथा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्र ने दिया। खंड शिक्षा अधिकारी डाली मिश्रा ने बताया कि विकास क्षेत्र की 50 कार्यकत्रियों को तीन दिवसीय समावेशी शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया है जिसमें दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग तथा उनकी पहचान व उनका चिकित्सक की देखरेख में मदद करना इसके साथ ही साथ अपने केंद्र पर शिक्षा देने के बारे में विस्तार रूप से प्रशिक्षित किया गया है अब यह सभी कार्यकत्रियां अपने केंद्र पर जाकर के बच्चों का स्क्रीनिंग करेंगी। प्रशिक्षण के अंत में स्पेशल टीचर राजेश कुमार पटेल तथा आरती सिंह, मुख्य सेविका सपना मौर्या कार्यालय सहायक सुनील त्रिपाठी, प्रभुदयाल मिश्र, लिपिक राजेंद्र चक्रवर्ती, आशीष सिंह, रोहित शुक्ला, पंकज तिवारी, ने समावेशी शिक्षा का माड्यूल वितरित किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे मृणालिनी शुक्ला, आशा त्रिपाठी, उषा पाण्डेय, कमलेश कुमारी वर्मा, रीना, मीना, पुष्पा, ममता, पूनम सिंह आदि कार्यकत्रियों ने प्रतिभाग किया।



प्रमाणपत्र के साथ खड़ी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां।

## तहसील सदर में सेवा शिविर आयोजित

**बहराइच।** कार्यपालक अध्यक्ष व वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश के निर्देश पर तहसील सदर बहराइच के प्रांगण में आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया गया साथ ही साथ आमजनमानस को चिह्नित कर लाभान्वित भी किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव प्रिया कुमारी राय ने बताया कि 22 फरवरी 2026 को कपूरथला आडिटोरियम में आयोजित होने वाले वृहद मेगा शिविर से पूर्व तहसील स्तर पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सचिव ने आमजन से अपेक्षा की कि शिविर का भरपूर लाभ उठायें। शिविर को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार सदर द्वारा तहसील के माध्यम से प्रदान की जाने वाली सेवाओं एवं सुविधाओं, दिव्यांगजन, समाज कल्याण, राजस्व, कौशल विकास, श्रम प्रवर्तन इत्यादि विभागों के माध्यम से संचालित वाली जनकल्याणकारी योजनाओं, विभिन्न प्रकार की पेंशन, छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी देते हुए आमजनमानस से अपेक्षा की कि तहसीलों एवं ग्रामों में लगने वाले छोटे-छोटे शिविर में जाकर सरकारी योजनाओं का भरपूर लाभ उठायें।

**अपील** पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करके उठाई गई मांग

# घाघरा पर पहले बने पीपे का पुल, तब बंद हो संजय सेतु

संवाददाता, श्रावस्ती



सीएम से मिलकर पीपा पुल की मांग करते पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र।

**अमृत विचार।** देवीपाटन मंडल सहित आसपास के जिलों के लोग घाघरा नदी के संजय सेतु से होकर लखनऊ सहित अन्य जिलों में आते जाते है। उनकी व्यवहारिक कठिनाइयों को देखते हुए गोंडा-लखनऊ मार्ग स्थित घाघरा नदी पर बने संजय सेतु पर यातायात बंद करने से पूर्व बैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पीपे का पुल बनाया जाए। इसके बाद पुल पर आवागमन बंद किया जाए।

यह मांग पूर्व सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर मांग पत्र का माध्यम से की है। मांग पत्र में पूर्व सांसद ने कहा है संजय सेतु (घाघरा पुल) बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर व गोंडा जनपद की लाइफ लाइन है। पड़ोसी राष्ट्र नेपाल तक यातायात का यह मुख्य मार्ग है। विभिन्न संचार माध्यमों से प्रसारित किया गया है कि घाघरा पुल की मरम्मत को लेकर आगामी दस फरवरी से दो माह तक आवागमन को बंद कर दिया जाएगा। यातायात बंद होने से पूरे देवीपाटन मंडल सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों की जनता में भय व्याप्त हो गया है। यह सेतु न केवल व्यापारिक गतिविधियों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि इस क्षेत्र गंभीर रोगों से ग्रसित रोगियों के लिए किसी वेंटीलेटर से कम नहीं है। संजय सेतु करीब पांच दशक से इस क्षेत्र के लोगों के जीवन का अभिन्न अंग बना हुआ है। इसे में उन्होंने सीएम योगी से संजय सेतु पर याताया बंद करने से पूर्व बैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पीपा पुल निर्माण कराने की मांग की है। ताकि लोगों को सहूलियत हो सके। पूर्व सांसद ने बताया कि इस पर मुख्यमंत्री की ओर से सकारात्मक आवश्वासन दिया गया है।

## संजय सेतु की मरम्मत को लेकर विभाग तैयार

**जरवल रोड (बहराइच)।** अवर अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि घाघरा नदी पर स्थित संजय सेतु की मरम्मत से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। रिपेयर कार्य में उपयोग होने वाला समस्त सामग्री घाट पर पहुंच चुका है, वहीं लेबर, ठेकेदार और इंजीनियरों की पूरी टीम मौके पर मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से जैसे ही उच्च स्तर से आदेश प्राप्त होगा, तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। पुल के पास इंजीनियरों के लिए अस्थायी कैंप कार्यालय भी स्थापित कर दिया गया है, ताकि कार्य की सतत निगरानी की जा सके। वहीं अवर अभियंता ने स्पष्ट किया कि बिना मरम्मत कार्य के पुल को सुरक्षित रखना संभव नहीं है, इसलिए कार्य के दौरान आवश्यक तकनीकी प्रक्रियाओं का पालन किया जाएगा। प्रशासन का प्रयास है कि मरम्मत कार्य शीघ्र और सुरक्षित तरीके से पूर्ण किया जाए, जिससे क्षेत्रीय लोगों को अधिक असुविधा न हो। तथा यह भी बताया कि जब तक पूरी तरह आवागमन रोक नहीं जाएगा तब तक मरम्मत कार्य शुरू नहीं हो पाएगा।

# मासूम पर गिरा खौलते दूध से भरा भगोना, हालत गंभीर

**रुपैडिहा (बहराइच)।** जिले के नानपारा इलाके में परिवार के साथ मांगलिक कार्यक्रम में गए एक मासूम पर गरम दूध से भरा भगोना गिरने से वह गंभीर रूप से झुलस गया। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के रहने वाले शैलेंद्र वर्मा का बेटा हर्षित उम्र 7 वर्ष अपने परिवार के साथ नानपारा कोतवाली इलाके में स्थित जगन्नाथपुर ग्राम में वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था। इसी दौरान उस पर खौलते दूध का भगोना गिर गया। जिसके चलते पेट व पैर बुरी तरह से झुलस गया। परिवार के लोग उसे इलाज के लिए लेकर स्थानीय अस्पताल पहुंचे। मासूम की हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं चिकित्सकों की ओर से उसका इलाज किया जा रहा है।

## असहज करते आंकड़े

लोकसभा में पेश देश की छह प्रमुख एयरलाइंस के सरकारी आंकड़े भारतीय नागरिक उड्डयन क्षेत्र को लेकर किंचित असहज करने वाले हैं। पिछले 13 महीनों में 377 विमानों में बार-बार आने वाली तकनीकी खराबियां तथा ऑडिट किए गए लगभग आधे विमानों में दोहराई जाने वाली गड़बड़ियां मिलना चिंता का सबब है। सवाल स्वाभाविक है कि क्या भारतीय विमान यात्रियों की यात्रा असुरक्षित हो चुकी है, इसके पीछे निजी विमानन की होड़ तथा नियामक एजेंसियों की विफलता कितनी जिम्मेदार है?

विमानन उद्योग में छोटी-मोटी तकनीकी खामियां सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा मानी जाती हैं। 'रिकरिंग डिफेक्ट' का अर्थ यह नहीं कि हर उड़ान दुर्घटना के कगार पर है। परंतु जब वही गड़बड़ी बार-बार सामने आए, तो यह रख-रखाव, निरीक्षण या प्रणालीगत खामी का संकेत हो सकता है, यही चिंताजनक है। भारत का नागरिक उड्डयन क्षेत्र पिछले एक दशक में तेजी से बढ़ा है। सस्ती हवाई यात्रा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने यात्री संख्या में भारी वृद्धि की, पर रखरखाव, अवसंरचना और नियामकीय निगरानी उसी अनुपात में मजबूत नहीं हुई। डीजीसीए जैसी नियामक संस्था को विमानों की नियमित जांच, ऑडिट और अनुपालन सुनिश्चित करना होगा, क्योंकि एक ही प्रकार की खराबियों का दुहराव केवल एयरलाइंस की समस्या नहीं, बल्कि निगरानी तंत्र की भी परीक्षा है। देखना होगा कि लगातार खराबी के कारण क्या हैं, विमानों का पुराना होना, जिनमें तकनीकी समस्याओं की आशंका अधिक होती है, या फिर प्रतिस्पर्धा की होड़ में लागत घटाने का दबाव अक्सर मरम्मत और स्पेयर पार्ट्स की उपलब्धता को प्रभावित करने के साथ रखरखाव की गुणवत्ता पर असर डाल रहा है। इसके अलावा मानव संसाधन और प्रशिक्षण, तकनीकी कर्मियों की कमी या उनकी थकान भी इसकी वजह हो सकती है। हम विमान को जमीन पर रख कर राजस्व नुकसान के भय से सामान्य गड़बड़ी के बावजूद सीमित उड़ान की अनुमति दे देते हैं, जबकि अमेरिका और यूरोप में नियामक एजेंसियां काफी कठोर ऑडिट और दंडात्मक प्रावधान लागू करती हैं। उदाहरण के तौर पर, बोइंग 737 मैक्स संकट के बाद अमेरिकी नियामक ने पूरे बेड़े को ग्राउंड कर दिया था। यूरोप में भी गंभीर तकनीकी गड़बड़ी पर तत्काल उड़ान रोकने का प्रावधान है। भारत में भी ऐसी शक्तियां मौजूद हैं, परंतु उनका प्रयोग कितनी दृढ़ता से होता है, यही मूल प्रश्न है, हालांकि यह कहना अतिशयोक्ति होगा कि भारत में हवाई यात्रा व्यापक रूप से असुरक्षित हो चुकी है। परंतु चेतावनी संकेत साफ हैं।

सरकार को डीजीसीए की क्षमता, तकनीकी स्टाफ और ऑडिट प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करना होगा। एयरलाइंस को लाभ से पहले सुरक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। बेड़े का आधुनिकीकरण, पारदर्शी रख-रखाव रिपोर्टिंग और तकनीकी कर्मियों में निवेश अनिवार्य है। यात्रियों की भी भूमिका है। तकनीकी गड़बड़ी के कारण देरी पर असंतोष स्वाभाविक है, पर सुरक्षा जांच में समय लगना बेहतर है, बनिस्बत जोखिम उठाने के। शिकायत तंत्र का उपयोग, पारदर्शिता की मांग और जागरूकता, ये सब दबाव बनाते हैं कि प्रणाली बेहतर हो।

### प्रसंगवश

## बदले में हम पहाड़ों को क्या दे रहे हैं!

पहाड़ और समुद्र दो ऐसी चीजें हैं, जिनका आकर्षण कभी खत्म नहीं होता। मैदानी इलाकों में रहने वाले लोगों को पहाड़ हमेशा से अपनी ओर आकर्षित करते रहे हैं। आदमी के मन को बरबस अपनी ओर खींच लेने वाले पहाड़ सैलानियों को वर्षों से ठंडी हवाओं, एकांत शांति और सुकून का आश्वासन देते रहे हैं। आज भी पहाड़ का यह आश्वासन आदमी को अपनी ओर खींच कर मंत्र मुग्ध, चकित कर देता है, पर इन सबके बीच सवाल यह है कि हम पहाड़ को क्या दे रहे हैं? बीते वर्षों में पहाड़ पर जाने वालों का एक ऐसा तबका उभरा है, जो स्वयं पहाड़ की शांति में खलल डालने लगा है।

पुरानी अवधारणा के अनुसार पर्यटन और तीर्थाटन में ज्यादा अंतर नहीं था। सही मायने में तीर्थाटन के मतलब को समझा जाए, तो उसमें काफी दिक्कतें हैं, शारीरिक कष्ट शामिल हैं। उत्तराखंड के संदर्भ में तीर्थ यात्रा का मतलब यही दुख और कष्ट था। कल के हिसाब से पर्यटन का अर्थ था, एक लंबी यात्रा, जिसे गहरी आस्था और श्रद्धा के साथ लोग कष्टदायक नहीं मानते थे, लेकिन वर्तमान में ऐसा नहीं है। आज पर्यटन और तीर्थाटन दोनों के मतलब बदल गए है।



दीपक नौगांई
लेखक

गर्मियों में पहाड़ की ओर प्रस्थान करने का प्रबंध अंग्रेजों ने किया था। वे गर्मियों में अपनी राजधानी को दिल्ली से उठाकर नैनीताल या शिमला ले जाते थे। तब कई जगहों पर तो भारतीयों का प्रवेश एक तरह से वर्जित ही था, लेकिन आजादी की बाद पहाड़ अंग्रेजी साहबों के कब्जे से आजाद होकर हिंदुस्तानी साहबों के कब्जे में आ गए। बीते 10-15 सालों में पहाड़ पर जाने वाले लोगों की संख्या में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है। एक नए धनाढ्य वर्ग का जन्म हुआ है, जो वीकेंड पर सारे तामझाम के साथ अपने वैभव का प्रदर्शन करने हिल स्टेशन पहुंच जाता है।

पहाड़ तो हमेशा चुप रहते हैं। पता नहीं पहाड़ ऐसे सैलानियों को किसी विस्मय से देखते हैं या नहीं पर वे पहाड़ को किसी विस्मय से नहीं देखते। अगर झील नगरी नैनीताल की बात करें, तो अब यह एक कंक्रीट जंगल में बदल गया है। पहले जाड़ों में यहां बहुत कम पर्यटक आते थे, पर अब तो साल भर भीड़ रहती है। आज सब कुछ है पर शांति नहीं है। सीजन के समय मल्लीताल बाजार से नीचे उतरें, तो फ्लैट कारों से भरा दिखेगा और माल रोड पर तिल रखने की जगह नहीं मिलेगी।

स्थानीय कारोबारियों की बात करें, तो वे करें भी तो क्या करें। पर्यटकों से ही तो उनकी कमाई है, इसलिए वे पर्यटकों के हर नाज-नखरे सहने को बाध्य हैं। होटल वाले खुश हैं कि पर्यटकों की भीड़ है, पर कोई पहाड़ से पूछे कि उसके क्या हालात हैं। क्या पर्यटकों की भीड़ से पहाड़ खुश हैं। इस तरह का पर्यटन पहाड़ विरोधी सभ्यता को जन्म देता है, जो किसी न किसी रूप में पहाड़ के गरिमामय जीवन के मूल्यों पर एक तरह से कुठाराघात ही करता है। क्या नैनीताल, मसूरी, शिमला या कुल्लू मनाली इस तरह के पर्यटन और पर्यटकों की भीड़ को सहने का सामर्थ्य रखते हैं।

नए सैलानी आज अपनी चीजों और पैसों का प्रदर्शन करने ही पहाड़ जाते हैं। पहाड़ क्या चाहता है, उन्हें इससे कोई मतलब नहीं। देखा जाए तो आज पहाड़ों में बचा ही क्या है? पेड़ों को काटकर कंक्रीट के जंगल खड़े कर दिए गए हैं। सड़कें चौड़ी की जा रही हैं, ताकि लोग आराम से अपनी महंगी गाड़ियों में बैठकर पहाड़ को रौंद सके। अब इससे पहाड़ धंस जाए और भूस्खलन ज्यादा होने लगे, तो इससे किसी को क्या मतलब। कल क्या होगा इसकी चिंता आज क्यों करे आदमी?

## प्रधानमंत्री का मलेशिया दौरा और उम्मीदें





प्रो. आरके जैन
शिक्षाविद्

जब एशिया की जियोपॉलिटिक्स अनिश्चितता और प्रतिस्पर्धा की तेज लहरों से घिरी हुई है, ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 7-8 फरवरी का मलेशिया दौरा दूरदर्शी कदम के रूप में उभरता है। अगस्त 2024 में संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में उन्नत करने के बाद यह पहला बड़ा अवसर है, जब दोनों देश अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की तैयारी में हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा और चीन की बढ़ती सक्रियता के बीच संतुलन का स्पष्ट, सशक्त और आत्मविश्वासी संदेश भी प्रस्तुत करेगा।

भारत और मलेशिया के द्विपक्षीय संबंध अब औपचारिकताओं की सीमाओं से निकलकर आपसी विश्वास, सहयोग और साझेदारी की गहराई तक पहुंच चुके हैं। लगभग 2.9 मिलियन भारतीय मूल के नागरिक मलेशिया में दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। यही सशक्त डायस्पोरा भारत की सॉफ्ट पावर को वैश्विक मंच पर मजबूती प्रदान करता है। मोदी और अनवर की मुलाकात में व्यापार, निवेश, डिफेंस, सुरक्षा, डिजिटल और फाइनेंशियल टेक्नोलॉजी जैसे अहम विषयों पर ठोस और दूरगामी निर्णय होने की पूरी संभावना है। दसवां इंडिया-मलेशिया सीईओ फोरम इस यात्रा का प्रमुख आकर्षण होगा, जहां भविष्य की आर्थिक साझेदारियों की मजबूत नींव रखी जाएगी।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया दौरे पर जा रहे हैं। अनवर इब्राहिम के आमंत्रण पर हो रहा यह दौरा भारत की एक्ट ईस्ट नीति को नई ऊर्जा देगा। यह यात्रा भविष्य की वैश्विक रणनीति को दिशा देने वाला कदम माना जा रहा है।**

व्यापार के क्षेत्र में यह यात्रा एक निर्णायक और परिवर्तनकारी मोड़ साबित हो सकती है। मलेशिया का पाम ऑयल, इलेक्ट्रॉनिक्स और तेल-गैस संसाधन भारत की बढ़ती आवश्यकताओं को मजबूती देंगे, जबकि भारतीय आईटी, फार्मा और स्टार्टअप सेक्टर मलेशियाई बाजार में नए अवसरों की खोज करेंगे। दोनों देश व्यापारिक बाधाओं को कम करने, लॉजिस्टिक्स व्यवस्था सुधारने और सप्लाई चेन को सशक्त बनाने पर ठोस सहमति बना सकते हैं। इंडो-पैसिफिक व्यापार गलियारों को गति देकर चीन पर निर्भरता घटाने का प्रयास भी इस एजेंडे का महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।

ऊर्जा क्षेत्र में यह दौरा भविष्य की हरित क्रांति की मजबूत आधारशिला रखने की पूरी क्षमता रखता है। रिन्यूएबल एनर्जी, ग्रीन हाइड्रोजन, क्लीन टेक्नोलॉजी और ऊर्जा संक्रमण पर सहयोग के नए द्वार खुलने की प्रबल संभावना है। मलेशिया के तेल और गैस संसाधन भारत की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ बनाएंगे, जबकि भारत की उन्नत सोलर और विंड तकनीक मलेशिया को नेट-जीरो लक्ष्य के और अधिक निकट पहुंचाएगी। ऊर्जा संक्रमण से जुड़े संभावित समझौते दोनों देशों को जलवायु परिवर्तन के विरुद्ध एक साझा और प्रभावी मोर्चे पर खड़ा करेंगे। यह साझेदारी आर्थिक विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन का प्रेरणादायक उदाहरण बनेगी।

मैरिटाइम सिक्योरिटी इस यात्रा का सबसे संवेदनशील, रणनीतिक और महत्वपूर्ण पक्ष है। दक्षिण चीन सागर में बढ़ते तनाव के बीच भारत और मलेशिया का नौसैनिक सहयोग क्षेत्रीय स्थिरता के लिए अनिवार्य बन चुका है। संयुक्त सैन्य अभ्यास, इंटेलिजेंस शेयरिंग और मैरिटाइम डोमेन अवेयरनेस को मजबूत करना प्रमुख प्राथमिकता होगी। मलक्का जलडमरू मध्य की सुरक्षा वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा है, जिसकी स्थिरता दोनों देशों के साझा हितों से जुड़ी है। यह सहयोग समुद्री सुरक्षा को नई दिशा देगा, जहां साझेदारी टकराव पर भारी पड़ेगी।

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत की नेतृत्व भूमिका इस दौरे के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ तथा प्रभावशाली होगी। एक्ट ईस्ट नीति और मलेशिया की लुक ईस्ट रणनीति का संगम एक मजबूत और संतुलित क्षेत्रीय ढांचा तैयार करेगा। इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क पर होने वाली चर्चा सुरक्षित, पारदर्शी और स्थिर व्यापार मार्गों के विकास में सहायक होगी। क्वाड, आसियान और इंडो-पैसिफिक इकोनॉमिक फ्रेमवर्क के साथ समन्वय बढ़ने से क्षेत्र में संतुलित शक्ति व्यवस्था स्थापित होगी। निवेश के क्षेत्र में यह यात्रा अवसरों के नए द्वार खोलने वाली सिद्ध होगी।

मलेशियाई कंपनियां मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियानों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से भारत की विकास यात्रा का हिस्सा बन सकती हैं। सीईओ फोरम में होने वाले समझौते रोजगार सृजन, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण को नई गति प्रदान करेंगे। भारतीय प्रवासी समुदाय निवेशकों और सरकारों के बीच एक मजबूत सेतु की भूमिका निभाएगा। मोदी की उद्योगपतियों से मुलाकात एफडीआई को विशेष रूप से ग्रीन एनर्जी, सेमीकंडक्टर, मैन्युफैक्चरिंग और डिजिटल टेक्नोलॉजी क्षेत्रों में प्रोत्साहित करेगी। यह निवेश साझेदारी आपसी विश्वास, स्थायित्व और दीर्घकालिक सहयोग का मजबूत आधार बनेगी।

सॉफ्ट पावर के क्षेत्र में भी यह दौरा गहरा और दूरगामी प्रभाव डालेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, संस्कृति और हेल्थ टेक में बढ़ता सहयोग द्विपक्षीय संबंधों को मानवीय और संवेदनशील आधार प्रदान करेगा। महामारी के बाद हेल्थ टेक और वैक्सीन सहयोग की बढ़ती अहमियत इस साझेदारी को और सुदृढ़ बनाएगी। छात्र विनिमय कार्यक्रम और शोध साझेदारियां ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और जन-संपर्क से दोनों समाजों के बीच भावनात्मक जुड़ाव गहरा होगा। यह यात्रा प्रमाणित करेगी कि कूटनीति केवल समझौतों तक सीमित नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने वाली निरंतर प्रक्रिया भी है।

यह केवल दो देशों की औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि एशिया के भविष्य की दिशा तय करने वाला रणनीतिक प्रयास है। भारत-मलेशिया साझेदारी वैश्विक चुनौतियों के सामने एक सशक्त और अटूट दीवार बनकर उभरेगी। यह यात्रा उम्मीद, आत्मविश्वास और रणनीतिक दूरदृष्टि की प्रतीक बनकर इतिहास में स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

### आमने सामने



उत्तर के लोग तमिलनाडु में टेबल साफ करने आ रहे हैं। वे यहां मजदूरी, पानी पूरी बेचने आते हैं, क्योंकि उन्होंने सिर्फ हिंदी सीखी है। इसके उलट हमारे बच्चे विदेश जाते हैं, क्योंकि हम दो-भाषा नीति का पालन करते हैं और हमने अंग्रेजी अच्छी तरह सीखी है।

–एमआरके पनीरसेल्वम
कृषि मंत्री, तमिलनाडु सरकार

आपकी कुंठा का इलाज तो नहीं है पन्नीरसेल्वम जी, लेकिन आपकी भ्रांतियां अवश्य दूर कर सकता हूं। यहां के बच्चे UPSC, IAS, IPS जैसी परीक्षाओं में देश में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं। IIT, AIIMS और देश-विदेश के प्रतिष्ठित संस्थानों में बिहार के युवा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।

–अशोक चौधरी
मंत्री, बिहार सरकार



## एआई किसानों के लिए क्रांति या संकट!



जयदेव राठी
अधिवक्ता

भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले कृषि क्षेत्र के लिए केंद्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक गेम चेंजर के रूप में पेश किया है। अपने बजट भाषण में उन्होंने रिकॉर्ड 11 बार एआई का जिक्र किया और 'भारत विस्तार' नामक एक बहुभाषी एआई प्लेटफॉर्म की घोषणा की। सवाल यह है कि क्या यह तकनीकी हस्तक्षेप वाकई भारत के लगभग 14 करोड़ किसानों की तस्वीर बदल सकेगा, या यह महज एक और सरकारी घोषणा बनकर रह जाएगी?

बजट में कृषि क्षेत्र के लिए 1.62 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन किया गया है, जो पिछले वर्ष से लगभग 7% अधिक है। इसमें सबसे उल्लेखनीय है 'भारत विस्तार' प्लेटफॉर्म की स्थापना। यह एक बहुभाषी एआई टूल है, जो एग्रीस्टैक पोर्टल और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) की सत्यापित कृषि पद्धतियों को एआई सिस्टम के साथ एकीकृत करेगा।

इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसानों को कई सुविधाएं मिलेंगी। मिट्टी की गुणवत्ता, जलवायु परिस्थितियों और फसल के आधार पर विशिष्ट सुझाव। सटीक और स्थानीय मौसम की जानकारी, जो सिंचाई और बुआई के फैसलों में मदद करेगी। फसलों में लगने वाली बीमारियों की शीघ्र पहचान और समाधान। फसलों के सही दाम और बाजार की मांग की जानकारी। किसानों को उनकी अपनी भाषा में सलाह, जिससे डिजिटल विभाजन कम होगा। इसके अतिरिक्त, बजट में 'कृषि साथी' नामक एआई चैटबॉट की भी घोषणा की गई है, जो वॉयस और वीडियो के माध्यम से किसानों के सवालों का जवाब देगा। पशुपालन क्षेत्र में रोजगार बढ़ाने के लिए क्रेडिट-लिंक्ड सब्सिडी कार्यक्रम, नारियल प्रोत्साहन योजना जो एक करोड़ किसानों समेत तीन करोड़ लोगों को लाभान्वित करेगी और 500 जलाशयों के एकीकृत विकास की भी योजना है।

**एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए।**

आधुनिक तकनीक और एआई के सही इस्तेमाल से कृषि क्षेत्र में कई सकारात्मक बदलाव संभव हैं। सबसे पहले, प्रिसिजन फार्मिंग के माध्यम से संसाधनों का अनुकूलतम उपयोग किया जा सकता है। एआई आधारित सिस्टम यह बता सकता है कि किस खेत के किस हिस्से में कितना पानी, उर्वरक या कीटनाशक चाहिए, जिससे लागत में 20-30% तक की कमी आ सकती है।

दूसरा, समय पर सही जानकारी मिलने से फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी। मौसम का सटीक पूर्वानुमान, बीमारियों की शीघ्र पहचान और बाजार की सही जानकारी से किसान बेहतर फैसले ले सकेंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे उपज में 15-25% तक की वृद्धि संभव है। तीसरा, जोखिम प्रबंधन में सुधार होगा। एआई सिस्टम ऐतिहासिक डेटा और वर्तमान परिस्थितियों के विश्लेषण से फसल विफलता के जोखिम को पहले से भांप सकता है और निवारक उपाय सुझा सकता है। यह खासकर छोटे और सीमांत किसानों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो एक ही फसल पर निर्भर रहते हैं।

चौथा, बाजार से बेहतर जुड़ाव मिलेगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म किसानों को सीधे खरीदारों से जोड़ सकते हैं, बिचौलियों की भूमिका कम कर सकते हैं और किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य दिला सकते हैं। कई किसान संगठन और कृषि स्टार्टअप इस दिशा में पहले से काम कर रहे हैं।

एआई की इन संभावनाओं के बावजूद, भारतीय कृषि क्षेत्र में इसके व्यापक कार्यान्वयन में कई गंभीर चुनौतियां हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में, खासकर छोटे और सीमांत किसानों में डिजिटल साक्षरता की गंभीर कमी है। जो किसान 85% कृषक समुदाय का हिस्सा हैं, उनमें से अधिकांश स्मार्टफोन का बुनियादी उपयोग तो कर लेते हैं, लेकिन एआई-आधारित जटिल एप्लिकेशन का इस्तेमाल करना उनके लिए चुनौतीपूर्ण है। एक औसत भारतीय किसान की उम्र 50 वर्ष से अधिक है और उनमें से कई अनपढ़ या अर्ध-साक्षर हैं।

यदि 'भारत विस्तार' जैसे प्लेटफॉर्म को सफल बनाना है, तो सिर्फ बहुभाषी इंटरफेस काफी नहीं है। किसानों को इन तकनीकों के उपयोग का व्यापक प्रशिक्षण देना होगा, जिसके लिए जमीनी स्तर पर कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या में आवश्यकता होगी। भारत के लगभग 6.44 लाख गांवों में से 6.13 लाख से अधिक गांवों में 3G/4G इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध हैं। बाकि गांवों में अभी भी मोबाइल कनेक्टिविटी और इंटरनेट की सुविधा नहीं है, जहां इंटरनेट उपलब्ध है, वहां भी कनेक्टिविटी अस्थिर और धीमी है।

एआई-आधारित प्लेटफॉर्म को काम करने के लिए स्थिर और तेज इंटरनेट कनेक्शन की जरूरत होती है। बिना मजबूत डिजिटल अवसंरचना के, ये सारी योजनाएं कागज पर ही रह जाएंगी। सरकार ने प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस (पीएम-वाणी) और भारतनेट परियोजना के माध्यम से ग्रामीण कनेक्टिविटी बढ़ाने की कोशिश की है, लेकिन जमीनी स्तर पर इनका कार्यान्वयन अभी भी अपर्याप्त है।

### सोशल फोरम

## पीर डोले शाह के 'चूहे'

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरात जिले में पीर डोले शाह की मज़ार है। पीर साहब का दावा था कि वो बांझ औरतों को औलाद दे सकते हैं, परंतु उनकी शर्त ये थी कि औरतें अपना पहला बच्चा उनकी दरगाह पर पीर की सेवा के लिए छोड़ जाएंगी। ये परंपरा आज तक चली आ रही है। एक अनुमान के मुताबिक़ पिछले तीन सौ साल में एक लाख से ज़्यादा बच्चे दरगाह की नज़र किए गए।



रंजन शर्मा
रिटायर्ड अफसर

ये बच्चे जो दरगाह पर पल कर बड़े होते थे, इनकी खासियत ये थी की ये अपनी उम्र के हिसाब से शारीरिक तौर पर तो लम्बे-चौड़े, हृष्ट-पुष्ट हो जाते थे, परंतु इनका सर एक-दो साल के बच्चे जितना बड़ा ही रहता था। साथ में ये मंदबुद्धि भी होते थे। दरगाह इनसे भीख मंगवा कर अपनी कमाई करती थी।

इसका कारण यह था कि यहां छोड़े गए साल-दो-साल के मासूम बच्चों को इसी उम्र से सर पर एक लोहे का हेलमेट पहना कर कस दिया जाता था। ये लोहे की टोपी सालों तक बंधी रहती थी। इससे इन बच्चों के सर के बनावट उतनी ही रह जाती थी और साथ में इनका मानसिक विकास भी रुक जाता था। इनको 'चूहों' का नाम दिया जाता था और इन्हे भीख मांगने के लिए दूर-दूर तक भेजा जाता था।

दरगाह पर हो रही इस अमानवीय हरकत की ख़बर अंग्रेज़ी हुक़ूमत तक पहुंची तो उसने इसकी जांच कराई, परंतु सबूतों और गवाहों के अभाव में ये साबित नहीं हो सका कि यहां पर रह रहे बच्चों की शारीरिक और मानसिक अपंगता का कारण क्या है?

हुक़ूमत की दख़ल के चलते दरगाह के स्थानीय अक़ीदतमंदों (श्रद्धालुओं) में नाराज़गी भी पनपने लगी। अतः अंग्रेज़ अधिकारियों ने इसे 'माइक्रोसेफली' नामक बीमारी का नाम देकर पल्ला झाड़ लिया। परंतु वो ये नहीं समझा पाए कि ये बीमारी सिर्फ दरगाह विशेष के बच्चों तक ही क्यों सीमित है?

आज़ादी के बाद भी इस मज़ार पर 'चूहों' की संख्या बेरोक-टोक बढ़ती गई। 1969 में तत्कालीन फौज़ी तानाशाह जनरल अयूब खान के आदेश पर पाकिस्तान के वक़्फ़ विभाग ने मज़ार का अधिग्रहण कर लिया। इसके चलते नए 'चूहों' की संख्या में कुछ अंतर आया, परन्तु 1977 में पाकिस्तान के तीसरे फौज़ी तानाशाह जनरल ज़िया उल हक़ की हुक़ूमत के दौरान मौलवियों की मनमानी फ़िर से शुरू हो गई। नतीजतन आज भी गुजरात शहर में दस हज़ार से ज़्यादा 'चूहे' भीख मांग कर दरगाह का खज़ाना भर रहे हैं और एक नारकीय ज़िन्दगी जीने के लिए अभिशप्त हैं। **–फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## महिला हिंसा सिर्फ घर का मामला नहीं होता

'हम औरतों की बहुत इज्जत करते हैं।' गांवों में यह वाक्य कई बार सुनने को मिलता है। पुरुषों के लिए यह एक सामान्य वाक्य था, लेकिन महिलाओं की खामोशी इसके बिल्कुल उलट कहानी कहती है। बातचीत के दौरान जैसे ही शारीरिक हिंसा का विषय आता है, महिलाओं के शब्द रुक जाते हैं और आवाज़ धीमी हो जाती है। जैसे वह इस शब्द का अर्थ अच्छे से समझ रही हों, लेकिन समाज का डर उन्हें इस पर बात करने से रोक रहा था।

गांवों में जब महिलाओं से लैंगिक हिंसा पर बात की जाती है तो शुरुआत में उनका जवाब होता है, 'थोड़ी-बहुत होती है', लेकिन उनके चेहरे और हावभाव बता देते हैं कि सच्चाई इससे कहीं ज़्यादा गहरी है। वे खुलकर बात करने से डरती हैं। वहीं जब पुरुषों से इस विषय पर सवाल किया जाता है, तो उनका जवाब लगभग एक-जैसा होता है, 'हम अपनी औरतों की बहुत इज़्ज़त करते हैं, उन्हें पूरी आज़ादी दी है।'



जिया कर्मियाल
एक्टिविस्ट

उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्रों से घिरे गांव जखेड़ा की आबादी लगभग 600 के करीब है। आर्थिक रूप से कमजोर यह गांव शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत अधिक समृद्ध नहीं है। गांव की अधिकतर आबादी कृषि पर निर्भर है। सरकारी सेवा में उपस्थिति लगभग नगण्य है। किसानी के अलावा अधिकतर युवा सेना में कार्यरत हैं। वहीं 12वीं के बाद ज़्यादातर लड़कियों की शादी कर दी जाती है। ऐसे में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इस गांव की बहुत कम लड़कियां पहुंच पाती हैं। बालिका शिक्षा का कम दर ही लैंगिक हिंसा को उभरने का मौका देता है।

गांव में बातचीत से यह भी महसूस हुआ कि सामान्य समस्याओं पर तो लोग खुलकर बातचीत करते हैं, समाधान खोजने का प्रयास करते हैं, लेकिन जैसे ही बात महिलाओं पर होने वाली हिंसा की आती है, या तो खामोशी छा जाती है या फिर इसे स्वीकार करने से ही इंकार कर देते हैं। जाहिर है कि यह इंकार पुरुषों की तरफ से आया था, लेकिन महिलाओं की खामोशी सच को बयां करने के लिए काफी था। शायद उनकी इस चुप्पी के पीछे जागरूकता की कमी, सामाजिक दबाव और बदनामी का डर होगा।

अगर हम इन अनुभवों को व्यापक संदर्भ में देखें, तो तस्वीर और भी चिंताजनक हो जाती है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के आंकड़ों के अनुसार, भारत में हर साल घरेलू हिंसा के हजारों केस दर्ज होते हैं। देशभर में महिलाओं के खिलाफ दर्ज अपराधों की संख्या चार लाख से अधिक है। यह वह आंकड़े हैं जो रिपोर्टों में दर्ज होते हैं, जबकि अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को घर का मामला बता कर दर्ज किया ही नहीं जाता है।

उत्तराखंड जैसे शांत और पहाड़ी राज्य की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। यहां दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और यौन अपराधों के मामलों में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राज्य में हर साल सैकड़ों ऐसे मामले सामने आते हैं, जो बताते हैं कि प्राकृतिक सुंदरता के बीच भी महिलाओं की ज़िंदगी सुरक्षित नहीं कही जा सकती है। इन आंकड़ों और जमीनी अनुभवों को जोड़कर देखें, तो यह साफ हो जाता है कि समस्या कानून की कमी की नहीं, बल्कि कार्यान्वयन, सामाजिक सोच और चुप्पी की संस्कृति की है। जब तक हिंसा को 'घर का मामला' कहकर टाल दिया जाएगा, तब तक महिलाएं न्याय और सुरक्षा से दूर ही रहेंगी।

सवाल उठता है कि क्या महिलाओं को अपने अधिकारों के लिए, अपने सम्मान के लिए और अपनी सुरक्षा के लिए खुद खड़े होने का पूरा मौका मिलता है? और सबसे अहम सवाल क्या हमारे समाज में महिलाएं कभी सच में हिंसा मुक्त जीवन जी पाएंगी?


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना* 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

है दराबाद घूमने के बाद हमारा अगला पड़ाव तेलंगाना राज्य का दूसरा सबसे बड़ा शहर वारंगल था। सड़क मार्ग से लगभग 170 किलोमीटर की दूरी हमने रास्ते में एक जगह रुकते हुए चार घंटे में तय कर ली। वारंगल एक ऐतिहासिक शहर होने के साथ मंदिरों और स्मारकों की भूमि है। इसे किंवदंतियों का शहर भी कहा जाता है। 12वीं से 15वीं शताब्दी के बीच यह काकतीय राजवंश की राजधानी था। वारंगल का गौरवशाली अतीत यहां के स्मारकों में देखा जा सकता है। वारंगल किला, हजार स्तंभों वाला मंदिर, वीरनारायण मंदिर, काकातिया रॉक गार्डन आदि की सैर के बाद हमने घनपुर जाकर कोटा गुल्लू मंदिरों को देखने का निर्णय लिया। यह स्थान वारंगल से करीब 55 किमी दूर स्थित है। स्थानीय भाषा में कोटा गुल्लू का अर्थ 'किले के अंदर मंदिर' बताया गया।

### उत्कृष्ट वास्तुकला

घनपुर गांव उत्कृष्ट काकतीय वास्तुकला वाले कोटा गुल्लू मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है। यहां इन मंदिरों का निर्माण 13 वीं शताब्दी के आरंभ में काकतीय वंश के राजा गणपति देव के शासनकाल में हुआ था। प्रसिद्ध रामप्पा मंदिर से 12 किमी दूरी पर स्थित ये मंदिर चालुक्य और काकतीय शैलियों के मिश्रण हैं। 14 वीं और 16 वीं शताब्दी के बीच मुस्लिम सेनाओं के हमलों तथा 17 वीं शताब्दी में इस इलाके में आए बड़े भूकंप में इन मंदिरों को काफी नुकसान पहुंचा था। यहां जटिल नक्काशीदार लाल बलुआ पत्थर के मंदिर, किलेबंद परिसर और खूबसूरती से डिजाइन किए गए स्तंभों वाले हॉल मध्यकालीन तेलंगाना के आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक-राजनीतिक जीवन की झलक प्रस्तुत करते हैं। इसी कारण यह परिसर इतिहास और वास्तुकला प्रेमियों के साथ आध्यात्मिक यात्रियों के लिए दर्शनीय स्थल है।







राजीव सक्सेना
वरिष्ठ पत्रकार, नोएडा

# काकतीय विरासत की यात्रा वारंगल और कोटा गुल्लू

### यात्रा का जीवंत केंद्र

मंदिर के लगभग 200 मीटर आगे चबूतरों पर शिलालेख वाले पत्थर और मूर्तियां स्थापित हैं। इनमें भगवान शिव और विष्णु के खड़ी मुद्रा में विभिन्न रूप दर्शाए गए हैं। यहां सबसे खास सभा मंडप के बरामदे हैं। बरामदे के उत्तरी हिस्से में दो मदनिकाएं दिखाई देती हैं। पूर्वी और दक्षिणी बरामदे गज केसरी की कई पौराणिक आकृतियों से सुशोभित हैं, जो हाथी पर सवार आधे मानव-आधे शेर की आकृति हैं और हाथी पर घोड़े के सिर वाले शेर की पीठ है। कोटा गुल्लू वास्तव में स्थापत्य चमत्कार के साथ पूजा और तीर्थयात्रा का जीवंत केंद्र है। आसपास के जिलों से श्रद्धालु नियमित रूप से मंदिरों में प्रार्थना करने और स्थानीय अनुष्ठानों में भाग लेने आते हैं।





### 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम

कोटा गुल्लू में 22 मंदिर हैं, जो आकार और डिजाइन में अलग-अलग होने के साथ काकतीय लोगों का अद्भुत वास्तुशिल्प प्रदर्शित करते हैं। मुख्य मंदिर, गणपेश्वरलयम , भगवान शिव को समर्पित है और काफी जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। इसके गर्भगृह में स्थापित शिवलिंग की पूजा की जाती है। गर्भगृह के सामने 60 स्तंभों वाला नाट्य मंडपम है, जिसमें तीन तरफ से प्रवेश द्वार और एक बरामदा है। गर्भगृह के द्वार के चौखटों पर द्वारपालों और उनके सेवकों की मूर्तियां बनी हुई हैं। मंडपम में दो सिर कटे ऋषियों की मूर्तियां हैं। मंदिर की वास्तुकला में जटिल नक्काशी और टिकाऊ लाल बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। मुख्य मंदिर के चारों ओर पंक्तियों में व्यवस्थित 19 सहायक मंदिर हैं, साथ ही उत्तर दिशा में एक और शिव मंदिर है। मंडपम के स्तंभ काकतीय वास्तुकला के अनुसार तराशे गए हैं और इनमें छत के बिना बीम लगे हैं। सामने की दीवारों पर देवी-देवताओं, नर्तकियों, संगीतकारों, मदनिकियों, शेरों की सुंदर मूर्तियां बनी हुई हैं।

# कहां गए शांत और सुंदर पहाड़

पहाड़ पहले कितना शांत, सुंदर और आत्मिक सुख देने वाला हुआ करता थे। हर सुबह पक्षियों की चहचहाहट से खुलती थी, ठंडी हवा की सरसराहट से शरीर में नया जीवन भर जाता था और हर दिशा में हरियाली ऐसे लहराती थी मानो कुदरत खुद हमें आशीर्वाद दे रही हो। तब का जीवन कठिन जरूर था, पर उसमें एक मिठास थी, एक अपनापन था और सबसे बड़ी बात, एक सुरक्षित भविष्य का आभास था। बारिश तब भी होती थी। हम उसे सतझड़ कहते थे।



हरीश उप्रेती करन
हल्द्वानी

गांव के चारों ओर बहने वाले गधेरे (छोटे बरसाती नाले) गुस्से से सरसराते हुए बहते थे, जैसे कोई नागिन अपनी पूरी ताकत से अपनी राह बना रही हो। दूर तक फैली पहाड़ियों पर पानी ऐसे गिरता था मानो सैकड़ों झरने एक साथ फूट पड़े हों। पानी, हरियाली और प्रकृति की लयबद्ध ध्वनि यही था मेरा पहाड़, लेकिन पर आज अब तो हर दिशा में बस त्रासदी है। अब गधेरे जीवन के संकेत नहीं, बल्कि तबाही की आहट है। पानी अब जीवन नहीं, मृत्यु का संदेश लेकर आता है।

अब जब बारिश होती है, तो मन में सुकून नहीं डर पैदा होता है, कहीं भूस्खलन न हो जाए, कहीं किसी का घर जमींदोज न हो जाए। कभी प्रकृति की गोद में लोरी सुनता मेरा पहाड़ आज कराह रहा है। किसकी नजर लग गई मेरे पहाड़ को?

अब समझ आता है, यह प्राकृतिक नहीं, मानवीय त्रासदी है। आज मेरे पहाड़ की रगों में बहते पानी पर खनन माफियाओं की नजर है। जिन खेतों में हम फसलें उगाते थे, उन पर अब भू-माफियाओं की कुदृष्टि है, जो जंगल कभी हमें



जीवन देते थे, उन्हें वन माफिया बेरहमी से काट रहे हैं। यह सब एक संगठित तंत्र के तहत हो रहा है, जिसमें सरकारें भी शामिल हैं। सरकार अब पहाड़ों को बस 'टूरिज्म जोन' मानकर देखती है। मंदिरों की भी पवित्रता अब बाजार में तौल दी गई है, जो स्थान कभी साधना और एकांतवास के प्रतीक थे, आज वहां पर्यटकों की भीड़ है। कैमरे, हंसी-ठिठोली, शोर और प्रदूषण। न देवी-देवताओं को एकांत मिल रहा है, न पहाड़ को चैन। ऐसे में अगर शिवजी अपना तीसरा नेत्र खोलें, तो क्या गलत होगा? हमने पहाड़ की आत्मा को छलनी कर दिया है। खनन के लिए पहाड़ों का सीना चीरा जा रहा है, सड़कों के नाम पर पेड़ों की कतारें साफ की जा रही हैं, बड़े-बड़े होटल और अट्टालिकाएं बन रही हैं, जिनका फायदा केवल बाहरी लोगों को है और जब ये पहाड़ टूटते हैं, जब मलबा गांवों को बहा ले जाता है, तो मारे जाते हैं स्थानीय लोग, जिनका कसूर बस इतना है कि वे यहां रहते हैं। किसी को उनके दर्द की परवाह नहीं है। सरकारी फाइलों में बस आंकड़े दर्ज होते हैं, इतने मरे, इतना नुकसान हुआ, लेकिन उन आंकड़ों के पीछे जो जिंदगियां हैं, जो सपने हैं, उनका क्या? और सबसे दुखद बात यह है कि यह सब जानते हुए भी कोई कुछ नहीं करता। बहती गंगा में सभी हाथ धो रहे हैं। पहाड़ की आत्मा हर रोज मरती जा रही है। अब भी वक्त है, अगर अब भी नहीं चेते, तो वह दिन दूर नहीं, जब पहाड़ हमारे बचपन की स्मृति बनकर रह जाएंगे और आज के बच्चों को हम सिर्फ कहानियों में बताएंगे कि कभी यहां शांति हुआ करती थी, कभी यह धरती स्वर्ग से कम नहीं थी। क्या हम ऐसा पहाड़ अपने आने वाली पीढ़ियों को देना चाहते हैं? सोचना होगा, नहीं तो पहाड़ फिर टूटेगा और अगली बार शायद संभलने का मौका भी न मिले।

# पहली जिम्मेदारी का एहसास औपचारिकताओं की चुनौती



### जॉब का पहला दिन

वर्ष 2001 को मैं शिक्षण संस्थान (गौरव टाइपिंग इंस्टिट्यूट), ईदगाह कॉलोनी में अपनी टाइपिंग मशीन पर अभ्यास कर रहा था। तभी लगभग सायं 6:00 बजे शिक्षक/मार्गदर्शक बनारसी तिवारी जी ने खुशखबरी दी कि मेरा चयन समूह 'घ' भर्ती परीक्षा 2001 के अंतर्गत तहसील कानपुर देहात में आशुलिपिक पद पर हो गया है। उन्होंने बताया कि दिनांक 1 दिसंबर को मूसानगर, कानपुर देहात में मुख्यमंत्री की रैली में नियुक्ति-पत्र प्राप्त होगा। यह समाचार सुनकर हम सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं और रात 9:00 बजे घर लौट आया।



नयन कुमार सोनकर
ओ.एस.डी., जिलाधिकारी
कानपुर नगर

1 दिसंबर की सुबह 6:00 बजे तैयार होकर संस्थान पहुंचा। वहां मेरे साथ उसी संस्थान के अन्य चयनित साथी भी उपस्थित थे। 6:15 बजे सफेद रंग की एम्बेसडर कार आई, जिसमें जिला अधिकारी कार्यालय, कानपुर देहात में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक हमें लेने आए। हम कार से ईदगाह कॉलोनी से निकलकर शहर पार करते हुए घाटमपुर तहसील पहुंचे और वहां से सामान्य लिपिक कलेक्टरेट को साथ लेकर मूसानगर के लिए रवाना हुए। रास्ते में उन्होंने हमें आश्वस्त किया कि रैली में उच्च अधिकारी उपस्थित रहेंगे, इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है, जैसा बताया जाए, वैसा ही करना है।

कुछ समय बाद मुख्यमंत्री रैली में पहुंचे। जनता का अभिनंदन अत्यंत दर्शनीय और उल्लासपूर्ण था। रैली के दौरान ही नियुक्ति-पत्र वितरण आरंभ हुआ। पहले मेरे एक साथी का नाम पुकारा गया, फिर मुझे मंच पर बुलाया गया। जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने हाथों से मुझे नियुक्ति-पत्र प्रदान किया, तो वह क्षण मेरे लिए अत्यंत भावुक और अविस्मरणीय था। उन्होंने सभी को बधाई देते हुए परिश्रम और लगन से कार्य करने की सीख दी।

रैली समाप्त होने के बाद हम उसी मार्ग से लौट आए। 2 दिसंबर को रविवार होने के कारण विश्राम किया। अगले दिन ज्वाइनिंग के लिए आवश्यक कागज तैयार कराए। निर्देश मिला कि मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र बनवाकर, आवश्यक अभिलेखों सहित उप जिलाधिकारी, रसूलाबाद कार्यालय में योगदान प्रस्तुत करना है। एक मोटरसाइकिल सवार की सहायता से मैं सायं 5:40 बजे उप जिलाधिकारी महोदय के आवास पहुंचा और नियुक्ति-पत्र व अभिलेख प्रस्तुत किए। अनुमति मिलने पर जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप कराने का निर्देश मिला।

कार्यालय में जॉइनिंग रिपोर्ट टाइप की। समय 6:00 बजे के आसपास हो गया, इसलिए अंतिम बस पकड़ने की सलाह दी गई। मैं रोडवेज बस से कानपुर लौटा। थकान के कारण रास्ते में नींद आ गई और रात 9:30 बजे कानपुर पहुंचकर घर पहुंचा। यह मेरी नौकरी की पहली यात्रा थी बिना किसी परिजन या मित्र के। आज नौकरी करते हुए 24 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, पर वह पहला दिन और उसकी संघर्षपूर्ण यात्रा आज भी स्मृतियों में जीवित है।

# मीर तकी मीर : दर्द को शायरी बनाने वाला शायर

मीर तकी मीर सिर्फ गजल के शायर नहीं थे, वे अपने समय की टूटी हुई रूह की आवाज थे। मीर उर्दू गजल को शिखर तक पहुंचाने वाले बड़े कवि थे। उन्हें 'खुदा-ए-सुखन' यानी कि शायरी का खुदा कहा जाता है। उनकी शायरी में दर्द, मोहब्बत, तन्हाई और मानवीय संवेदना गहराई से झलकती हैं। उर्दू ही नहीं फारसी भाषा पर भी उनकी मजबूत पकड़ थी। मीर को उर्दू के उस प्रचलन के लिए याद किया जाता है, जिसमें फारसी और हिन्दुस्तानी के शब्दों का अच्छा मिश्रण और सामंजस्य हो। मीर तकी मीर को उर्दू में शेर कहने का प्रोत्साहन अमरोहा के सैयद सआदत अली ने दिया।

मीर तकी मीर का मूल नाम मोहम्मद तकी था। उनकी प्रमुख कृतियां जिक्र-ए-मीर (आत्मकथा), कुल्लीयते-मीर (उर्दु रचनाओं के छह दीवानों का संग्रह), कुल्लीयते-फारसी (फारसी रचनाओं का संग्रह), फैज-ए-मीर (पांच कहानियों का संग्रह), नुकत-उस-शूरा (फारसी जुबान में लिखी तत्कालीन उर्दु रचनाकारों की जीवनियां) आदि को शामिल किया जाता है। वैसे, वे 'दर्द के शायर' कहलाते हैं। दरअसल, मीर की जिंदगी मुफलिसी (गरीबी), अपनों को खोने के गम और दिल्ली की बर्बादी को देखने में गुजरी। यही वजह है कि उनकी शायरी में 'हूक' और 'टीस' महसूस होती है। उन्होंने खुद एकबार यह कहा था-'मुझको शायर न कहो मीर कि साहब मैंने, कितने गम जमा किए तो दीवान किया।'



सुनील कुमार महला
लेखक

दिल्ली के उजड़ने, परिवार की मौतों, गरीबी और बेघर होने ने उन्हें भीतर से तोड़ दिया था। उनकी शायरी दरअसल आत्मकथा की पंक्तियां हैं। उनकी यह पंक्ति देखिए-'पत्थर की भीत क्या करूं, आंसू जो ढल गए।' नादिर शाह और अहमद शाह अब्दाली के हमलों के बाद दिल्ली उजड़ चुकी



थी। मीर ने दिल्ली छोड़कर लखनऊ जाना, तो स्वीकार किया, लेकिन वे वहां दिल से कभी बस नहीं पाए। मीर की सबसे बड़ी खूबी उनकी भाषा थी। वास्तव में, वे बहुत ही आसान शब्दों में दिल की गहरी बात कह देते थे। इसे तकनीकी भाषा में 'सहल-ए-मुमतना' कहा जाता है-यानी ऐसी चीज, जो देखने में आसान लगे, पर उसे दोबारा लिखना नामुमकिन हो।

शायर मिर्जा गालिब भी उनके कायल थे। सच तो यह है कि गालिब ने मीर को अपना उस्ताद माना। गालिब जैसे आत्मविश्वासी शायर ने कहा-'रेख्ते के तुम ही उस्ताद नहीं हो गालिब,कहते हैं अगले जमाने में कोई मीर भी था।' वास्तव में यह मीर की श्रेष्ठता की सबसे बड़ी गवाही है। मोहब्बत की कैफियत को बयां करते हुए उन्होंने कहा था-'इब्तिदा-ए-इश्क है रोता है क्या, आगे-आगे देखिए होता है क्या।' 'हस्ती अपनी हबाब की सी है, ये नुमाइश सराब की सी है।','नाजुकी उसके लब की क्या कहिए, पंखुड़ी एक गुलाब की सी है।','मीर उन नीम-बाज आंखों में, सारी मस्ती शराब की सी है।' उनकी कुछ अमर पंक्तियों में से एक हैं। आत्मस्वीकृति के बारे में एक बार उन्होंने कहा था -'शायर मुझमें और भी हैं, पर मीर का मुकाबला कौन करे।'

मीर सिर्फ उर्दू गजल के शायर ही नहीं, बल्कि अपने समय के टूटे हुए समाज, उजड़ती दिल्ली और बिखरते इंसान की संवेदनाओं के सच्चे दस्तावेज हैं। उनकी शायरी में बनावटी सौंदर्य नजर नहीं आता है। वास्तव में उनकी शायरी जीवन के गहरे जख्मों से निकली हुई सच्चाई है। अपने जीवन में निजी दुख, मानसिक पीड़ा, गरीबी और उपेक्षा के बावजूद मीर ने उर्दू और फारसी भाषा को आम आदमी के दिल तक पहुंचाया और गजल को आत्मा की आवाज बना दिया। उनका दर्द रचना है। अन्य शायरों की तरह वे कभी शोर नहीं करते, बल्कि रचनाओं में फुसफुसाते हैं और उनकी वही फुसफुसाहट सदियों बाद भी पाठकों के दिल में उतर जाती है। इसलिए मीर को पढ़ना सिर्फ साहित्य का अनुभव नहीं, बल्कि इंसान होने का अनुभव है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 83,580.40 | 25,693.70 |
| बढ़त | 266.47 | 50.90 |
| प्रतिशत में | 0.32 | 0.20 |

सोना 1,57,200 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,55,000 प्रति किलो

अमृत विचार
अयोध्या, शनिवार, 7 फरवरी 2026
www.amritvichar.com



## बिजनेस ब्रीफ

### इंडिगो की दिल्ली से शंघाई की उड़ान शुरू करने की योजना

**बीजिंग।** निजी क्षेत्र की विमानन कंपनी इंडिगो जल्द ही नई दिल्ली और शंघाई के बीच सीधी उड़ानें शुरू करने की योजना बना रही है। पिछले साल भारत और चीन के बीच करीब पांच साल के अंतराल के बाद विमान सेवाएं फिर से शुरू होने के बाद, इन दोनों शहरों के बीच उड़ान संचालित करने वाली यह तीसरी एयरलाइन बन जाएगी।चीन के सरकारी समाचार पत्र 'ग्लोबल टाइम्स' की शुक्रवार की रिपोर्ट के अनुसार, यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो यह दोनों अर्थव्यवस्थाओं के बीच तीसरा सीधा हवाई संपर्क होगा।

### रुपया 36 पैसे टूटकर 90.70 प्रति डॉलर पर हुआ अस्थाई बंद

**मुंबई।** अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 36 पैसे टूटकर 90.70 (अस्थाई) पर बंद हुआ। इस गिरावट का कारण अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर भू-राजनीतिक अनिश्चितता और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि रही। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार रुपया सत्र के पहले भाग में रिजर्व बैंक द्वारा मुख्य ऋण दरों को यथावत रखने की घोषणा के बाद थोड़ा मजबूत हुआ, लेकिन विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी ने घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.28 पर खुला और सत्र के दौरान 90.18 के उच्चस्तर तक गया और 90.83 के निचले स्तर तक आया।

### जम्मू-कश्मीर में 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट किया पेश

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने विधानसभा में 2026-27 का 1.27 लाख करोड़ रुपये का बजट शुक्रवार को पेश किया और कहा कि यह वित्तीय योजना केंद्र शासित प्रदेश में सतत वृद्धि, सामाजिक सौहार्द एवं आर्थिक समृद्धि के लिए मजबूत आधार तैयार करने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार निवेश, नवाचार एवं सहभागी शासन को बढ़ावा देकर केंद्र शासित प्रदेश को एक आधुनिक, प्रगतिशील और आर्थिक रूप से सशक्त क्षेत्र में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है।

# बड़ा फैसला... 1000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली एनबीएफसी का पंजीकरण अनिवार्य नहीं

## एमपीसी की बैठक के बाद रिजर्व बैंक गवर्नर ने की घोषणा, सार्वजनिक धन न लगा होने की शर्त लागू

मुंबई, एजेंसी



फैसला- 1

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक में शुक्रवार को छोटे आकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अनिवार्य पंजीकरण से छूट देने का प्रस्ताव दिया। इसमें शर्त लागू की गई है कि एनबीएफसी की संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये से कम होनी चाहिए और उनमें सार्वजनिक धन न लगा हो।

मल्होत्रा ने इन कंपनियों से जुड़े कम प्रणालीगत जोखिम का हवाला दिया। 'आकार आधारित नियामकीय मसौदा' उन एनबीएफसी के लिए अलग नियामक व्यवस्था की परिकल्पना करता है जो सार्वजनिक धन का उपयोग नहीं करती हैं और जिनका आम ग्राहक से सीधा संपर्क नहीं है। इन एनबीएफसी की विशिष्ट प्रकृति को देखते हुए उन पर लागू नियमों की समीक्षा की गई है। मल्होत्रा ने वर्तमान वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि उनके काफी कम प्रणालीगत-जोखिम को देखते हुए, यह प्रस्ताव है कि 1,000 करोड़ रुपये से कम संपत्ति वाली ऐसी 'टाइप-1' एनबीएफसी को कुछ निर्दिष्ट शर्तों के अधीन भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकरण की जरूरत से छूट दी जा सकती है। इससे इन एनबीएफसी के लिए अनुपालन आवश्यकताओं में कमी आएगी। हितधारकों से प्रतिक्रिया के लिए जल्द मसौदा जारी होगा। मल्होत्रा ने कहा कि कुछ एनबीएफसी के लिए 1,000 से अधिक शाखाएं खोलने के लिए पूर्व मंजूरी की आवश्यकता को खत्म करने का प्रस्ताव है।

### एमएसएमई के लिए रेहन मुक्त ऋण की सीमा 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की

फैसला- 3

**मुंबई।** रिजर्व बैंक ने एमएसएमई के लिए रेहनमुक्त ऋण की सीमा 10 से बढ़ाकर 20 लाख रुपये करने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर ने बैठक के बाद वित्तीय समावेशन और ऋण उठाव बढ़ाने के उपायों की घोषणा करते हुए कहा, एमएमएमई के लिए रेहनमुक्त ऋण की सीमा काफी लंबे समय से 10 लाख रुपये है। कहा, इस पहल का उद्देश्य औपचारिक ऋण तक पहुंच बढ़ाना, उद्यमों को बढ़ावा देना और सूक्ष्म तथा मध्यम उद्यमों का वित्त पोषण है। एमएसएमई बढ़ी हुई ऋण सीमा का लाभ एक अप्रैल 2026 से प्राप्त कर सकेंगे।

## बैंकों को दी जा सकती है रीट को ऋण देने की अनुमति

फैसला- 2

● कॉमर्शियल बैंकों को अब तक नहीं थी ऋण देने की अनुमति

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए वित्तपोषण के स्रोत को व्यापक बनाने के उद्देश्य से बैंकों को कुछ विवेकपूर्ण रक्षोपायों के साथ 'रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की अनुमति देने का प्रस्ताव किया।

रीट ऐसे निवेश माध्यम हैं जो आय उत्पन्न करने वाली रियल एस्टेट संपत्तियों के मालिक होते हैं या उनका संचालन करते हैं, जिससे निवेशक सीधे संपत्ति खरीदे बिना उससे होने वाली आय में हिस्सा पाने में सक्षम होते हैं। भारत में रीट और इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट्स) की अवधारणा संस्थानों और खुदरा निवेशकों के एकत्रित कोष के माध्यम से निवेश को पुनर्वित्त कर, पूर्ण और परिचालन वाली रियल एस्टेट व बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में फंसे बैंकों के कोष को मुक्त करने के लिए की गई थी।

रिजर्व बैंक ने कहा कि इन उद्देश्यों के अनुरूप, वाणिज्यिक बैंकों को शुरुआत से ही इन संस्थाओं को ऋण देने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, बाद में इनविट्स को बैंक ऋण की अनुमति दी गई, लेकिन रीट को ऋण देने की अनुमति नहीं थी।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा, इनविट्स को ऋण देने के संबंध में मौजूदा दिशानिर्देशों को भी रीट को ऋण देने के लिए प्रस्तावित रक्षोपायों के साथ समानता के लिए सुसंगत बनाया जा रहा है।

## मौद्रिक नीति से शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 266 अंक चढ़ा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दरों को स्थिर रखने और 'रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट' (रीट) को कर्ज देने की मंजूरी के प्रस्ताव के बाद घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में 266 अंक की बढ़त रही जबकि निफ्टी 51 अंक की तेजी में रहा।

कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में हुई लिवाली से बीएसई का 30 शेयर वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 266.47 अंक यानी 0.32 प्रतिशत चढ़कर 83,580.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में दिन के निचले स्तर 82,925.35 से 655.05 अंक का तेज उछाल देखने को मिली। वहीं, एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 50.90 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,693.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बाजार में काफी उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 723.77 अरब डॉलर पर

सर्वकालिक उच्चस्तर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान 14.36 अरब डॉलर बढ़कर 723.77 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार पिछले सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 8.05 अरब डॉलर बढ़कर 709.41 अरब डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। इससे भी पहले सितंबर, 2024 में विदेशी मुद्रा भंडार 704.89 अरब डॉलर की ऊंचाई पर पहुंचा था। आंकड़ों के अनुसार, 30 जनवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 49.3 करोड़ डॉलर घटकर 562.39 अरब डॉलर रह गईं।

## सोने-चांदी की मूल्यवृद्धि से मुद्रास्फीति का अनुमान बढ़ाया

मुंबई, एजेंसी



● चालू वित्त वर्ष के लिए 2.1%, अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी वृद्धि का अनुमान

भारतीय रिजर्व बैंक ने सोना-चांदी समेत कीमती धातुओं के मूल्य में बढ़ोतरी के मद्देनजर चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को बढ़ाकर शुक्रवार को 2.1 प्रतिशत कर दिया है। अगले वित्त वर्ष की पहली और दूसरी तिमाही के लिए भी अनुमान ऊपर की ओर संशोधित किए गए हैं।

केंद्रीय बैंक ने 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति क्रमशः चार प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई ने दिसंबर में 2025-26 के लिए इसके दो प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। वहीं 2026-27 की पहली और दूसरी तिमाही के लिए महंगाई दर क्रमशः 3.9 प्रतिशत और चार प्रतिशत आंकी गई थी।

चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा पेश करते हुए आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि 2026-27 की पहली व दूसरी तिमाही के लिए संशोधित सीपीआई मुद्रास्फीति अनुमान क्रमशः 4.0 प्रतिशत और 4.2 प्रतिशत बना हुआ है। यह अनुकूल होने के साथ ही मुद्रास्फीति लक्ष्य के करीब है। उन्होंने कहा, मुद्रास्फीति अनुमान को मामूली रूप से ऊपर की ओर संशोधन मुख्यतः कीमती धातुओं के मूल्यों में बढ़ोतरी के कारण किया गया। इनका योगदान करीब 0.60 प्रतिशत से 0.70 प्रतिशत है। अंतर्निहित मुद्रास्फीति अब भी निम्न स्तर पर बनी हुई है।

### यूपीआई को टिकाऊ बनाने, बुनियादी ढांचे में सुधार के तरीके खोजे जाएंगे

**मुंबई।** रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि केंद्रीय बैंक यूपीआई को हितधारकों के लिए टिकाऊ बनाने और इसके बुनियादी ढांचे में सुधार करने के तरीके खोजेगा। इससे ग्राहकों के लिए भुगतान बुनियादी ढांचे से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी। इस समय यूपीआई सभी उपयोगकर्ताओं के लिए लगभग मुफ्त है और बैंकों को लेनदेन करने के लिए सरकार द्वारा बजटीय सहायता के माध्यम से मुआवजा दिया जाता है।

### नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर रहेंगी, एफडी पर घट जाएगा ब्याज

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा कि प्रमुख नीतिगत ब्याज दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा आगे इनमें और कमी भी हो सकती है। मल्होत्रा ने कहा, नीतिगत दरें लंबे समय तक निचले स्तर पर बनी रहेंगी तथा इनमें आगे और गिरावट भी आ सकती है। उन्होंने इसके साथ यह भी कहा कि ब्याज दरों पर अंतिम फैसला एमपीसी लेगी।

## चांदी में 13,000 रुपये की टूट सोने 3,400 रुपये की गिरावट



● निवेशकों के मुनाफा वसूली करने से आई गिरावट

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में शुक्रवार को तेज गिरावट दर्ज की गई। निवेशकों के लगातार दूसरे दिन मुनाफावसूली जारी रखने से चांदी लगभग पांच प्रतिशत टूटकर 2.55 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई जबकि सोना 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया।

अखिल भारतीय सर्राफा संघ के मुताबिक चांदी 13,000 रुपये यानी 4.85 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 2,55,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। यह बृहस्पतिवार को 2,68,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इसी तरह, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 3,400 रुपये यानी 2.12 प्रतिशत टूटकर सभी करों समेत 1,57,200 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। इसका पिछला बंद भाव 1,60,600 रुपये प्रति 10 ग्राम था।



# गर्भ रखने को मजबूर नहीं कर सकते

## सुप्रीम कोर्ट ऐतिहासिक फैसला, नाबालिग को 30 सप्ताह का गर्भ गिराने की अनुमति दी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में एक नाबालिग लड़की के 30 सप्ताह के गर्भ को चिकित्सकीय रूप से समाप्त करने की अनुमति देते हुए कहा कि कोई भी अदालत किसी महिला और विशेष रूप से एक नाबालिग लड़की को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर नहीं कर सकती।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने जोर देकर कहा कि गर्भवती लड़की को बच्चे को जन्म देने या नहीं देने के उसके अधिकार को उचित महत्व दिया जाना चाहिए, खासकर तब जब उसका बच्चे को जन्म देने का मन न हो और ऐसी इच्छा उसने साफ साफ शब्दों में बार बार जाहिर भी की हो। पीठ ने स्पष्ट किया कि मुख्य मुद्दा यह था कि क्या एक नाबालिग को ऐसी गर्भावस्था जारी रखने के लिए मजबूर किया जा सकता है जो उसकी मर्जी के बिना है। न्यायालय ने माना कि यह मामला इस पर निर्भर नहीं करता कि गर्भधारण सहमति से बने संबंधों के कारण हुआ था या दुष्कर्म से। वास्तव में फैसला इस बात से तय होगा कि नाबालिग की वह स्पष्ट इच्छा क्या है और उसका मन यही है कि वह बच्चे को जन्म न दे।

हालांकि सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्वीकार किया कि हालांकि एक बच्चे का जन्म अंततः एक जिंदगी को दुनिया में लाना है, लेकिन इस मामले में नाबालिग की स्पष्ट अनिच्छा सबसे महत्वपूर्ण कारक है। दोनों न्यायमूर्ति की पीठ ने मुंबई के जेजे अस्पताल को निर्देश दिया कि वे सभी आवश्यक चिकित्सा संबंधी उपायों का पालन करते हुए नाबालिग लड़की के गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन की प्रक्रिया शुरू करें।



नाबालिग बच्चे की तो बात ही छोड़िए, अदालत किसी भी महिला को अपनी गर्भावस्था पूरी करने के लिए मजबूर नहीं कर सकती, अगर उसका ऐसा करने का इरादा ही नहीं हो। – **सुप्रीम कोर्ट**

### प्रजनन स्वायत्तता पर मील का पत्थर : 24 सप्ताह की कानूनी सीमा पर लड़की की इच्छा को वरीयता

यह फैसला भारत में गर्भपात कानून के तहत प्रजनन अधिकारों की व्याख्या में मील का पत्थर माना जा रहा है। क्योंकि 24 सप्ताह की कानूनी सीमा के बाद भी अदालत ने लड़की की इच्छा को प्राथमिकता दी है। मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी संशोधन अधिनियम 2021 के अनुसार गर्भपात की समय सीमा को विभिन्न श्रेणियों में निर्धारित किया गया है। सामान्य परिस्थितियों में डॉक्टर की सलाह से 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति है, विशेष श्रेणी जैसे दुष्कर्म का शिकार बनी लड़कियां, नाबालिग, विधवाओं, दिव्यांगों या गंभीर बीमार महिलाओं के लिए यह सीमा 24 सप्ताह की है। इसके लिए दो डॉक्टरों की इजाजत अनिवार्य है। यदि गर्भस्थ शिशु को गंभीर बीमारी है तो राज्य स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुमति से 24 सप्ताह बाद भी गर्भपात कराया जा सकता है। अगर गर्भवती महिला के जीवन को तत्काल कोई गंभीर खतरा हो तो कोई कानूनी समय सीमा नहीं लागू होती।

### किसी व्यक्ति को सिर्फ पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं कर सकते

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी व्यक्ति को महज पूछताछ करने के लिए गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि पुलिस अधिकारी की ओर से की जाने वाली गिरफ्तारी केवल एक वैधानिक विवेकाधिकार है, जिसे अनिवार्य नहीं माना जा सकता। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एनके सिंह की पीठ ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की शक्ति की व्याख्या एक सख्त वस्तुनिष्ठ आवश्यकता के रूप में की जानी चाहिए, न कि पुलिस अधिकारी की सुविधा के रूप में। इसका यह मतलब नहीं है कि पुलिस अधिकारी महज पूछताछ करने के लिए किसी को गिरफ्तार कर सकता है। इसका अर्थ यह है कि पुलिस अधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि सात वर्ष तक की कारावास की सजा वाले अपराध के संबंध में जांच संबंधित व्यक्ति को हिरासत में लिए बिना प्रभावी ढंग से आगे नहीं बढ़ सकती। इसके विपरीत कोई भी व्याख्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(1)(ख) और धारा 35(3) से 35(6) के उद्देश्य को स्पष्ट रूप से विफल कर देगी। पीठ ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश के विरुद्ध अपील की सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। शीर्ष अदालत इस प्रश्न पर विचार कर रही थी कि क्या बीएनएसएस, 2023 की धारा 35(3) के तहत नोटिस उन सभी मामलों में अनिवार्य रूप से जारी किए जाने हैं जो सात साल तक के कारावास के अपराध से संबंधित हैं।

## जनता के नकारने पर कोर्ट चले आते हैं सियासी दल... जनसुराज की याचिका को किया खारिज

● प्रशांत किशोर की पार्टी ने दायर की थी बिहार चुनाव को रद्द करके दोबारा कराने के लिए याचिका

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बिहार विधानसभा चुनाव निरस्त किए जाने संबंधी पूर्व राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी की याचिका पर शुक्रवार को खारिज कर दी।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची की पीठ ने याचिकाकर्ता को पटना उच्च न्यायालय जाने को कहा। पीठ ने चुनाव हारने के बाद लोकप्रियता हासिल करने के लिए न्यायिक मंच का इस्तेमाल करने की कोशिश को लेकर नाराजगी भी जताई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने सवालिया लहजे में कहा, आपको कितने वोट मिले, उन्होंने कहा- जब लोग आपको नकार देते हैं तो आप राहत के लिए न्यायिक मंच का सहारा लेते हैं। किसी को तो उसी समय योजना को चुनौती देनी चाहिए थी। आप तो पूरे राज्य के चुनाव को अमान्य घोषित करने के लिए निर्देश चाहते हैं। पीठ ने कहा कि चूंकि यह मामला सिर्फ एक राज्य से संबंधित है, इसलिए कृपया उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएं।

### मुफ्त योजनाओं का मुद्दा गंभीर, पड़ताल करेंगे

न्यायालय ने यह भी कहा कि कुछ मामलों में मुफ्त योजनाओं का गंभीर मुद्दा है, जिसकी वह गंभीरता से पड़ताल करेगा। दरअसल जन सुराज पार्टी ने याचिका में बिहार चुनाव में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का हवाला दिया था। कहा गया था कि कर्ज में डूबी राज्य सरकार ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन कर चुनाव से ठीक पहले 15,600 करोड़ रुपये बांट दिए, जिससे अन्य दलों को समान अवसर नहीं मिल पाया। वरिष्ठ अधिवक्ता सीयू सिंह ने कहा कि जिस योजना के तहत भुगतान किया गया था, उसकी घोषणा चुनाव से ठीक पहले की गई थी और भुगतान तब किया गया जब चुनाव आचार संहिता लागू थी।

### दल बदल मामले पर तीन सप्ताह में फैसला करें तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष वर्ना अवमानना कार्यवाही

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष को अंतिम चेतावनी देते हुए निर्देश दिया है कि वे भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने संबंधी शेष अयोग्यता याचिकाओं पर तीन सप्ताह के भीतर सकारात्मक रूप से निर्णय लें वर्ना उनके विरुद्ध अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाएगी। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ शुक्रवार को 31 जुलाई 2025 के अपने उस आदेश के अनुपालन की समीक्षा कर रही थी, जिसके तहत अध्यक्ष को कांग्रेस में शामिल होने वाले बीआरएस के 10 विधायकों की अयोग्यता पर निर्णय लेने के लिए तीन महीने का समय दिया गया था। अवमानना याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि दिसंबर 2025 में सात याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था, जबकि तीन अभी भी लंबित हैं। तेलंगाना राज्य की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने पीठ को सूचित किया कि लंबित तीन मामलों में से एक पर निर्णय ले लिया गया है और शेष दो पर प्रक्रिया अंतिम चरण में है।

# लोकसभा में गतिरोध बरकरार, हंगामे के बीच कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा में पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विषय तथा कुछ अन्य मुद्दों को लेकर शुक्रवार को भी गतिरोध बरकरार रहा और विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सदन की बैठक एक बार के स्थगन के बाद सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

सदन में सोमवार से गतिरोध बना हुआ है और कांग्रेस समेत विपक्ष के सदस्य राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को पूर्व सेना प्रमुख नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण का हवाला देते हुए चीन से टकराव का मुद्दा उठाने की अनुमति नहीं मिलने, विपक्ष के आठ सदस्यों को आसन की अवमानना के मामले में निलंबित करने समेत कई मुद्दों पर हंगामा कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रधानमंत्री के जवाब के बिना पारित कर दिया गया था। लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को जब एक बार के स्थगन के बाद शुरू हुई तो स्थिति ज्यों की त्यों बनी रही। विपक्षी सदस्यों ने आसन के समीप 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'जो उचित समझो, वो करो' (नरवड़े के संस्मरण का एक वाक्य) के नारे लगाए।

### विपक्ष ने लगाए 'जो उचित समझो, वो करो' के नारे



संसद परिसर में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया।

### विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के सांसदों ने अमेरिका के साथ देश के व्यापार समझौते, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे के अप्रकाशित संस्मरण से जुड़े विवाद और लोकसभा से आठ सदस्यों के निलंबन को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। लोकसभा की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद विपक्षी सांसद संसद के मकर द्वार के निकट एकत्र हुए और उन्होंने 'तानाशाही नहीं चलेगी' और 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो' जैसे नारे लगाए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने नरवणे के संस्मरण में उद्धृत एक अंश का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परोक्ष कटाक्ष किया, जो उचित समझो, वो करो। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा, संसद के वर्तमान बजट सत्र की शेष अवधि से निलंबित किए गए सांसद और कई अन्य सांसद इसमें शामिल हुए। उन्होंने एक बड़ा बैनर भी ले रखा था, जिस पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का हवाला देते हुए 'ट्रैप डी' लिखा हुआ था।



### मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत ने मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि-3' का शुक्रवार को सफल परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज से सफलतापूर्वक किया गया। प्रक्षेपण के दौरान सभी संचालन एवं तकनीकी मानकों का सफलतापूर्वक सत्यापन किया गया। यह परीक्षण सामरिक बल कमान के तत्वावधान में किया गया।

## हिमंत के सांप्रदायिक बयानों का संज्ञान ले असम हाईकोर्ट

गुवाहाटी, एजेंसी

● शिक्षाविदों, चिकित्सकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 प्रमुख नागरिकों ने की अपील

शिक्षाविदों, चिकित्सकों, लेखकों और सेवानिवृत्त नौकरशाहों समेत 40 से ज्यादा जाने-माने नागरिकों ने पत्र लिखकर गुवाहाटी हाईकोर्ट से अपील की है कि वह असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के एक खास समुदाय के खिलाफ हाल ही में दिए गए बयानों पर स्वतः संज्ञान ले। इन लोगों ने कहा है कि संवैधानिक उल्लंघनों के खिलाफ चुप्पी या निष्क्रियता संविधान की नैतिक शक्ति को कमजोर कर सकती है।

मुख्य न्यायाधीश आशुतोष कुमार को बृहस्पतिवार को लिखे एक पत्र में नागरिकों ने हाईकोर्ट का ध्यान हिमंत विश्व शर्मा के उन सार्वजनिक बयानों की ओर आकृष्ट किया है उच्च जो प्रथमदृष्टया नफरती भाषण, सरकारी धमकी और एक खास समुदाय को खुलेआम बदनाम करने जैसे हैं। पत्र में मुख्यमंत्री की 'मियां' (बांग्ला भाषी मुसलमानों) के खिलाफ टिप्पणियों का जिक्र किया गया है।

# सरकार गठन में कुकी विधायकों की भागीदारी का विरोध, रैली निकाली

● मणिपुर के तीन पहाड़ी जिलों में विरोध प्रदर्शन में हजारों शामिल

इंफाल/चूराचांदपुर, एजेंसी

मणिपुर में सरकार गठन में कुकी समुदाय के तीन विधायकों की भागीदारी के खिलाफ राज्य के तीन पहाड़ी जिलों में हजारों लोगों ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने संबंधित विधायकों पर समुदाय के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया।

चूराचांदपुर में प्रदर्शनकारियों ने कुकी विधायक नेमचा किपगेन, जो समुदाय से आने वाले एलएम खौते और हमार जनजाति से ताल्लुक रखने वाले एन सनाते के पुतले जलाए। ये तीनों ही विधायक सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े हुए हैं। किपगेन ने राज्य की नवगठित सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है। कांगपोकपी और तेंगनुपाल जिलों में भी विरोध रैलियां निकाली गईं। चूड़ाचांदपुर में कुकी महिला मानवाधिकार संगठन (केडब्ल्यूओएचआर) और स्वदेशी जनजातीय नेता मंच की महिला शाखा ने सरकार गठन में किपगेन की भागीदारी के विरोध में संयुक्त रूप से रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों ने कोइटे मैदान से स्मृति दीवार तक लगभग तीन किलोमीटर मार्च किया।

### विधायकों के घर की बढ़ाई गई सुरक्षा

विरोध-प्रदर्शनों के मद्देनजर चूराचांदपुर, कांगपोकपी और फेरजावल जिलों में तीनों विधायकों के आवासों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई। इस बीच, नवगठित सरकार में मंत्री के रूप में शपथ लेने वाले गोविंदास कोंथौजम ने कहा कि चूड़ाचांदपुर में थोड़ी अशांति है, लेकिन स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारी अपना गुस्सा और असंतोष जाहिर कर रहे हैं। कुछ नहीं होगा। सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं, तुरंत कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती।

## आसमान में तैरती मौत की डोर

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में हाल ही में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। एक युवा मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव मोहम्मद शोएब अपनी बाइक से जा रहे थे, तभी हवा में लहराते हुए चाइनीज मांझे ने उनकी गर्दन को रेत दिया। यह कोई पहली घटना नहीं है; पिछले कुछ महीनों में जौनपुर, मेरठ और शाहजहांपुर जैसे शहरों से भी ऐसी ही रूह कंपा देने वाली खबरें आई हैं। जिसे हम चाइनीज मांझा कहते हैं, वह अब केवल पतंगबाजी का शौक नहीं, बल्कि सड़कों पर मौत का जाल बन चुका है। चाइनीज मांझा पर कानूनी रोक के बावजूद इसकी बिक्री जारी है, जो प्रशासन की विफलता और समाज की लापरवाही का परिणाम है। यह समझना जरूरी है कि चंद रुपयों का मजबूत मांझा किसी के घर का चिराग बुझा सकता है।

## चाइनीज मांझा



### क्या है चाइनीज मांझा

- आम धारणा के विपरीत, अधिकांश चाइनीज मांझा चीन से नहीं आता, बल्कि इसका नाम इसकी मजबूती और सिंथेटिक बनावट के कारण पड़ा है।
- बनावट : यह पारंपरिक सूती धागे के बजाय नायलॉन या प्लास्टिक (सिंथेटिक) जैसे मोनोफिलामेंट धागे से बना होता है।
- घातक कोटिंग : इस धागे पर पिसे हुए कांच, लोहे के चूरे, टंगस्टन कार्बाइड और औद्योगिक गोंद की परत चढ़ाई जाती है।
- क्यों है जानलेवा : नायलान का बना यह धागा इतना मजबूत होता है कि त्वचा, नसें और पतली हड्डी को भी आरी की तरह काट सकता है।

### सरकारों का कदम और अदालती आदेश

- नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) : 2017 में ही एनजीटी ने पूरे देश में नायलॉन या किसी भी सिंथेटिक मांझे की बिक्री और उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया था।
- सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट : विभिन्न अदालतों ने सरकारों को फटकार लगाते हुए इस पर प्रभावी रोक लगाने और पीड़ितों को मुआवजा देने की नीति बनाने के निर्देश दिए हैं।
- उत्तर प्रदेश सरकार की सख्ती : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालिया मौतों के बाद कड़े आदेश दिए हैं। अब यूपी में चाइनीज मांझे से होने वाली मौत को 'हत्या' की श्रेणी में रखकर मुकदमा चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पूरे राज्य में छापेमारी और अवैध बिक्री करने वालों पर रासुका जैसी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।
- पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 : इसके तहत दोषी पाए जाने पर 5 साल की जेल और 1 लाख रुपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### डराता हुआ सच

- उत्तर प्रदेश के आंकड़े : अकेले पिछले एक साल में यूपी में कम से कम 6 लोगों की जान जा चुकी है और दर्जनों घायल हुए हैं। जौनपुर में एक फिजियोथेरेपिस्ट और एक प्रोफेसर की मौत हुई, जबकि मेरठ और अलीगढ़ में भी युवाओं ने अपनी जान गंवाई।
- राष्ट्रीय स्थिति : दिल्ली, राजस्थान (जयपुर/कोटा) और तेलंगाना (हैदराबाद) में मकर संक्रांति और स्वतंत्रता दिवस के आसपास मौतों का ग्राफ तेजी से बढ़ता है। दिल्ली हाई कोर्ट ने एक टिप्पणी में कहा था कि पिछले दो वर्षों में दिल्ली, यूपी और राजस्थान में कम से कम 15 मौतें दर्ज की गई हैं।

### सुरक्षा के उपाय

- बाइक चलाते समय फुल-फेस हेलमेट पहनें और उसका वाइजर नीचे रखें। गले में मफलर या कोई मोटा कपड़ा लपेटें। फ्लाईओवर्स और ब्रिज पर बाइक की रफ्तार धीमी रखें। बाइक के हैंडलबार पर यू-गार्ड लगवाएं।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान ने जब्त किए दो विदेशी तेल टैंकर

**मस्कट।** ईरान ने फारस की खाड़ी में ईंधन की कथित तस्करी कर रहे दो विदेशी तेल टैंकर को जब्त किया है। सरकारी मीडिया की रिपोर्ट में इन टैंकर की राष्ट्रीयता का उल्लेख नहीं किया गया और न ही यह बताया गया कि उन पर किस देश का झंडा था। रेवोल्यूशनरी गार्ड की नौसेना के क्षेत्रीय कमांडर जनरल हैदर होनारियन मोजर्रद ने कहा कि टैंकर डीजल समेत लगभग 10 लाख लीटर ईंधन (लगभग 6,300 बैरल) ले जा रहे थे और उन्हें फारसी द्वीप के पास जब्त कर लिया गया तथा बुशहर ले जाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों टैंकर पर सवार चालक दल के 15 सदस्य न्यायिक निकायों की हिरासत में हैं लेकिन उन्होंने उनकी राष्ट्रीयता के बारे में जानकारी नहीं दी। ईरान इसी तरह के आरोपों को लेकर क्षेत्र में तेल ले जाने वाले पोतों को पहले भी समय-समय पर जब्त करता रहा है।

### जिमी लाई को सोमवार को सुनाई जाएगी सजा

**हांगकांग।** हांगकांग के लोकतंत्र समर्थक पूर्व मीडिया दिग्गज जिमी लाई को चीन द्वारा लागू राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत दिसंबर में दोषी ठहराए जाने के बाद सोमवार को सजा सुनाई जाएगी। अब बंद हो चुके एप्पल डेली अखबार के संस्थापक लाई (78) को इस मामले में आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। लाई के खिलाफ कार्रवाई की कुछ विदेशी सरकारों ने आलोचना की है।

### नेपाल में बस दुर्घटना में 13 लोगों की गई जान

**काठमांडू।** पश्चिमी नेपाल में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए लोगों को ले जा रही बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। इलाज के दौरान पांच और लोगों ने दम तोड़ दिया, जिससे मृतकों का आंकड़ा बढ़ गया। यह हादसा गुरुवार को नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश में हुआ था। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि पांच अन्य ने दादेलधुरा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### फिलीपीन में तूफान से चार लोगों की मौत

**कैगायन डी ओरो।** दक्षिणी फिलीपीन में आए एक उष्णकटिबंधीय तूफान के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं हुईं, जिनमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 6,000 से अधिक लोग विस्थापित हो गए। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि उष्णकटिबंधीय तूफान पेन्हा ने गुरुवार देर रात प्रशांत महासागर से होते हुए दक्षिण-पूर्वी सुरिगाओ डेल सुर प्रांत में कहर ढाया।

# अमेरिका ने दी अपने नागरिकों को तुरंत ईरान को छोड़ने की चेतावनी

## ईरान में वर्चुअल यूएस एंबेसी ने कहा-खुद निकलें, मदद का इंतजार न करें

● दोनों देशों के बीच बढ़ते हुए तनाव को देखते हुए जारी किया परामर्श

वॉशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने ईरान में में रह रहे अपने नागरिकों को दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर चेतावनी जारी की है और उन्हें देश छोड़ने की सलाह दी है। ईरान में वर्चुअल यूएस एम्बेसी की ओर से जारी परामर्श में कहा गया है कि अमेरिकी नागरिक ईरान से प्रस्थान की ऐसी योजना बनाएं जो अमेरिकी सरकार की सहायता पर निर्भर न हो, क्योंकि सुरक्षा जोखिम, अशांति और अचानक यात्रा बाधित होने की आशंका बढ़ गई है।

यह चेतावनी ओमान में शुक्रवार को अमेरिका-ईरान वार्ता से ठीक पहले जारी की गई है। दूतावास ने सड़क बंदी, सार्वजनिक परिवहन में व्यवधान, व्यापक इंटरनेट प्रतिबंध और उड़ानों के रद्द होने का उल्लेख किया है। हाल के सप्ताहों में तनाव और बढ़ा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खाड़ी क्षेत्र में जहाजों का बेड़ा तैनात करने की घोषणा की थी, जिसमें विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन और उसके एस्कॉर्ट जहाज शामिल हैं। परामर्श में कहा गया है कि इंटरनेट व्यवधान जारी रह सकते हैं, इसलिए वैकल्पिक संचार व्यवस्था अपनायें। परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर नागरिकों को आर्मेनिया या तुर्किये के रास्ते जमीनी मार्ग से निकलने पर विचार करने की सलाह दी गई है। उड़ानें थोड़ी सूचना पर रद्द या बाधित हो सकती हैं, इसलिए एयरलाइंस से सीधे पुष्टि करने को कहा गया है। जो लोग तुरंत नहीं निकल सकते, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर रहने, भोजन-पानी-दवाइयों का पर्याप्त भंडार रखने, प्रदर्शनों से दूर रहने और लो-प्रोफाइल बने रहने की सलाह दी गई है। स्थानीय मीडिया पर नजर रखने, फोन चार्ज रखने, परिजनों से नियमित संपर्क बनाए रखने और रीयल-टाइम सुरक्षा अपडेट के लिए स्मार्ट ट्रैवलर एनरोलमेंट प्रोग्राम में पंजीकरण कराने को कहा गया है।



### ईरान ने सैन्य बेस पर तैनात की बैलिस्टिक मिसाइल

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने अपनी नवीनतम लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल खोर्रमशहर-4 को एक सैन्य अड्डे पर तैनात कर दिया है। यह मिसाइल आईआरजीसी एयरोस्पेस फोर्स द्वारा संचालित एक नए सैन्य स्थल के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शित की गई। खोर्रमशहर-4 की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर है और यह 1,500 किलोग्राम तक का वारहेड ले जाने में सक्षम है। आईआरजीसी के राजनीतिक मामलों के उप कमांडर ब्रिगेडियर जनरल यदोल्लाह जावानी ने कहा कि मिसाइल का प्रदर्शन अमेरिका को यह संदेश देने के लिए था कि ईरान अपनी रक्षा क्षमताओं से पीछे हटने का इरादा नहीं रखता।

### दोनों देशों में दूसरे दौर की वार्ता शुरू

**तेहरान।** ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच अप्रत्यक्ष परमाणु वार्ता का दूसरा चरण ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो गया है। ईरान की आधिकारिक संवाद समिति इरना ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पहले चरण में विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के नेतृत्व वाले ईरानी प्रतिनिधिमंडल ने अपनी योजना ओमान के विदेश मंत्री सैयद बद्र बिन हमद बिन हमूद अल्बुसैदी को दी। इसके बाद ओमानी विदेश मंत्री ने इस प्रस्ताव को अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के नेतृत्व वाली अमेरिकी वार्ता टीम तक पहुंचाया। दूसरे चरण में ईरान के प्रस्ताव पर अमेरिकी दल की प्रतिक्रिया ईरानी पक्ष को भेजी जाएगी।

## बांग्लादेश से भारत के संबंध अन्य देशों के रिश्तों से अलग

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को संसद को बताया कि बांग्लादेश के साथ भारत के संबंध अन्य देशों के साथ उसके संबंधों से अलग हैं और नई दिल्ली की नजर राष्ट्रीय हितों को प्रभावित करने वाले घटनाक्रमों पर बनी रहती है तथा उनकी रक्षा के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाते हैं। लोकसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में, विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक, स्थिर, शांतिपूर्ण, प्रगतिशील और समावेशी बांग्लादेश के लिए भारत के समर्थन के बारे में अंतरिम सरकार को सभी संबंधित वार्ताओं में जानकारी दी गई है। एक और प्रश्न के लिखित उत्तर में, मंत्री ने कहा कि वह पड़ोस में होने वाले घटनाक्रमों पर लगातार नजर रखती है। सिंह ने कहा, सरकार पड़ोसियों के साथ उसके संबंधों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है, जो बहुआयामी हैं और आपसी हितों, संवेदनशीलता और मौजूदा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय तथा वैश्विक परिस्थितियों के अनुसार विकसित होते हैं। विदेश मंत्रालय से पूछा गया था कि क्या भारत और बांग्लादेश के द्विपक्षीय संबंध वर्तमान में एक संवेदनशील दौर से गुजर रहे हैं और क्या पाकिस्तान इस स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, जो देश के लिए हानिकारक हो सकता है।

# रूस में सेना के खुफिया उपप्रमुख को मारी गोली

● अस्पताल में भर्ती, किसी ने नहीं ली हमले की जिम्मेदारी

मॉस्को, एजेंसी

रूस की राजधानी मॉस्को में एक अज्ञात हमलावर ने सैन्य खुफिया विभाग के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल व्लादिमीर एलेक्सेव को गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव (64) पर हमले की यह घटना रूस के कई वरिष्ठ सैन्य एवं खुफिया अधिकारियों की हत्या के बाद सामने आई है, जिनके लिए मॉस्को ने यूक्रेन को दोषी ठहराया है।

जांच समिति की प्रवक्ता स्वेतलाना पेत्रेंको ने एक बयान में कहा कि मॉस्को के उत्तर-पश्चिम में स्थित एक अपार्टमेंट में एक अज्ञात हमलावर ने लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की। उन्होंने बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव को कई गोलियां लगी हैं और उनका मॉस्को के एक अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। पेत्रेंको ने यह नहीं बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर हमले के पीछे किसका हाथ हो सकता है। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव साल 2011 से रूस की सैन्य खुफिया एजेंसी के प्रथम उप प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं। उन्हें सीरिया में मॉस्को के सैन्य अभियान में अहम भूमिका निभाने के लिए हीरो ऑफ रूस पदक से सम्मानित किया गया था। लेफ्टिनेंट जनरल एलेक्सेव पर गोलीबारी की यह घटना यूक्रेन में लगभग चार साल से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी, यूक्रेनी और अमेरिकी वार्ताकारों के बीच अबू धाबी में संपन्न दो दिवसीय वार्ता के एक दिन बाद हुई है।

### पहले भी हुए हैं सैन्य अफसरों पर हमले

रूसी अधिकारियों ने रूस में कई सैन्य अधिकारियों और सार्वजनिक हस्तियों की हत्याओं के लिए कीव को दोषी ठहराया है। यूक्रेन ने इनमें से कुछ हत्याओं की जिम्मेदारी भी ली है। पिछले साल दिसंबर में रूसी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ के परिचालन प्रशिक्षण निदेशालय के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल फानिल सरवरोव की एक कार बम हमले में मौत हो गई थी। इससे पहले, लेफ्टिनेंट जनरल यारोस्लाव और इगोर किरिलोव की कार बम हमले में मौत हो गई थी।

## अमेरिका ने पोलैंड संसद अध्यक्ष से तोड़े सभी संबंध

**वारसॉ।** पोलैंड में अमेरिका के राजदूत ने गुरुवार को घोषणा की कि अमेरिका इस यूरोपीय देश की संसद के निचले सदन के अध्यक्ष व्लोदिमीएर्ज चेर्जेस्टी के साथ अब आगे कोई लेन-देन, संपर्क या संवाद नहीं करेगा। राजदूत टॉम रोज ने यह कदम अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ अकारण दिए गए अपमानजनक बयान को लेकर उठाया है। हालांकि रोज ने यह स्पष्ट नहीं किया कि कथित अपमानजनक टिप्पणियां क्या थीं लेकिन चेर्जेस्टी ने सोमवार को एक सार्वजनिक बयान में कहा था कि वह इजराइल और अमेरिका के नेताओं की उस पहल का समर्थन नहीं करेंगे जिसमें ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित करने की बात थी।

## कामरा ने सहयोग पोर्टल के खिलाफ दायर की याचिका

● कॉमेडियन ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला बताया

मुंबई, एजेंसी

कॉमेडियन कुणाल कामरा ने सरकार के सहयोग पोर्टल के खिलाफ मुंबई उच्च न्यायालय का रुख कर इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर असंवैधानिक और अनुचित हमला बताया है, क्योंकि यह अधिकारियों को सोशल मीडिया सामग्री हटाने की अनुमति देता है। कॉमेडियन ने बुधवार को दायर अपनी याचिका में मुख्य रूप से आईटी (सूचना प्रौद्योगिकी) नियमों और सहयोग पोर्टल को चुनौती दी है। आईटी नियमों में अक्टूबर 2025 में संशोधन किया गया था।

उन्होंने दावा किया था कि पोर्टल केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अनिवार्य प्रक्रिया का पालन किये बिना, मनमाने ढंग से (सामग्री) हटाने या अवरुद्ध करने के आदेश जारी करने का गैरकानूनी रूप से अधिकार देता है। सरकार के अनुसार सहयोग को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत उपयुक्त सरकार या उसकी एजेंसी द्वारा मध्यस्थों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया को स्वचालित करने के लिए विकसित किया गया था, ताकि किसी भी गैरकानूनी कार्य को करने के लिए उपयोग की जा रही जानकारी, डेटा या संचार लिंक तक पहुंच को रोकने की सुविधा हो। पोर्टल का उद्देश्य सभी अधिकृत एजेंसियों और मध्यस्थों को एक मंच पर लाना है।

## मोदी के स्वागत पर नृत्य में रिकॉर्ड बनाने की तैयारी

**कुआलालंपुर।** मलेशिया में रहने वाले भारतीय समुदाय के लोग शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भव्य स्वागत कार्यक्रम के दौरान एक बड़े नृत्य प्रदर्शन के जरिए मलेशियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में 750 से ज्यादा कलाकार एक साथ नृत्य करेंगे। आयोजकों के मुताबिक, इसमें एक ही नृत्य प्रस्तुति में सबसे ज्यादा नर्तक होंगे, जो भारतीय समुदाय द्वारा किए जाने वाले भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य रूपों की एक भव्य प्रस्तुति को दिखाएंगे। यह प्रस्तुति सेलामत दतांग मोदी जी कार्यक्रम में होगी, जहां प्रधानमंत्री मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम भारतीय मूल के समुदाय को संबोधित करेंगे।

# शाह ने कठुआ सीमा पर सुरक्षा का लिया जायजा

● बीएसएफ के जवानों से बातचीत कर बढ़ाया उनका हौसला

जम्मू, एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के दो दिवसीय दौरे की शुरुआत करते हुए शुक्रवार को कठुआ में अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे अग्रिम क्षेत्रों में पहुंचे। गृह मंत्री ने हीरानगर सेक्टर में गुरनाम और बोबियां सीमा चौकियों का दौरा किया और सीमा की रक्षा कर रहे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बातचीत की।

शाह का यह दौरा सीमा पर बढ़ायी गई चौकसी के बीच हो रहा है, जिसका उद्देश्य आतंकवादियों की घुसपैठ और हथियारों व नशीले पदार्थों की तस्करी को रोकना है। साथ ही आतंकवाद रोधी अभियान भी तेज किए गए हैं, जिनमें पिछले दो हफ्तों में कठुआ, उधमपुर और किश्तवार जिलों में लगभग करीब 12 मुठभेड़ों में जैश-ए-मोहम्मद के चार पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए हैं। शाह गुरुवार देर रात जम्मू पहुंचे और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उनका स्वागत किया। कठुआ में गृह मंत्री ने बोबियां में सीमा रक्षकों के लिए छह कल्याणकारी योजनाओं का डिजिटल तरीके से उद्घाटन किया व आधारशिला रखी। शाह जम्मू के लोक भवन में एक सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

## गाजा शांति बोर्ड का मूल्यांकन कर रहा सिंगापुर

**सिंगापुर सिटी।** सिंगापुर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गाजा शांति बोर्ड में शामिल होने के प्रस्ताव का मूल्यांकन कर रहा है। यह जानकारी द स्ट्रेट्स टाइम्स अखबार ने सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के हवाले से गुरुवार को दी। रिपोर्ट में कहा गया कि संसद के पांच सदस्यों ने बालाकृष्णन से सिंगापुर को शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए अमेरिका द्वारा दिए गए स्थायी निमंत्रण के बारे में सवाल किया था। 16 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति बोर्ड के गठन की घोषणा की, जिसमें अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर, ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा आदि शामिल हैं।

## आज का भविष्यफल -पं.मनोज कुमार द्विवेदी

आज की ग्रह स्थिति : 7 फरवरी, शनिवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, षष्ठी 8 फरवरी 02.54 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पूर्व, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**- भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-चित्रा 8 फरवरी 02.28 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** - आज आपका मन प्रसन्न रहेगा। नए संपर्कों से आपको लाभ प्राप्त होगा। व्यवसाय में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। आपके विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास करेंगे। व्यस्तता के बावजूद कहीं घूमने के लिए जा सकते हैं।

**वृष** - आज प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को चिंता रहेगी। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिये। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। बड़े बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा।

**मिथुन** - आज अधीनस्थ कर्मचारियों का काफी अच्छा सहयोग मिलेगा। मौसम में बदलाव के कारण परेशानी हो सकती है। क्रोध को अपने ऊपर हावी न होने दें। अपने काम की गुणवत्ता में कमी न आने दें। प्रशासन के लोगों से आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है।

**कर्क** - आज कानूनी मामलों में आपको विजय प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संबंध बनेंगे। सरकारी कार्यों में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आपको बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ेगा। कोई बड़ी डील आपको मिल सकती है।

**सिंह** - आज व्यापार में आपको कुछ आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है। मानसिक शांति में कमी रहेगी। बातचीत के दौरान शब्दों का प्रयोग सावधानीपूर्वक करें।

**कन्या** - आज राजनीति से जुड़े लोगों की छवि बहुत अच्छी होगी। आप व्यवसाय के लिए लोन ले सकते हैं। परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। आपके सामाजिक दायरे में वृद्धि होगी। बच्चों और परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**तुला** - आज आपके काम अंतिम समय में खराब हो सकते हैं। भ्रमित करने वाले समाचारों से दूरी बनाकर रखें। अनावश्यक यात्रा हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर अचानक काफी दबाव बढ़ने वाला है। माता-पिता से बहसबाजी न करें।

**वृश्चिक** - आज बड़े भाई-बहनों से मनमुटाव हो सकता है। लोग आपके प्रति काफी अच्छा भाव रखेंगे। कारोबार में अचानक धन लाभ हो सकता है। सभी कार्य उत्साह से करेंगे। सुख के साधनों पर आप धन खर्च कर सकते हैं।

**धनु** - आज विनिर्माण के कार्यों से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है। सहकर्मियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। आपकी विचारधारा से अनेक लोग प्रभावित रहेंगे। कारोबार में बड़ा परिवर्तन कर सकते हैं। भाइयों के साथ संपत्ति विवाद हल होंगे।

**मकर** - आज आप रिश्तों को अच्छी तरह से निभाएंगे, लेकिन आपको दूसरी ओर से वैसा सहयोग पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलेगा। व्यापार में आपको अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। खर्च बढ़ने से आपके कुछ काम प्रभावित होंगे।

**कुंभ** - आज पुराने रोग उभर सकते हैं। महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी करना उचित नहीं है। मूल्यवान वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। पुरुष जातकों को महिलाओं के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। अपने पद का दुरुपयोग न करें।

**मीन** - आज का दिन आपके लिए आनंददायक रहने वाला है। अति उत्साह में काम बिगड़ सकते हैं। भूमि-संपत्ति को लेकर होने वाले विवादों का निपटारा होगा। मित्रों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी।

## सुडोकू -54

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 7 | | 6 | 8 | |
| 3 | | 2 | 4 | | | | | 9 |
| | | | 5 | | 1 | | 7 | |
| | 9 | | | 2 | | 4 | | |
| 7 | | | | | | | | 5 |
| | | 8 | | 9 | | | 2 | |
| | 5 | | 8 | | 3 | | | |
| 4 | 6 | | | | | 9 | | 8 |
| | | 7 | | 4 | | | 1 | |

### सुडोकू - 53 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 3 | 5 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 5 |
| 6 | 1 | 8 | 7 | 4 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 6 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 | 9 | 7 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 7 | 1 | 6 | 2 |
| 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 |



> भारत निश्चित तौर पर प्रबल टी-20 विश्व कप का दावेदार है और हर कोई इसे मानेगा। लेकिन टी20 क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। किसी भी दिन विपक्षी टीम के दो सुपरस्टार खिलाड़ी आपको हरा सकते हैं।
>
> –केविन पीटरसन


# स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 7 फरवरी 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com




वैभव सूर्यवंशी।

# वैभव सूर्यवंशी ने फाइनल में रचा इतिहास

## अंडर-19 विश्व कप : सिर्फ 55 गेंदों पर ठोका सैकड़ा, 175 रनों के साथ सर्वोच्च स्कोरर भी बने

**हरारे, एजेंसी**

चौदह साल के सूर्यवंशी ने महज 55 गेंद में तीन अंक का आंकड़ा छूकर इस टूर्नामेंट में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में किसी खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर का रिकॉर्ड है और टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में यह टीम का सबसे बड़ा स्कोर भी है।

सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए जिसमें 15 छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। इस पारी के दौरान उन्होंने विपक्षी टीम के गेंदबाजों की पूरी तरह से धज्जियां उड़ा दी। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी के नाम अब अंडर-19 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन (71 गेंद में) बनाने का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने टूर्नामेंट में पहले इसी मैदान पर इंग्लैंड के बेन मेयेस के रिकॉर्ड को बेहतर बनाया जिन्होंने 98 गेंद में 150 रन बनाए थे। सूर्यवंशी के दबदबे का अंदाजा इससे ही लग जाता है कि उनके 100 से 150 रन तक पहुंचने के दौरान दूसरे छोर पर खड़े वेदांत त्रिवेदी ने सिर्फ चार गेंदों का सामना किया। सूर्यवंशी की बल्लेबाजी इतनी जबरदस्त थी कि आधे मैच तक भारत का रन रेट लगभग 10 था और उस चरण पर टीम का अनुमानित स्कोर 500 था।

बिहार के समस्तीपुर का यह खिलाड़ी दो घंटे से भी कम समय में क्रिकेट की दुनिया को हैरान करने के बाद 26वें ओवर में मैनी लम्सडेन की शॉर्ट गेंद को स्कूप करने की कोशिश में आउट हो गया। विकेटकीपर थॉमस रियू ने उनका कैच लपका। इंग्लैंड के खिलाड़ी सूर्यवंशी को ऐसी पारी पर बधाई देने के लिए उनकी ओर दौड़े जो विश्व कप फाइनल में अक्सर देखने को नहीं मिलती। सूर्यवंशी ने अपने कप्तान आयुष म्हात्रे (51 गेंद में 53 रन) के साथ सिर्फ 19 ओवर में 142 रन बनाए। म्हात्रे अपना अर्धशतक पूरा करने के तुरंत बाद आउट हो गए। सूर्यवंशी ने अकेले इसी चरण में 22 छक्के लगा दिए और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2022 में 18 छक्कों का रिकॉर्ड बनाया था।

सूर्यवंशी इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र के शतक लगाने वाले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड के सभी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की लेकिन बाएं हाथ के स्पिनर राल्फी अल्बर्ट और ऑफ-स्पिनर फरहाद अहमद पर क्रमशः 27 और 22 रन बनाए। उनके आउट होने के बाद अभिज्ञान कुंडू (31 गेंद में 40 रन), वेदांत त्रिवेदी (36 गेंद में 32 रन), विहान मल्होत्रा (36 गेंद में 30 रन) और कनिष्क चौहान (20 गेंद में नाबाद 37 रन) ने योगदान दिया। भारत 400 रन के पार पहुंचकर जीत का प्रबल दावेदार बन गया था और उनके गेंदबाजों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। कुछ हद तक यह उपलब्धि अतीत की विश्व स्तरीय भारतीय अंडर-19 टीम के कारनामों से मिलती-जुलती थी जिसमें कोहली और रोहित जैसे खिलाड़ी शामिल थे।


जीत का जश्न मनाती भारतीय टीम। एजेंसी

### भारत

**411/9** (50 ओवर)

| | |
|---|---|
| आरोन जॉर्ज का मेयेस बो ग्रीन | 09 |
| सूर्यवंशी का रियू बो लम्सडेन | 175 |
| आयुष म्हात्रे का मेयेस बो ग्रीन | 53 |
| वेदांत त्रिवेदी का मेयेस बो मिंटो | 32 |
| विहान का डॉकिन्स बो मिंटो | 30 |
| कुंडू का अलबर्ट बो मोर्गन | 40 |
| आरएस अंबरीश बो मिंटो | 18 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 |
| खिलन पटेल का मूर्स बो मोर्गन | 03 |
| हेनिल पटेल रन आउट | 05 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0

### सूर्यवंशी ने 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' स्टाफ को समर्पित किया

युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने शुक्रवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ अंडर-19 विश्व कप फाइनल में शानदार पारी खेलने के बाद मिला 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' पुरस्कार भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ को समर्पित किया। सूर्यवंशी अंडर-19 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द फाइनल' और 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' दोनों पुरस्कार जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी ने 80 गेंद में 175 रन की तूफानी पारी खेलकर बड़े मंच पर धमाल मचाया और भारत को इंग्लैंड पर 100 रन की जीत के साथ रिकॉर्ड छठा खिताब दिलाया। पुरस्कार वितरण समारोह में सहयोगी स्टाफ के योगदान को सराहा।

## हाईलाइट

### रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का तरीका हो सकता है : नेत्रवलकर

**मुंबई।** पिछले टी20 विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत के नायक और भारत के खिलाफ दो अहम विकेट चटकाने वाले अमेरिका की टीम के खिलाड़ी सौरव नेत्रवलकर का मानना है कि भारतीय उपमहाद्वीप में खेलते समय रक्षात्मक खेल ही आक्रमण का सबसे अच्छा तरीका हो सकता है। अमेरिका की टीम शनिवार से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। नेत्रवलकर मुंबई के उन तीन खिलाड़ियों में से एक होंगे जो भारत के खिलाफ अमेरिका के लिए मैदान पर उतर सकते हैं। नेत्रवलकर वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय सरजमीं पर अपने पहले मैच के लिए तैयार हैं, लेकिन चुनौतियों से भी वाकिफ हैं।

### अभ्यास मैच में इटली ने यूएई को हराया

**चेन्नई।** एंथनी मोस्का (56) और जस्टिन मोस्का (48) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत इटली ने शुक्रवार को विश्वकप से पहले खेले गये अभ्यास मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को 112 रनों से शिकस्त दी। आज यहां टॉस हारने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी इटली ने 20 ओवर में सात विकेट पर 193 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने के बाद यूएई को सिर्फ 81 रन पर समेट कर 112 रन की बड़ी जीत दर्ज की।

### मुंबई पर कर्नाटक ने बनाया दबदबा

**मुंबई।** प्रसिद्ध कृष्णा, विद्वथ कावेरप्पा और श्रेयस गोपाल की शानदार गेंदबाजी के बाद मयंक अग्रवाल की नाबाद अर्धशतकीय पारी से कर्नाटक ने शुक्रवार को यहां रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। मुंबई का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय उल्टा पड़ गया क्योंकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध (21 रन पर तीन विकेट) और कावेरप्पा (38 रन पर तीन विकेट) तथा लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (चार रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई को 48.1 ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होते समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए। वह मुंबई से अब सिर्फ 10 रन पीछे हैं और उसके आठ विकेट बचे है। अन्य मध्यप्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को 194 रनों पर समेट दिया। कुलदीप सेन ने पांच विकेट लिए।

# ताबड़तोड़ क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का प्रबलतम दावेदार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**टी-20 विश्व कप आज से**

- भारत और श्रीलंका में संयुक्त रूप से हो रहा आयोजन
- पहली बार टी-20 विश्व कप में भाग ले रहीं 20 टीमें
- फुटबॉल प्रेम के लिए मशहूर इटली भी पेश करेगा चुनौती
- अमेरिकी टीम में भारत, श्रीलंका और पाकिस्तान के कई खिलाड़ी

क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले चर्चा खिलाड़ियों या खेल की नहीं बल्कि मैदान से बाहर की गतिविधियों की ही रही है और शायद राजनीति का इतना असर किसी विश्व कप पर पहले देखने में आया हो। भारत और श्रीलंका में शनिवार से टी-20 विश्व कप शुरू हो रहा है। जिसमें सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली गत चैम्पियन भारतीय टीम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार है। लेकिन चर्चा खिलाड़ियों या प्रबल दावेदारों पर हो कहां रही है।

खेल की राजनीति या राजनीति में खेल का ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला है। भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से इनकार पर बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वहीं, अपने पड़ोसी के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया। दोनों देशों ने इस संकट के लिए भारत को कसूरवार ठहराया, जिसकी शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर हुई।


अभ्यास सत्र के दौरान कप्तान सूर्यकुमार यादव (दाएं) व अर्शदीप सिंह। एजेंसी

### नजरें अमेरिका पर शानदार जीत के साथ आगाज पर

**मुंबई।** सितारों से सजी भारतीय टीम टी20 विश्व कप में शनिवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी, तो खिताब बरकरार रखने वाली पहली टीम बनने का इरादा होगा। टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के दो मजबूत स्तंभ विराट कोहली और रोहित शर्मा भले ही इस प्रारूप से विदा ले चुके हों लेकिन भारतीय टीम बहुत मजबूत है।

**टीम : भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), ईशान किशन, सैमसन, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, वाशिंगटन सुंदर, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वरुण चक्रवर्ती।

**अमेरिका :** मोनांक पटेल (कप्तान), आंद्रिस गौस, साइतेजा एम, शायन जहांगीर, हरमीत सिंह, शेहान जयसूर्या, संजय कृष्णमूर्ति, मिलिंद कुमार, मोहम्मद मोहसिन, शुभम रंजने, शाडले वान शाकविक, अली खान, जसदीप सिंह, नोस्तुश केंजिगे, सौरभ नेत्रवलकर।

### आज के मैच

| टीम | समय |
|---|---|
| नीदरलैंड्स-पाकिस्तान | सुबह 11 बजे |
| स्काटलैंड-वेस्टइंडीज | दोपहर 3 बजे |
| भारत-अमेरिका | शाम 7 बजे |

### राणा चोट के कारण बाहर, मो. सिराज को मिली जगह

**मुंबई।** युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अभ्यास मैच में घुटने की चोट के कारण शुक्रवार को टी20 विश्व कप से बाहर होना पड़ा और सूत्रों के मुताबिक उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया गया है।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले स्वीकार किया था कि इस 24 साल के गेंदबाज की स्थिति अच्छी नहीं लग रही। बीसीसीआई के सूत्रों के अनुसार राणा की जगह टीम में साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को शामिल किया गया है। सूर्यकुमार की बातों से पहले ही लगा कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के पसंदीदा खिलाड़ियों में शामिल इस गेंदबाज के लिए समय पर ठीक होना मुश्किल है। सूर्यकुमार ने शुक्रवार को मैच पूर्व संवाददाता सम्मेलन में कहा राणा का हमारे फिजियो उनका आकलन कर रहे हैं, लेकिन चोट की स्थिति अच्छी नहीं लग रही है।


कोलकाता में स्कॉटलैंड के खिलाफ मैच की तैयारी करते वेस्टइंडीज के खिलाड़ी। एजेंसी

# बांग्लादेश से सहानुभूति, पर स्कॉटलैंड खेलने का हकदार

**कोलकाता, एजेंसी**

- स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने कहा- हमारी टीम ने विश्व कप के लिए की है बहुत मेहनत

स्कॉटलैंड के स्पिन गेंदबाज मार्क वाट ने शुक्रवार को कहा कि वह बांग्लादेश खिलाड़ियों के लिए सहानुभूति रखते हैं लेकिन आखिरी समय में टूर्नामेंट में शामिल की गई स्कॉटलैंड टीम अपनी जगह की पूरी हकदार थी।

बांग्लादेश की टीम भारत में नहीं खेलने के अपने सरकार के रुख के कारण टी20 विश्व कप में हिस्सा नहीं ले सकी। वाट ने कहा कि बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है, लेकिन स्कॉटलैंड ने कड़ी मेहनत की है और उसे वैश्विक प्रतियोगिता में खेलने का पूरा अधिकार मिला है। स्कॉटलैंड शनिवार को ईडन गार्डन्स में ग्रुप सी के मुकाबले में वेस्टइंडीज से भिड़ेगा। टीम की कोशिश जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने की होगी। आईसीसी द्वारा बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किए जाने के बाद स्कॉटलैंड को अंतिम समय में प्रतियोगिता में शामिल किया गया था। उन्होंने कहा हमें बांग्लादेश के खिलाड़ियों के लिए बहुत दुख है पर हमें पूरा विश्वास है कि हमें यहां होना चाहिए।

# महिला टीम खिताब बचाने में रही नाकाम

**बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप**

**किंगदाओ, एजेंसी**

- पुरुष टीम को कोरिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा

भारत की महिला टीम का खिताब बचाने का सफर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीन की दूसरे दर्जे की टीम से मिली 0-3 की हार के बाद निराशाजनक तरीके से खत्म हो गया जबकि पुरुष टीम को कोरिया से 1-3 से हार मिली।

भारतीय महिला टीम ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था लेकिन इस बार पी वी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा। टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9 . 21, 9 . 21 से हार गई ।

विश्व जूनियर चैम्पियनशिप रजत पदक विजेता 17 वर्ष की तन्वी चीनी खिलाड़ी की रफ्तार का सामना नहीं कर सकी । गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22 . 24, 18 . 21 से पराजय का सामना करना पड़ा ।

पहले गेम में 10 . 16 से पिछड़ने के बाद भारतीय जोड़ी ने वापसी करके बराबरी की लेकिन करीबी मुकाबले में पहला गेम गंवा दिया । दूसरे गेम में एक समय भारतीय जोड़ी के पास 13 . 10 की बढत थी लेकिन फिर लगातार अंक गंवाकर चीनी जोड़ी को जीत सौंप दी ।

### रुद्रांक्ष पाटिल ने एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल ने शुक्रवार को यहां एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि ओलंपियन अर्जुन बबूता ने दूसरा स्थान हासिल किया जिससे भारत का प्रदर्शन दमदार रहा। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा और गगन नारंग के बाद देश से उभरते हुए बेहतरीन राइफल निशानेबाजों में से एक रुद्रांक्ष ने फाइनल में शानदार 251.9 का स्कोर किया और हमवतन बबूता (250.7) की चुनौती को पीछे छोड़ते हुए दबदबा बनाया। इस जोड़ी ने विशाल सिंह के साथ मिलकर भारत को इस स्पर्धा में टीम स्वर्ण पदक भी दिलाया। बाईस साल के रुद्रांक्ष को देश के लिए कोटा स्थान हासिल करने के बावजूद पेरिस ओलंपिक से चूकने की निराशा झेलनी पड़ी थी।

**डेविस कप क्वालीफायर** | **पहले दौर में नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबला आज से**

# दक्षिणेश्वर सुरेश को रास आएगा तेज कोर्ट

**बेंगलुरु, एजेंसी**

मेजबान भारत डेविस कप क्वालीफायर पहले दौर के मुकाबले में शनिवार को नीदरलैंड्स से खेलेगा तो बेंगलुरु के तेज कोर्ट भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल की बजाय दक्षिणेश्वर सुरेश को अधिक रास आएंगे। नागल कूल्हे की चोट के कारण बाहर हैं जिसके कारण भारत की उम्मीदें दक्षिणेश्वर की टिकी है। इस कोर्ट पर आक्रामक शॉट्स खेलने वाले खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे और दक्षिणेश्वर को इसमें महारत हासिल है।

नागल तेजी से ठीक हो रहे हैं और अभ्यास के दौरान सहज दिखे लेकिन उनकी मैच फिटनेस के बारे में अभी कुछ कहना मुश्किल है। तेज रफ्तार वाले कोर्ट पर अगर मैच लंबी रेलियों में जाता है तो नागल की मूवमेंट और दमखम की परीक्षा हो सकती है। वैसे वह यहां बेंगलुरू ओपन और डब्ल्यूटीएल खेल चुके हैं लिहाजा हालात से वाकिफ हैं। दक्षिणेश्वर पिछले साल स्विटजरलैंड में अहम एकल मुकाबला जीते थे जिससे भारत ने विदेशी धरती पर ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। उन्होंने पहला मुकाबला जीतकर लय बनाई थी जिसके बाद नागल ने दूसरा मैच जीता । नीदरलैंड के खिलाड़ियों को भी तेज कोर्ट रास आते हैं और उसके खिलाड़ी इस तरह के हालात में खेलने के अभ्यस्त हैं। शीर्ष एकल खिलाड़ी टालोन ग्रीकस्पूर (विश्व रैंकिंग 29) और बोटिच वान डे जैंडशल्प (67) की कमी हालांकि उसे खलेगी । ऐसे में भारत के लिये बराबरी का मौका रहेगा।


बाएं से, नीदरलैंड्स के सैंडर एरेंड्स, डेविड पेल, मैक्स हाउकेस, गाइ डेन ओडेन, जेस्पर डे जोंग और पॉल हारहुइस, भारत के कप्तान रोहित राजपाल, सुमित नागल, करण सिंह, दक्षिणेश्वर सुरेश, युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी। एजेंसी

### नीदरलैंड्स की अगुआई कर रहे जोंग

नीदरलैंड्स टीम की अगुवाई 88वीं रैंकिंग वाले जेस्पर डे जोंग कर रहे हैं जिन्होंने शीर्ष 30 में शामिल खिलाड़ियों को हराया है। वहीं 162वीं रैंकिंग वाले गाय डेन ओडेन डेविस कप में पदार्पण कर रहे हैं जिन्हें इस स्तर पर खेलने का अनुभव नहीं है। युगल में युकी भांबरी की वापसी से भारतीय टीम मजबूत हुई है चूंकि उनके पास गहराई और अनुभव है। भांबरी युगल में एन श्रीराम बालाजी के साथ खेलेंगे जो रित्विक बोल्लिपल्ली की जगह खेल रहे हैं। उनका सामना सांड्रे एरेंड्स और डेविड पेल से होगा। इसमें हारने वाली टीम सितंबर में विश्व ग्रुप वन में लौटेगी जबकि विजेता टीम क्वालीफायर्स के दूसरे दौर में पहुंचेगी ।